जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 30 जुलाई, 2023


# धन्यवाद राजस्थान!

## 50% बिका केडिया सेजस्थान आप कब खरीदेंगे श्रीमान ?

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

## 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL



1.5 गुना रिटर्न

POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप कीमत (लाख में) | आज की रेट | अगस्त की रेट +5% | सितम्बर की रेट +10% | अक्टूबर की रेट +15% | नवम्बर की रेट +20% | दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323
info@kedia.com  www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**शास्त्र पढ़कर भी लोग मूर्ख होते हैं, किन्तु जो उसके अनुसार आचरण करता है वो ही वस्तुतः विद्वान है। –अज्ञात**

# त्रिदोषशामक आयुर्वेद चिकित्सा पर एक सामयिक दृष्टि

आयुर्वेद आयु का समग्र विज्ञान है जिसमें स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा एवं बीमार व्यक्ति की बीमारी को दूर करने के संबंध में महत्वपूर्ण और मूलभूत सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं। अगर हम सिद्धान्त शब्द को व्यापक अर्थों में देखते हैं तो आयुर्वेद की तीन मूलभूत संहिताओं में कम से कम 3 हजार से अधिक स्पष्ट दिशा–निर्देश उपलब्ध हैं। इन दिशा–निर्देशों या सिद्धांतों के प्रतिपादन का कार्यकाल कम से कम आठवी या नौवीं शताब्दी ईसा–पूर्व से लेकर सातवीं शताब्दी ईसवी तक विस्तीर्ण है। इन निर्देशों में कुछ ऐसे निर्देशों जिनका सर्वाधिक उपयोग होता है, या जो एक से अधिक परिस्थितियों में लागू होते हैं, उनकी संख्या ही सैकड़ों में है। ये सभी सिद्धान्त आयुर्वेद की मूल आत्मा कहे जा सकते हैं और पिछले तीन हजार साल से इनका अनवरत उपयोग आयुर्वेदाचार्यों द्वारा होता आया है।

मूलभूत सिद्धान्त आज भी यथावत उपयोगी हैं, किन्तु हमें ज्ञान की अनंतता को नहीं भूलना चाहिये। ज्ञान की सीमायें अनन्त हैं। विगत 100 वर्षो में ही आयुर्वेद या उससे जुड़ी वनस्पतियों, द्रव्यों, चिकित्सा, रसायन और सिद्धांतों पर लगभग एक लाख से अधिक शोधपत्र तो वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित जर्नल्स में ही प्रकाशित हो जा चुके हैं। इसके साथ ही युक्ति–व्यपाश्रय, दैव–व्यपाश्रय एवं सत्वावजय के अर्न्तगत आने वाले विषयों और सिद्धांतों को भी सम्मिलित कर लें तो शोधपत्रों की संख्या कई लाख में बैठती है। स्वाभाविक है कि तीन हजार साल की लम्बी यात्रा में ज्ञान के नये आयाम भी विकसित हुये हैं। नवीन वैज्ञानिक शोध के साथ ही आयुर्वेदाचार्यों द्वारा पीढ़ियों से अर्जित किया जा रहा अनुभवजन्य ज्ञान भी जुड़ा है, जिससे आयुर्वेद सुदृढ़ हुआ है। आयुर्वेद में ज्ञान के उत्पादन की इस लम्बी यात्रा में कुछ ऐसे सिद्धान्त या निर्देश भी जुड़ सकने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, जिनका उल्लेख मूलभूत संहिताओं में भले स्पष्ट रूप से न हो परन्तु समकालीन आयुर्वेद चिकित्सा में इनका महत्वपूर्ण स्थान हो सकता है। आज की चर्चा आयुर्वेद के मौलिक सिद्धांतों में हो रहे नवाचार या नवाचारी सिद्धांतों पर केन्द्रित है। यहाँ प्रारंभ में ही यह स्पष्ट करना उपयोगी होगा कि आयुर्वेदाचार्य इन मसलों को विवाद का विषय कह सकते हैं, परन्तु मेरे विचार से समकालीन विश्व में आयुर्वेद को पूर्णरूपेण प्रतिष्ठापित करने में इस विचार–विमर्श का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

सर्वप्रथम आयुर्विज्ञान की समग्रता का सिद्धांत देखना उपयोगी होगा। मेरा व्यक्तिगत रूप से यह मानना है कि समाज, देश और विश्व का स्वास्थ्य आज इस बात पर निर्भर करता है हम विविध चिकित्सा पद्धतियों को देख और समझ कर, आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों के प्रकाश में विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण रखते हुये, समकालीन आयुर्वेद चिकित्सा कार्यों में उनका सामंजस्य बैठायें। नवाचारी एवं त्वरित रूप से प्रभावी आयुर्वेद चिकित्सा हेतु मूल संहिताओं, वैज्ञानिक शोध एवं पीढ़ियों से जुड़ रहे अनुभवजन्य ज्ञान का परीक्षण और प्रमाण–आधारित निर्णय समकालीन आयुर्वेद चिकित्सा के लिये अनिवार्य है। इसे आयुर्विज्ञान की समग्रता का सिद्धांत कहा जा सकता है।

दूसरा विषय वैज्ञानिक प्रसंस्करण द्वारा औषधि–प्रभावकारिता–वृद्धि का सिद्धांत कहा जा सकता है। आधुनिक वैज्ञानिक शोध से अनेक आयुर्वेद औषधियों में उपलब्ध सेकेंडरी मेटाबोलाइटस (माध्यमिक चयापचयी द्रव्यों) के विविध संयोगों को बेहतर रूप से जाना और समझा जा सका है। संहिताओं में समान रोग के लिये अनेक द्रव्यों या योगों का वर्णन है। इन योगों में प्राय: सभी प्रभावी भी पाये गये हैं, तथापि किसी विशेष औषधि या योग की, किसी रोग विशेष के विरुद्ध, तुलनात्मक प्रभाविता को अब और बेहतर रूप में समझा जा सका है। यह प्रभाविकता पौधों में सेकेंडरी मेटाबोलाइटस की अनुपातिक मात्रा पर निर्भर करती है। इसके साथ ही कुछ औषधीय पादपों में ऐसे विशिष् मोलीक्यूल्स की खोज भी हुई है, जो किसी प्रजाति विशेष में विशिष्ट औषधीय गुणों के लिए मूल रूप से उपयोगी हैं। शोध से इन मेटाबोलाइटस की समुचित मात्रा जो किसी रोग विशेष एवं व्यक्ति विशेष के लिये कारगर हो सकती है, उस पर भी शोध हुआ है। प्रभावोत्पादकता एवं सुरक्षा के मध्य तालमेल करते हुये शोध से विकसित एवं घनीभूत औषधियां रोगों को ठीक करने में शीघ्रतापूर्वक प्रभावी भी पायी गयी हैं। इनमें जल–घुलनशील एक्सट्रैक्ट, अल्कोहल–घुलनशील एक्सट्रैक्ट या वसा में घुलनशील एक्सट्रैक्ट प्रमुख हैं। इनमें औषधि–विशेष में आज तक ज्ञात सेकेंडरी मेटाबोलाइटस का फुल–स्पेक्ट्रम एक्सट्रैक्ट या घनीभूत द्रव्य चिकित्सा में बहुत उपयोगी और अधिक प्रभावी होता है। यही कारण है कि आज फुल–स्पेक्ट्रम एक्सट्रैक्ट वाली औषधियों का बाज़ार में बोलबाला बढ़ता जा रहा है और आयुर्वेदाचार्यों द्वारा चिकित्सा में इनका अधिकाधिक उपयोग हो रहा है।

**ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन में कमी आते ही रोग-शमनकारी योग अधिक प्रभावी और त्वरित कार्य करते हैं। यही कारण है कि रोग शमन हेतु किसी भी निर्दिष्ट योग की पूर्ण फलश्रुति या परिणाम, रसायन योगों को साथ में दिये बिना समकालीन सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों में मिलना संभव नहीं होता।**

तीसरे, चौथे और पांचवे मुख्य सिद्धांतों को एक साथ समझना उपयोगी होगा। मैं इन्हें त्रिदोष–भड़काऊ जीवनशैली का सिद्धांत, त्रिदोष–भड़काऊ काल का सिद्धांत और त्रिदोष–शामक रसायन–प्रभाव का सिद्धांत कहता हूँ। हालाँकि, आयुर्वेद की संहिताओं में रसायन चिकित्सा का मूल उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा है। तथापि, समकालीन समाज में शायद ही ऐसा कोई संदर्भ–पुरुष मिल सके जिसके दोष, अग्नि, घातुयें, उत्सर्जन क्रियायें सम हों और आत्मा, इंद्रियाँ व मन निर्विकार हो। वस्तुत: हर व्यक्ति एक से अधिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है।

बुरा मानिये या भला, वास्तविकता यह है कि आज वे पुरुष या महिलायें विरले ही मिलते हैं जिनकी दिनचर्या, रात्रिचर्या या ऋतुचर्या, वास्तव में प्रज्ञापराध या असात्म्येन्द्रियार्थ संयोग से मुक्त हो (अगर आप उनमें से एक हैं तो आप हमारी शोध का विषय हैं)। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में वात, पित्त और कफ तो दिन–रात भड़कते रहते हैं। ऐसी स्थिति में यदि दोष–आधारित चिकित्सा प्रारंभ भी करें तो भी निदान–परिवर्जन, अर्थात रोग का कारण समाप्त करना, मुश्किल हो जाता है। हमारा काल आहार–विहार के सत्यानाश का काल हो रहा है। ऐसे समय में जब रोग होने के बाद भी रोगोत्पत्ति के मूल कारणों से मुक्ति पा सकने की दिशा में नहीं बढ़ पा रहें हों, तब सर्वदोषप्रकोपक स्थिति सामने ही है। इसे आप त्रिदोष–भड़काऊ जीवनशैली का सिद्धांत और त्रिदोष–भड़काऊ काल का सिद्धांत कह सकते हैं।

ऐसी परिस्थितियों में, स्वस्थ हो रहे रोगी के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु रसायन प्रयोग एवं रोग–निवारण हेतु चिकित्सा एक साथ किया जाना अनिवार्य है। इस सिद्धान्त के अनुसार रोग को ठीक करने के लिये युक्ति–व्याश्रपयी आयुर्वेदाचार्य द्वारा कितना भी सटीक योग क्यों न तय किया जाये, वह तब तक शीघ्र–प्रभावोत्पादक एवं श्रेष्ठ फलदायी नहीं रहेगा जब तक कि रसायन योगों को साथ–साथ नहीं दिया जाये। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आज कोई भी औषधि–पत्रक रसायन–विहीन नहीं हो सकता है। आधुनिक वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो जहाँ एक ओर औषधि रोग–शमन में मदद करती है, वहीं रसायन ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन को कम करते हैं। ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन में कमी आते ही रोग–शमनकारी योग अधिक प्रभावी और त्वरित कार्य करते हैं। यही कारण है कि रोग शमन हेतु किसी भी निर्दिष्ट योग की पूर्ण फलश्रुति या परिणाम, रसायन योगों को साथ में दिये बिना समकालीन सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों में मिलना संभव नहीं होता। एनी शब्दों में देखें तो त्रिदोष शामक चिकित्सा का सिद्धान्त यह स्पष्ट करता है कि त्रिदोष–भड़काऊ काल में रह रहे लोगों, जिनके आहार–विहार, स्वस्थवृत्त व सद्वृत्त का घालमेल हो गया हो, या पूरी तरह दरकिनार हो चुका हो, उनके त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) अस्त व्यस्त ही रहते हैं। अत: आज आयुर्वेद की त्रिदोष–शामक चिकित्सा ही पूर्ण–प्रभावकारी एवं शीघ्र–फलदायी हो सकती है।

आज की इस चर्चा का हमारे जीवन में महत्त्व क्या है? व्यक्तिगत स्तर पर हमें यह ध्यान रखना होगा कि हम आयुर्वेद और आयुर्वेदाचार्यों की मदद से स्वस्थ बने रहने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ें। स्वस्थ जीवनशैली औषधि (हेल्दी लाइफस्टाइल मेडिसिन) का प्रतिदिन उपयोग करें। वसा और शर्करा के माध्यम से कुल ऊर्जा–प्राप्ति में कमी लाना, भोजन में फल, सब्जियों, फलियों, साबुत अनाज और सूखे मेवे बढ़ाना, नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियों, व्यायाम, योग, ध्यान आदि में शामिल होने को प्राथमिकता दें। व्यसन–मुक्त जीवन, संतुलित भोजन, शांत जगह में रात्रि की नींद, व्यायाम और सद्भावना को जीवनयापन का अंग बनायें। और अंत में आयुर्वेदाचार्यों से आग्रह है कि वे हर रोगी के रोग–शमन में त्रिदोष–शामक रसायन चिकित्सा की सार्थकता पर धनात्मक दृष्टिकोण से विचार और क्रियान्वयन करें। साथ ही उनसे आग्रह यह भी है कि अपने प्रमाण–आधार को समग्रता प्रदान करते हुये आहार, निद्रा, व्यायाम, व सदवृत्त के युक्तियुक्त संयोजन को चिकित्सा–पत्रक का अंग बनाने पर भी ध्यान दें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवा निवृत्त व वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# महाराष्ट्र के कतकरी कत्था बनाने में निपुण होने के कारण राजस्थान में कथौड़ी कहलाए



पन्नालाल मेघवाल

राजस्थान की कथौड़ी जनजाति महाराष्ट्र में कतकरी नाम से जानी जाती है। उनकी सर्वाधिक जनसंख्या महाराष्ट्र राज्य के कोलाबा, थाना, नासिक, पूना और खानदेश जिलों में हैं। इनको दो उप समूहों ढोर कथौडी और सोन कथौडी में बंटे देखा जा सकता है। वेलिंग ए. एन. ने अपनी पुस्तक द कतकरीज में लिखा है कि "कतकरी वनवासी है, जिनके पास ना तो स्वयं की कोई जमीन है और ना ही कोई निश्चित परंपरागत व्यवसाय है। वे मूल रूप से शिकारी, कोयला बनाने वाले, वन उत्पाद इकट्ठा कर बेचने वाले, बहते पानी से मछली पकड़ने वाले तथा कभी–कभी कृषि एवं कृषक मजदूरी करने वाले हैं। कतकरी अब भी अपनी आदिम समाज की विशेषताओं के प्रतीक हैं। कथौडी आज भी दीन–हीन तथा सर्वाधिक पिछड़ी अवस्था में जी रहे हैं।"

मूलत: कथौड़ी या कतकरी कत्था बनाने में विशेषज्ञ रहे हैं। जंगल में खेर के पेड़ के तने से निकलने वाला गाढ़ा भूरे रंग का पदार्थ ही कत्था है। कथौड़ी और कतकरी दोनों शब्दों का उद्गम मराठी भाषा के शब्द कत या कथ से बना है इसे कटेचू भी कहते हैं। जबकि कथोडिया शब्द कथौड़ी का गुजराती रूपांतरण है और गुजरात राज्य में इसका पर्याप्त प्रयोग किया जाता है।

शेरिंग एम. ए. ने कथौडी और कतकरी जनजाति का अपनी पुस्तक में वर्णन किया है कि "कथौडी मूल आदिम प्रजाति के हैं जो उत्तरी कोंकण के पहाड़ों और जंगलों में रहते रहे हैं। इन्हें मैला भील के रूप में भी जाना जाता है। वे जलाने की लकड़ी, कोयला और शहद बेचते हैं। वे श्रम करने को हमेशा तैयार रहते हैं। क्षेत्रीय जनजाति समाज में उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा सबसे निम्न है और उन्हें गांव के अंदर रहने की अनुमति नहीं होती है। कतकरी कत्थे का निर्माण करते हैं, जिसे खेर के पेड़ से निकाला जाता है। वे बिना किसी कारण के काम छोड़ कर चले जाते हैं और कई बार मजदूरी भी छोड़ जाते हैं।"

पूना गजेटियर के अनुसार "कतकरी हवेली, मावल, जूनार, खेड़ और पूना में देखे जा सकते हैं। वे यहां के निवासी नहीं है, कोंकण से आए हैं। मानसून का मौसम कोंकण में गुजारते हैं लेकिन अक्टूबर से मई तक यहां श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं। ये पश्चिमी भारत की असभ्य एवं निर्धनतम जनजाति से हैं।" निश्चय ही कथौड़ी या कतकरी जनजाति अपने मूल स्वरूप में खानाबदोश रही है और इसका कारण इनकी निर्धनता की निम्नतम परिस्थितियां हैं।

यह जनजाति पहाड़ों और जंगलों में निवास करती रही है। इनकी गरीबी ने ही इन्हें खानाबदोश बनाया है। ये किसी भी श्रम कार्य के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। कत्था उत्पादन में यह निष्णात हैं। भारत के पुराने गजेटियर के अनुसार कथौड़ी–कतकरी पुरानी आदिम जनजातियों में से एक हैं।

**–पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार**

# मालपुरा में नहीं निकले ताजिये, कावड़ यात्रा को लेकर भी बना संशय

**मालपुरा में प्रशासन द्वारा धार्मिक जुलूस व यात्राओं के मार्ग बदलने से लुप्त हो रही त्योहारों की खुशियां**

**मालपुरा, (निसं)।** अतिसंवेदनशील मालपुरा शहर में आजादी के बाद से कई बार उपजे साम्प्रदायिक तनाव तथा तनाव के दौरान पुलिस व प्रशासन के आलाधिकारियों के सामने शांति व कानून व्यवस्था एक चुनौती के रूप में सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा वर्ष 2020 में मालपुरा शहर में दोनों ही समुदायों के यात्रा व धार्मिक जुलूसों के मार्ग परिवर्तित कर नवीन मार्गों का निर्धारण तो कर दिया लेकिन परस्पर दोनों समुदायों की आम सहमति नहीं होने के चलते बीते तीन साल से मालपुरा में दोनों ही समुदायों के त्यौहारों की खुशियां व परम्परायें लुप्त हो रही हैं।
शहर में बार–बार उत्पन्न होने वाले साम्प्रदायिक तनाव का प्रशासन द्वारा परस्पर दोनों समुदायों की आम सहमति व दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों के हस्तक्षेप से रास्ता निकाल तनाव के हालातों को खत्म कर एक–दूजे के त्यौहारों में शरीक हो गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल बनने के सार्थक प्रयास किये जाने के बजाय तत्कालीन पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आनन–फानन में बैठकें आयोजित कर उच्चाधिकारियों व जिला प्रशासन को मालपुरा में अमन चैन व शांति व्यवस्था की बहाली के लिए धार्मिक जुलूस व यात्राओं के मार्ग बदलने को ही एक मात्र जरिया बता परम्परागत रास्तों यहां तक की दूदू छाण स्टेट हाईवे जैसे सड़क मार्ग से भी कावड यात्रा सहित अन्य जुलुस व यात्राओं के निकलने पर प्रतिबंध लगा वैकल्पिक बायपास सड़क मार्ग का निर्माण करवाया गया।
प्रशासन द्वारा बिना परस्पर सहमति के प्रशासनिक स्तर पर ही रास्ते परिर्वतन किये जाने के बाद दोनों ही समुदायों ने इन नवीन रास्तों को अस्वीकार करते हुए अपने धार्मिक जुलुस व यात्राओं की परम्पराओं को स्थगित करना ही मुनासिब समझा है। प्रशासन द्वारा शहर में किसी भी आयोजन से पूर्व प्रशासनिक स्वीकृति लेने का आदेश जारी कर देने से ना तो हिन्दू समाज का दशहरा व कावड यात्रा का जुलुस निकला और ना ही मुस्लिम समुदाय का ईद व मोहर्रम का जुलुस निकला। शनिवार को भी मोहर्रम का बड़ा पर्व होने के बावजूद भी प्रशासनिक स्वीकृति के साथ–साथ प्रशासन के निर्धारित नये मार्गों से मोहर्रम का ताजिया निकालने पर सामाजिक सहमति नहीं होने से ताजिये नहीं निकले। हालांकि प्रशासन ने एक दिन पूर्व फ्लैग मार्च निकाल ड्रॉन कैमरों से निगरानी सहित शहर में भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।
सूत्रों की मानें तो दोनों ही समुदायों ने प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गये नवीन मार्गों का खुलकर विरोध करने पर प्रशासनिक कार्यवाही के अंदेशे से लोग चिन्तित हैं। लेकिन दबी जुबान में नवीन मार्गो को स्वीकार भी नहीं कर रहे हैं। शनिवार को ताजिये नहीं निकलने से समाज के लोगों में मायूसी देखी गई। तो युवा वर्ग अपनी धार्मिक मान्यताओं व परम्पराओं के निर्वहन के लिए डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह जैसे कस्बों में मातमी धुनों पर निकले ताजिये के जुलुस में शरीक हो जश्न मनाया। तो श्रावण में महिने में कावड यात्रा को स्टेट हाईवे से निकाल मालपुरा शहर में प्रवेश के बाद राजपुरा व गणवर सहित मालपुरा शहर में शिवजलाभिषेक के लिए कावड यात्रा समितियों ने प्रशासनिक स्वीकृति के लिए एसडीएम को पत्र सौंपा है। जिस पर स्वीकृति को लेकर संशय बरकरार है।

# आई फ्लू का कहर, रोजाना आ रहे 100 से अधिक मरीज

**पावटा, (निसं)।** मौसम में आए बदलाव के साथ ही पावटा उपखंड में आई फ्लू का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा हे। पिछले सप्ताहभर से उपखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा की स्थिति यह है कि ओपीडी लगभग 800 के पार जा रही है। जिसमें रोजाना 50 से 100 मरीज आई फ्लू के आ रहे हैं। इसके साथ निजी क्लीनिक एवं अस्पतालों में भी आई फ्लू के मरीजों की संख्या अचानक तेजी से बढ़ी है। इसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा प्रभारी देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक एस.के.वर्मा, अशोक बाज्या, गुप्ता हॉस्पिटल निदेशक डॉ. रवि अंजलि गुप्ता, मैक्स संजीवनी हॉस्पिटल डॉ. सुरेंद्र यादव, एस जी एन हॉस्पिटल निदेशक डॉ. जयराम यादव, डॉ. दर्शन परिदा ने बताया कि पिछले चार–पांच दिन से 100 से ज्यादा मरीज आई फ्लू का उपचार लेने पहुंच रहे हैं। मौसम में नमी के कारण आंखों का संक्रमण फैल रहा है। यह एक वायरल इंफेक्शन है, जो एडिनो वायरस के कारण हो रहा है। आई फ्लू में आंख में ललाई आ जाना, आंखों से लगातार पानी आना, धुंधला दिखाई देना, पलक पर सूजन आ जाना, पलकें आपस में चिपक जाना, आंख में खुजली के साथ रगड़ होना आदि लक्षण हैं। इसके साथ इस बार आंखों में खून के धब्बे भी बन रहे हैं। संक्रमित हो चुके मरीज के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति को भी यह बीमारी हो जाती है।
शर्मा ने बताया कि इस बार संक्रमण की दर भी काफी ज्यादा है। किसी परिवार में एक व्यक्ति संक्रमित होने के बाद पूरा परिवार संक्रमित हो रहा है। ऐसे में किसी को आई फ्लू है तो उसके संपर्क में आने से बचें। अपने हाथ बार–बार साबुन और पानी से धोएं, अपनी आंखों को छूने से बचें, यदि आपको वायरल कंजक्टिवाइटिस है तो दूसरों के साथ तोलिया, वॉश क्लॉथ या आंखों का मेकअप साझा करने से बचें। वही इससे बचाव के ये तरीके बताते हुए उन्होंने कहाँ कि पीडित व्यक्ति काला चश्मा लगाए, आंख को हाथ नहीं लगाए और हाथों को बार–बार सेनेटाइज करें, टीवी या मोबाइल देखने से बचें, आंखों को बार–बार छूएं नहीं।

# बीकानेर में दो दिन से अनाथालय के 25 से ज्यादा बच्चे, करीब ढाई सौ मकान पानी से घिरे

## जल भराव की इस समस्या के पीछे पूरा मामला गंदे पानी से अवैध कारोबार का है

**जोधपुर बाइपास के पास वल्लभ गार्डन ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पानी जाता है, कुछ लोग गंदे पानी को प्लांट में जाने से पहले ही रोककर पास की सरकारी जमीन पर इकट्ठा कर लेते हैं और सब्जियां और घास उगाने वाले किसानों को बेच देते हैं**

**बीकानेर, (कासं)।** दो दिन से जोधपुर बाईपास के करीब की आधा दर्जन कॉलोनियां जलमग्न हैं। नगर निगम दो दिन में तमाम मशक्कत के बाद भी पाला नहीं बांध पाया। अगर पाला ना टूटता तो इन कॉलोनियों में ज्यादा जलभराव की दिक्कत नहीं होती लेकिन दो दिन से अनाथालय के 25 से ज्यादा बच्चे, ढाई सौ के करीब मकान पानी से घिरे हुए हैं।

इसके पीछे मामला गंदे पानी से अवैध कारोबार का है। नाले के गंदे पानी को सरकारी जमीन पर रोक कर कुछ लोग उसे सब्जियां और घास उगाने वालों को बेचते हैं। दरअसल जोधपुर बाईपास के पास वल्लभगार्डन ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पानी जाता है। कुछ लोग गंदे पानी को प्लांट में जाने से पहले ही रोककर जोधपुर बाईपास के पास सरकारी जमीन पानी इकट्ठा करते हैं। इसके लिए आसपास के खेत मालिकों ने मिट्टी से पाला बना दिया है। वहां से साइफन और पाइप लगाकर गंदे पानी से सब्जियां और हरी घास उगाई जाती है। जो पानी रोकता है वो किसानों को पानी बेचता है। खुद निगम आयुक्त बताते हैं कि 3000 रुपए में पानी बेचा जा रहा है।

वहीं से गायों को हरा चारा देने के लिए चारा आता और उसी गंदे पानी से उगी हुई सब्जियां आती हैं। बुधवार को आई बारिश से पहले यहां से एक किसान सिंचाई कर रहा था। उसने पाइप पाले के नीचे से लगाया। जब पानी ज्यादा आया तो उस पाइप के सहारे रिसाव शुरू हुआ और कुछ देर में पाला ढह गया। जिससे आसपास की कई कॉलोनियों में पानी जमा हो गया।

नगर विकास न्यास का इलाका है लेकिन ना तो ऐसे लोगों के खिलाफ ना तो एफआईआर दर्ज कराई गई ना यहां पानी जमा होने से रोका जा रहा है। पाला बांध दिया गया। निगम ने आसपास की कॉलोनियों का पानी निकालने के लिए कई सड़कों को तोड़ा।

हैरानी की बात कि यूआईटी के अधिकारियों और इंजीनियर्स को पता है कि यहां गलत तरीके से पानी एकत्र होता है लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया।नगर निगम के भी खेल निराले हैं। करमीसर में सीवरेज के लिए अमृत–2 में प्रोजेक्ट मंजूर हुआ। वहां सीवरेज के टेंडर हो रहे हैं। करीब 60 किलोमीटर लाइन डाली जानी हैं लेकिन नगर निगम ने इस इलाके में 37 लाख रुपए से सड़क बनवाने के लिए टेंडर लगा दिया। स्थानीय पार्षद शांति ने एतराज उठाते हुए कहा कि जब सीवरेज डाला जाएगा तो पूरी सड़क खुदेगी। पहले अगर सड़क बन जाएगी तो सड़क की दुर्दशा हो जाएगी।

जूनागढ़ के पास सड़क पर दो जालियां लगी हैं। एक जाली में नाला पूरी तरह साफ है। वहां कोई पानी नहीं लेकिन उसके ठीक पीछे वाली जाली में पानी लबालब है। यानी नाला इन्हीं दो जालियां के बीच जाम है। निगम ने उसे खुलवाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए लेकिन डेयरी बूथ नाले के पास एक ट्रैक्टर लगाया। यहां से करीब 200 मीटर का पाइल डालकर कीर्तिस्तंभ के पास से गुजर रहा आरयूआईडीपी के नाले में पानी निकाला जा रहा है। पोक मशीन वल्लभ गार्डन इलाके में लगी है।

## राशिफल रविवार 30 जुलाई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

प्र. सावन मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, मूल नक्षत्र रात्रि 9:33 तक, ऐन्द्रयन योग प्रात: 6:33 तक, बालव करण दिन 10:35 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–धनु, मंगल–सिंह, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 9:53 तक है। रवियोग रात्रि 9:33 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत और वैधृति पुण्य है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:34 से 9:14 तक, लाभ–अमृत 9:14 से 12:33 तक, शुभ 2:13 से 3:53 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:54, सूर्यास्त 7:13

### मेष

नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। खान–पान का ध्यान रखें।

### वृष

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।


### मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।


### कर्क

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### सिंह

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कन्या

घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। मनोरंजन के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।


### तुला

महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आज अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।


### वृश्चिक


आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

### धनु

महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

### मकर

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

### कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा।

### मीन

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 358 प्रभात जयपुर, रविवार 30 जुलाई, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**PIRU SINGH BROUGHT HOME THE PARAM VIR CHAKRA**

Company Havildar Major (CHM) Piru Singh laid down his life in the highest traditions of the Indian Army at Tithwal in Jammu and Kashmir.

**The Delicious History Of India's Kulfi**

The favourite summer dessert goes back a long way, well before the arrival of the modern refrigerator.



*जलमहल बना समंदर। भारी बारिश के बाद जलमहल का पानी पाल और सड़कों पर बहने लगा। मानो सड़कों को भी झील ने अपने दायरे में ले लिया। झील और सड़क पर बहते पानी का एक समान जलस्तर देखकर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर यातायात रोका। जलमहल में आने वाले नाले के ओवर फ्लो होने से आसपास की दुकानों और कॉलोनियों में भी पानी भर गया। बीते 24 घंटों में जयपुर में 8 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अभी और बारिश होने की संभावना जताई और ऑरैन्ज अलर्ट जारी किया।*

# 'इण्डिया का इक्कीस सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल दो दिवसीय यात्रा पर मणिपुर पहुंचा

## विचलित भाजपा की ओर से सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस यात्रा को ''फोटो ऑपरच्यूनिटी'' बताया

- ठाकुर ने प्रतिनिधि मण्डल के अधीर रंजन चौधरी पर कटाक्ष किया कि, क्या वे ऐसा ही प्रतिनिधि मण्डल बंगाल व राजस्थान भी ले जायेंगे। जहां महिलाओं के खिलाफ संगीन वारदात हर रोज़ हो रही है।
- ''इण्डिया'' का प्रतिनिधि मण्डल, राहुल गांधी की मणिपुर की यात्रा के ठीक एक महीने बाद मणिपुर आया है।
- आर.जे.डी. के मनोज झा ने कहा, मणिपुर की आवाज सुनने की जरूरत है और हम लोग मणिपुर की जनता, कुकी, मैतेई दोनों से बात कर उनका दर्द समझना चाहते हैं।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जुलाई। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर, जो तीन माह से अधिक समय से जातीय हिंसा से त्रस्त है, की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए आज विपक्षी गठबंधन इंडिया का 21-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मणिपुर गया, सत्तारूढ़ भाजपा चिढ़ गई। सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसे ''महज़ दिखावा'' बताया है।

उन्होंने कहा, ''यह एक दिखावा मात्र है। जब यह आई.एन.डी.आई.ए. (इंडिया) मणिपुर से लौटेगा, मैं अधीर रंजन चौधरी से पूछना चाहूँगा कि क्या वे अपने राज्य में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों का समर्थन करते हैं। क्या विपक्षी मोर्चे के ये सांसद राजस्थान तथा पश्चिम बंगाल की स्थिति पर भी अपनी रिपोर्ट देंगे।'' वे विपक्ष शासित राज्यों में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की तुलना मणिपुर की घटनाओं से करके, मणिपुर की स्थिति को कम महत्व की भाजपा की तयशुदा नीति पर अडिग दिखाई दिये।

इससे पूर्व, एक राहत-शिविर का दौरा करने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पत्रकारों को बताया, ''वे मणिपुर में हुये अपराधों की सी.बी.आई. जाँच की बात कर रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहूँगा कि क्या अब तक वे (केन्द्र सरकार) सो रहे थे? टी.एम.सी. नेता सुष्मिता देव ने कहा कि यह टीम दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों से बात करेगी। उन्होंने कहा ''हर व्यक्ति की आवाज़ सुनी जायेगी। हम कुकी तथा मैतेई दोनों ही समुदायों से बात करेंगे।''

प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी तथा गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, द्रमुक की कनिमोई, राष्ट्रीय लोक दल के मनोज कुमार झा तथा जद (यू) प्रमुख राजीव रंजन (ल्लन) सिंह एवं अन्य नेता शामिल हैं। विपक्षी मोर्चा इंडिया के गठन के बाद, यह इस राज्य का उसका पहला दौरा है। दो दिन के दौरे पर गया विपक्षी नेताओं का यह प्रतिनिधिमंडल आज दोपहर बाद हवाई जहाज से इम्फाल पहुँचा तथा उसके बाद हैलिकॉप्टर से चुरचांदपूर के लिए रवाना हो गया। सूत्रों ने कहा कि ये लोग वहाँ कुकी समुदाय के नेताओं, सिविल सोसायटी तथा महिला ग्रुपों से मिलेंगे।

सूत्रों ने कहा कि यह प्रतिनिधित मंडल इम्फाल लौटने से पहले, राहत-शिविरों के दौरे करेगा तथा हिंसा-पीड़ितों से मिलेगा। यह दल इम्फाल लौट कर मैतेई समुदाय के सदस्यों से भेंट करेगा। । कांग्रेस नेता गोगोई ने मीडिया कर्मियों को बताया कि प्रतिनिधिमंडल ''मणिपुर जाएगा, सच्चाई मालूम करेगा तथा उस सच्चाई को संसद के समक्ष रखेगा।'' टी.एम.सी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजधानी में बीते 24 घंटे में 8 इंच बारिश, जलमहल ओवर फ्लो

## मौसम विभाग ने और ज्यादा भारी बारिश की संभावना जताई, ऑरैन्ज अलर्ट जारी

- 23 वर्ष बाद कानोता बांध पर चादर चली
- सीकर रोड, एम.आई. रोड और जलमहल पर जमा पानी में फंसे कई वाहन।
- भट्टा बस्ती में मकान की दीवारी गिरी, ब्रह्मपुरी में स्कूल की दीवार ढही।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 29 जुलाई। मूसलाधार बारिश से राजधानी जयपुर में मानो ''ज़लज़ला'' आ गया। शुक्रवार देर रात शुरू हुई बारिश का दौर शनिवार को दिनभर चला। इस दौरान सीकर रोड, एम.आई. रोड, जयपुर परकोटा और शहर के तमाम इलाकों की सड़कें दरिया बनकर बहती नज़र आईं। बीते 24 घंटे में राजधानी जयपुर में 8 इंच (203 मि.मी.) बारिश दर्ज की गई।

बारिश के कारण भट्टा बस्ती इलाके में मकान की दीवार गिरने से 7 लोग मलबे में फंस गए, जिन्हें सिविल डिफैंस की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। इसके अलावा ब्रह्मपुरी स्थित कंवर नगर में भी सरकारी कॉलेज की 80 फीट की दीवार भरभराकर गिर गई। हालांकि दोनों जगह ही कोई जनहानि नहीं हुई है।

भारी बारिश के कारण राजधानी जयपुर में आवाजाही के प्रमुख मार्ग सीकर रोड पर पानी भरने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ढेहर के बालाजी और अंबाबाड़ी क्षेत्र में कई वाहन पानी में फंस गए, जिन्हें लोगों ने मिलकर बाहर निकाला। कई दुपहिया वाहन चालक दरिया बनी सड़कों पर पानी के तेज बहाव के कारण फिसल गए। जयपुर परकोटा, एम.आई. रोड और पांच बत्ती पर भी मुख्य सड़क कई घंटों तक दरिया बनी रही।

जलमहल की पाल और मुख्य सड़क एक समान नजर आ रही थी। जहाँ नज़र जाती, पानी ही पानी दिख रहा था। आमेर रोड पर रामगढ़ मोड़ और जलमहल स्थित दुकानों में पानी भर गया। जलमहल में आने वाला नाला भी तेज बारिश के कारण ओवर फ्लो हुआ, इससे आसपास की कॉलोनियों में पानी भर गया। जलमहल के सामने सड़क और झील का लैवल बराबर देखकर पुलिस ने सड़क के दोनों तरफ बैरिकेड्स लगाकर यातायात को रोका।

शनिवार की भारी बारिश के कारण जयपुर का कानोता बांध भी 23 साल बाद ओवरफ्लो होकर बहने लगा। दो दशक के बाद बांध पर पानी की चादर चली है। वहीं, कानोता बांध ओवरफ्लो होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। जल संसाधन अधिकारी सजंय कुमार ने बताया कि, 17 फीट भराव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# वसुंधरा राजे भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज पार्टी की राष्ट्रीय टीम का पुनर्गठन किया, 13 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव तथा 13 सचिवों की नियुक्ति की।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शनिवार को पुनर्गठन किया। उन्होंने 13 उपाध्यक्ष और 8 महासचिव नियुक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा ने मुस्लिम कार्ड खेला: अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के पूर्व वी.सी. को उपाध्यक्ष बनाया

## पूर्व वी.सी. तारिक मंसूर ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय में एन.आर.सी. व सी.ए.ए. विरोधी प्रदर्शन व बैठकों के मध्य बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया था

- तारिक मंसूर ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय में औरंगज़ेब के भाई दारा शिकोह पर रिसर्च व अध्ययन को प्रोत्साहित किया था। जैसा कि विदित ही है, दारा शिकोह औरंगज़ेब की तुलना में हिन्दू-मुस्लिम सह अस्तित्व के हिमायती थे।
- तारिक मंसूर चौथे मुस्लिम नेता हैं, जिन्हें भाजपा ने यू.पी. की विधान परिषद का सदस्य बनाया है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जुलाई। पूरे मुस्लिम समुदाय तथा खासतौर से पसमन्दा मुस्लिमों, जो मुस्लिम समुदाय का कमजोर वर्ग है, में अपनी पहुँच को और अंदर तक ले जाने के स्पष्ट उद्देश्य से उठाये गये एक बड़े कदम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, भाजपा ने आज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर ताकिर मंसूर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी के रूप में शामिल कर लिया है। तारिक मंसूर को पार्टी के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

पार्टी के हाईकमान के निर्देश की अनुपालना में, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने, राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुये, मंसूर को अपनी टीम में शामिल कर लिया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को मद्देनज़र रखते हुये किया गया है। तारिक मंसूर ए.एम.यू., जो एन.आर.सी. एवं सी.एस. विरोध का प्रमुख अड्डा था, को ''मध्यम मार्ग'' पर लाने में सहायक रहे थे तथा बाद में आर.एस.एस. के उस प्रोजैक्ट के साथ बड़ी तत्परता के साथ जुड़ गये थे, जिसके अन्तर्गत, मुगल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शिव काशी पटाखा फैक्ट्री में आग, 8 जने मरे

- पटाखों के कन्साइनमैंट की अनलोडिंग के दौरान हुई लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जुलाई। देश में पटाखा निर्माण का केन्द्र माने जाने वाले शिवाकाशी में शनिवार को एक और अग्निकाण्ड हुआ, जिसमें आठ लोगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )





हजरत मुहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में शनिवार को मोहर्रम का योमे आशूरा मनाया गया। लोगों ने रोजे रखे, इबादत की, गरीबों को खाना खिलाया। उधर सभी मौहल्लों के ताजियों का बड़ी चौपड़ पर प्रदर्शन किया गया और उसके बाद शाम को इनको करबला में सुपुर्दे खाक किया गया। हजरत इमाम हुसैन का जुलूस निकाला गया। इससे पहले मजलिस हुई और उसके बाद जुलूस पन्नीगरान, बांदरी का नासिक, चार दरवाजा होता हुआ करबला पहुंचा। इस अवसर पर शहर की तमाम अंजुमनों ने जंजीरी मातम किया और इमाम हुसैन को खिराजे अकीदत पेश की।

# हरीश चौधरी पंजाब से पैसा लूटकर राजस्थान आए : बेनीवाल

## 'ईडी जब उनके ससुराल पहुंची, तब मारवाड़ के बीजेपी नेता के जरिए अमित शाह के पैर पकड़ कर आए थे'

- 'गुढ़ा को गंभीरता से नहीं लेता, गहलोत-वसुंधरा का गठबंधन मिलकर लूट रहा राजस्थान को'
- 'राजस्थान के एक पूर्व मुख्य सचिव की पत्नी तक पैसा कैसे पहुंचा?'

**जयपुर**, (का.प्र.)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और सांसद हनुमान बेनीवाल ने बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा, सचिन पायलट और बीजेपी के साथ ही विधायक हरीश चौधरी पर भी निशाना साधा है।

जयपुर में मीडिया से बात करते हुए लाल डायरी के विषय में बेनीवाल ने कहा कि मैं राजेंद्र गुढ़ा जैसे नेताओं को गंभीरता से नहीं लेता हूं। बार-बार अपने बयान पलटते हैं। पहले बसपा से कांग्रेस का दामन थामा, फिर बसपा में गए और फिर कांग्रेस में शामिल हो गए।

बेनीवाल ने कहा कि भाजपा लाल डायरी को मुद्दा बनाकर राजस्थान की जनता को असली मुद्दों से भटका रही है। प्रधानमंत्री भी अपनी सभा में लाल डायरी का जिक्र कर रहे हैं, जबकि उसकी हकीकत का पता किसी को नहीं है। उस डायरी में क्या है, यह जानना जरूरी है। मुझे लगता है कि अगर इस तरह की किसी डायरी की जांच होगी तो उसमें न सिर्फ कांग्रेस बल्कि बीजेपी के नेताओं का नाम भी शामिल होगा।

बेनीवाल ने कहा कि सरकार के संरक्षण में खुलेआम लूट मची हुई है। इस लूट में न सिर्फ कांग्रेस बल्कि बीजेपी के नेता भी शामिल है। राजस्थान में हो रही प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। आरपीएससी से लेकर कर्मचारी चयन आयोग तक जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। बाबूलाल कटारा से लेकर गोपाल केसावत तक युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। करोड़ों रुपए में पेपर बेचे जा रहे हैं। इसकी वजह से पढ़-लिख कर तैयारी करने वाले राजस्थान के युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा इंटरव्यू मामले में भी कांग्रेस ने सिर्फ पर्दा डालने का काम किया है। जबकि आरपीएससी मामले में राजस्थान के एक पूर्व मुख्य सचिव की पत्नी तक रिश्वत का पैसा पहुंचा है। सिर्फ कांग्रेस बल्कि बीजेपी भी इस मामले पर चुप्पी साधे बैठी है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले 30 सालों से वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत का गठबंधन प्रदेश की जनता को लूट रहा है। विधायकों की खरीद-फरोख्त तक सभी मामलों में दोनों दलों के नेता मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि साल 2018 में राजस्थान की जनता ने गहलोत को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। बसपा और निर्दलीय को खरीदकर गहलोत ने अपनी सरकार बचाई रखी।

इसी के साथ बेनीवाल ने हरीश चौधरी की ओर से लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर कहा कि हरीश चौधरी तो पंजाब से सारा पैसा लूट कर राजस्थान आए हैं। ईडी जब उनके ससुराल पहुंची। तब मारवाड़ के बीजेपी नेता के जरिए अमित शाह के पैर पकड़ कर आए थे। यह दुनिया जानती है। उनका भाई और परिवार क्या करता है, यह दुनिया जानती है, अगर मैंने भ्रष्टाचार किया है तो कांग्रेस पार्टी मेरी जांच करवाएं, मुझे किसी जांच से डर नहीं लगता। जनता सब जानती है। क्योंकि बयान देने में और हकीकत में काफी अंतर होता है। मैंने काफी ऐसे नेता देखे हैं जो पहले मन में आया वह बोल देते हैं लेकिन बाद में लिखकर माफी मांगते हैं। बेनीवाल ने कहा कि बहुत से नेता ऐसे भी हैं जो सुबह गहलोत को अपना नेता मानते हैं। शाम होते-होते वह पायलट को अपना नेता मानने लगते हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने बनाई प्रदेश की चुनावी रणनीति

## आगामी दिनों में भाजपा निकालेगी तीन स्थानों से यात्रा

- कोर कमेटी, जयपुर शहर के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारियों से लिया फीडबैक
- नड्डा ने चार नेताओं से की वन-टू-वन वार्ता

**जयपुर**। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने पूरे दिन बैठकर चुनावी रणनीति पर बैठक की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा वह राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भाजपा कोर कमेटी की बैठक, जयपुर शहर के वरिष्ठ पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं से एक-एक कर मुलाकात की और चुनावी रणनीति पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह से एक एक करके चर्चा की। इसमें सभी नेताओं को एकजुट होकर चुनाव में लगाने का मूल मंत्र दिया।

सभी बैठकों के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि आज दिन भर बैठकें कर पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा कर इसे लगभग अंतिम रूप दे दिया है। आने वाले चार-पांच दिन में अगले सभी कार्यक्रम घोषित कर दिए जाएंगे। नड्डा ने कहा कि बैठक मे पार्टी की अभी तक की चुनावी तैयारी की समीक्षा की और जो कमियां रह गई हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। पार्टी ने अगस्त और सितम्बर के लिए यात्राओं के साथ ही कुछ अन्य कार्यक्रम भी तय किए हैं, जिनमें कुछ बडी सभाएं और बूथ स्तर तक पार्टी को सक्रिय करने से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। इसके साथ ही एक अगस्त को पार्टी के नहीं सहेगा राजस्थान अभियान की समाप्ति पर होने वाले सचिवालय के महाघेराव कार्यक्रम के बारे में भी बैठक में चर्चा की गई। पार्टी की चुनावी राजनीति में यात्राओं की अहम भूमिका रही है और इस बार अभी तक पार्टी ने यात्राओं को लेकर कोई कार्यक्रम घोषित नहीं किया था, लेकिन शनिवार को हुई बैठक में यात्राओं पर भी चर्चा की गई। हालांकि पार्टी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यात्राओं का नेतृत्व कौन करेगा, ये तय नही हुआ है। भाजपा द्वारा निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा के रूट और यात्रा के नेतृत्व को लेकर भी बैठक में चिंतन किया गया था। इसमें एक यात्रा डूंगरपुर के बेणेश्वरधाम से, दूसरी हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी से और तीसरी सवाईमाधोपुर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर से निकालना तय हुआ, लेकिन इन यात्राओं के रूट और नेतृत्व को लेकर फैसला इस बैठक में होना तय माना जा रहा है। इन यात्राओं का फाइनल रूट प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द ही इसे घोषित किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि इसके साथ ही बैठक में प्रत्याशी तय करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने पर भी चर्चा हुई। कांग्रेस सितम्बर में अपने प्रत्याशी घोषित करने की बात कह चुकी है और पार्टी ने चुनाव समिति की घोषणा भी कर दी है। ऐसे में भाजपा में भी टिकटों को लेकर जल्द काम शुरू होने की सम्भावना बताई जा रही है।

चुनाव में पार्टी के चेहरे और वसुंधरा राजे के नेतृत्व को लेकर पार्टी अभी भी स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कह रही है। शनिवार को हुई बैठक में राजे पूरे समय मौजूद थीं। उन्हें पार्टी में फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, लेकिन राजस्थान में उन्हें क्या भूमिका दी जाएगी, इसे लेकर पार्टी अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी ने राज्य में भाजपा की सरकार बनने का दावा तो किया, लेकिन वसुंधरा राजे के चेहरे को लेकर चुनाव में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान में एकजुट है और सब मिलकर सरकार लाएंगे। इसके बाद भाजपा पार्लियामेंट्री बोर्ड जो तय करेगा वही राजस्थान का चेहरा होगा।

बैठकों का दौर पूरा होने के बाद नड्डा ने मीडिया से भी संक्षिप्त बात की, हालांकि सवालों में सिर्फ उनकी टीम की घोषणा से जुड़ा सवाल लिया। नड्डा ने राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गहलोत सरकार को शर्म आनी चाहिए कि जिस राजस्थान का इतना गौरवशाली इतिहास था, उसकी इस सरकार ने क्या हालत बना दी है। पांच साल में 24 हजार से ज्यादा महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले में सामने आए है। इस सरकार के समय में दलितों से लेकर युवा और महिलाएं सभी परेशान हैं। लाल डायरी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जब पाप का घड़ा भरता है तो ऐसे ही फूटता है। उन्होंने कहा कि हम इन्हीं मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि जनता हमें पूरा समर्थन देगी और विधानसभा में हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा तथा लोकसभा में हम क्लीन स्वीप करेंगे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा कोर कमेटी एवं संगठनात्मक बैठक में हुई चर्चा के संबंध में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि 'नहीं सहेगा राजस्थान' के तहत एक अगस्त को जयपुर में विशाल प्रदर्शन कर सचिवालय घेराव किया जा रहा है। इसके बाद आने वाले महीनों में प्रदेश सरकार को घेरने और भाजपा संगठन को ओर अधिक मजबूती देने के लिए संभाग, विधानसभा, जिला, शक्ति केन्द्र और मण्डल स्तर पर अनेक कार्यक्रम और यात्राओं की रचना तैयार की गई है। जिसमें कोर कमेटी के सदस्य राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश चुनाव प्रभारी एंव केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, राष्ट्रीय महासचिव एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नितिन पटेल, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, वसुंधरा राजे सिंधिया, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सांसद कनकमल कटारा, राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया मौजूद रहे। इस दौरान आगामी योजनाओं और चुनावी रणनीती को लेकर बारीकी से मंथन किया गया।

# बाघिन टी-111 के तीन शावकों का हुआ नामकरण

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार प्रदेश के वनों एवं वन्य जीवों को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस (29 जुलाई) के अवसर पर रणथम्भौर नेशनल पार्क की बाघिन टी-111 के 2 वर्ष के हो चुके तीन शावकों (2 बाघ एवं 1 बाघिन) का नामकरण करने का फैसला लिया है। इनके नाम क्रमशः चिरंजीवी, चिरायु एवं अवनी रखे गए हैं।

इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि वर्ष 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता कृष्णा पूनिया के नाम पर बाघिन टी-19 का नामकरण कृष्णा किया गया था। इसी प्रकार अब पैरा ओलंपिक पदक विजेता अवनी लेखरा के नाम पर शावक का नाम अवनी रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में जब बाघ विलुप्ति की कगार पर थे, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अप्रेल 1973 में "प्रोजेक्ट टाइगर" की शुरूआत की। इससे देश में बाघों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले 1 माह में राजस्थान के रणथम्भौर नेशनल पार्क में 6 शावकों ने जन्म लिया है।

# विवादित प्रश्नों को लेकर जवाब मांगा

- स्कूल व्याख्याता भर्ती-2022 का मामला

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता भर्ती-2022 में विवादित प्रश्न-उत्तर से जुड़े मामले व दूसरी उत्तर कुंजी जारी किए बिना परिणाम जारी करने पर शिक्षा सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक और आरपीएससी सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह अंतरिम आदेश रिंकू जोशी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि आरपीएससी ने स्कूल व्याख्याता के विभिन्न विषयों के लिए गत वर्ष 28 अप्रैल को भर्ती विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ता ने इतिहास विषय के स्कूल व्याख्याता पद के लिए आवेदन कर परीक्षा दी थी। परीक्षा के बाद गत छह जनवरी को आयोग ने प्रथम उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी। जिसमें याचिकाकर्ता ने आपत्ति पेश कर दी। याचिकाकर्ता का कहना था कि आयोग ने एक प्रश्न सिलेबस से बाहर का पूछा था। वहीं दो सवालों के जवाब आयोग ने गलत जांचे हैं। इसके अलावा दो अन्य बहुविकल्पीय सवाल, ऐसे पूछे गए जिनके एक से अधिक उत्तर थे। याचिका में कहा गया कि आरपीएससी ने याचिकाकर्ता की आपत्ति का निस्तारण नहीं किया और दूसरी उत्तर कुंजी जारी किए बिना ही गत 12 जून को परिणाम घोषित कर दिया। इस दौरान आयोग ने अंक भी सार्वजनिक नहीं किए।

याचिका में कहा गया कि भर्ती का परिणाम निरस्त कर विवादित प्रश्नों की जांच के लिए विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया जाए और कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर नए सिरे से परिणाम जारी किया जाए।


**नाम परिवर्तन**

मेरे पुराने पासपोर्ट व जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम सेजल अंकित है जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सेजल चौधरी पुत्री श्री सुरेश है। अतः भविष्य में मुझे सेजल चौधरी पुत्री श्री सुरेश के नाम से जाना जाए। पता- 279, हनुमान नगर एक्सटेंशन, खातीपुरा, जयपुर, राजस्थान

I have changed my name from Vishal Gopi Chand Kodnani to Vishal Kodnani S/o Gopichand Kodnani R/o Plot No. 287, Santosh Apartment, S-1, Second Floor, Opp. Bhagat Singh Park, Adarsh Nagar, Jaipur for all future purpose


# बाघोदय में होगी बाघों की बात, दिल होगा बाग-बाग

- विश्वस्तरीय विशेषज्ञों के मंथन से 4 अगस्त को होगा 'बाघोदय'
- नेशनल टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष व सरिस्का में बाघ विस्थापन के 15 वर्ष पूरे होने पर आयोजन

**जयपुर**, (का.सं.)। बाघ भारत की शान है। नेशनल टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष पूरे होने और सरिस्का में बाघ विस्थापित करने के 15 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बाघों के संरक्षण और संख्या में वृद्धि के नए उपाय खोजने के उद्देश्य के साथ वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूडब्ल्यूटीआई) और सरिस्का टाइगर फाउंडेशन (एसटीएफ) की ओर से 4 अगस्त, 2023 को 'बाघोदय' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) के मिनी ऑडिटोरियम-2 में शाम 5 से 7.30 बजे होने वाले कार्यक्रम में पर्यावरण व बाघ संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत मशहूर हस्तियां बाघों से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगी। जयपुर में पहली बार ऐसा आयोजन होगा जब बाघ संरक्षण से जुड़ी इतनी विश्वस्तरीय शख्सियत एक मंच साझा करेंगी।

बाघोदय में हिस्सा लेने वालों में विश्व के अग्रणी संरक्षणवादी और आइयूसीएन के वाइल्डर्नेस स्पेशलिटी ग्रुप के अध्यक्ष और वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस के वैश्विक अध्यक्ष वेंस जी. मार्टिन, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के अध्यक्ष और ताडोबा परियोजना में अपने काम के साथ-साथ महाराष्ट्र को भारत में शीर्ष बाघ राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रसिद्ध प्रवीण परदेशी, प्रतिष्ठित वन्यजीव फिल्म निर्माता सुब्बैया नल्ला मुथु, संगीतकार शांतनु मोइत्रा, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के महासचिव और सीईओ रवि सिंह, राजस्थान के पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, एसटीएफ के संस्थापक सचिव दिनेश दुरानी, वरिष्ठ वैज्ञानिक और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में एनिमल इकोलॉजी और कंजर्वेशन बायलॉजी के प्रमुख डॉ. बिलाल हबीब, एस्ट्रल लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक कैरव इंजीनियर, प्रकृति संरक्षण के लिए सबसे कम उम्र में ग्रीन ऑस्कर विजेता रोहित कारू, ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व के सीसीएफ और फिल्ड निदेशक डॉ. जितेन्द्र रामगावकर, आदि का नाम शामिल है।



**श्रद्धांजलि**



हमारी पूज्य माताजी **श्रीमती नारायणी देवी** धर्मपत्नी स्व. श्री शिवराम जी चौहान का स्वर्गवास 25.7.23 को हो गया है। हम सभी परिवार जन सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

**श्रद्धावनत**- दीनदयाल (एसबीआई), मुकेश (पुत्र) आनन्द, अभिषेक, मुकुल (पौत्र) राजू (देवर) सन्नी, रवि, विष्णु, धीरज (भतीजे) एवं समस्त चौहान परिवार

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# दुष्कर्मी और उसके सहयोगी को आजीवन कारावास

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त भंवरलाल और अपराध में सहयोग करने वाले अभियुक्त शंकरलाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल पांच लाख 52 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने प्रकरण में आरोपी बनाए गए दो अन्य को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि मामले में पीडिता के चाचा ने 14 जनवरी, 2017 को रेनवाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# गृह विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए भर्ती क्यों नहीं?

**जयपुर**, (का.सं.)। हाईकोर्ट ने प्रमुख कॉलेज शिक्षा सचिव, निदेशक कॉलेज शिक्षा और आरपीएससी सचिव से पूछा है कि राज्य सरकार की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर पदों की भर्ती में गृह विज्ञान विषय को शामिल करने की अनुशंसा करने के बावजूद भर्ती विज्ञापन में इस विषय को शामिल क्यों नहीं किया गया। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना संशोधित भर्ती विज्ञापन जारी कर उसे गृह विज्ञान विषय को शामिल करने के निर्देश दिए जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह अंतरिम आदेश रश्मि चौधरी व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता ठाकुर लाल पांडे ने अदालत को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गत 22 जून को विभिन्न विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस भर्ती विज्ञापन में गृह विज्ञान विषय को शामिल नहीं किया। जबकि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मिली जानकारी में सामने आया की कॉलेज शिक्षा विभाग ने गृह विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर के 39 पदों को भरने के लिए अपनी अनुशंसा आरपीएससी को भेजी थी। इसके बावजूद भी आरपीएससी ने भर्ती में इस विषय को शामिल नहीं किया। याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता गृह विज्ञान विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए निर्धारित योग्यता रखती है। आरपीएससी की ओर से गृह विभाग को भर्ती में शामिल नहीं करने के चलते वह चयन से वंचित हो जाएगी।


**खोया पाया**

मेरे मकान 5/76 मालवीय नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, डिक्लेरेशन, कार्यालय आदेश, डिमाण्ड लैटर मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें- रोहिता शर्मा-9460983480

मेरे मकान नं. 3-ठ-27, हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर का मूल आवंटन पत्र 25.07.2023 को कांवटीया सर्किल के पास खो गया है मिलने पर सूचित करें-8949625840

मेरे भूखण्ड संख्या 206, रणजीत नगर, खातीपुरा, जयपुर का जेडीए पट्टा साइट प्लान कहीं गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें अजन कंवर मो- 9828080906

मैं कमल शर्मा पुत्र श्री बी.सी. शर्मा मेरा प्लाट नं. 3-ए, 400 गज आर.के. पुरम हथरोई गढी गृह निर्माण समिति का पट्टा जो कि एयरपोर्ट रोड पर खो गया है। मिलने पर सूचित करें। मो.9828444276

मैं बी.सी. शर्मा पुत्र श्री आर.एन. शर्मा मेरा प्लाट नं. 6 स्कीम हाईकोर्ट आर.के. पुरम कॉलोनी, हथरोई गढी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड का 900 गज का व्यवसाय पट्टा टोक रोड थाना सर्किल पर खो गया है मिलने पर सूचित करें। मो.नं. 9828444270

मै रामअवतार शर्मा पुत्र श्री बी.सी. शर्मा आर.के. पुरम स्कीम प्लाट नं. 3 क्षेत्रफल 400 वर्गगज हथरोई गढी गृह निर्माण समिति लि. का पट्टा एयर पोर्ट पर खो गया है। मिलने पर सूचित करें-मो. 9829079540

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन आदेश 5 के नियम 1 और 5**

प्रकरण संख्या 25/2022

नाम-न्यायालय-उपखण्ड अधिकारी आमेर जिला जयपुर

**बबीता रानी विरूद्ध रेखा अग्रवाल वगैराह**

**दावा बाबत तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा**

नाम (1) रेखा अग्रवाल पत्नी श्री बजरंग लाल अग्रवाल जाति महाजन निवासी 7/347 विद्याधर नगर जयपुर (2) सायर कंवर पत्नी श्री रेवत सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम सिंगोद कलां तहसील चौमू जिला जयपुर (राज.) आपके विरूद्ध दावा बाबत तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 03.08.2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में संजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 28 माह 07 सन् 23 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर

उपखण्ड अधिकारी
आमेर जिला जयपुर

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन आदेश 5 के नियम 1 और 5**

प्रकरण संख्या 26/2021

नाम न्यायालय-उपखण्ड अधिकारी दक्षिण जयपुर

**विष्णु विरूद्ध छोगाराम वगैराह**

**दावा बाबत तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा**

नाम (1) गंगा पुत्री ओमप्रकाश 2. गणेश पुत्र ओमप्रकाश 3. मनीष कुमार पुत्र गोवर्धन 4. सुशील कुमार पुत्र गोवर्धन 5. जमुना पुत्री ओमप्रकाश 6. संतोष कुमार पुत्र द्वारकाप्रसाद 7. नटवर पुत्र द्वारकाप्रसाद 8. थापा देवी पत्नी जगदीश 9. दामोदर प्रसाद पुत्र भंवरलाल 10. रामबाबू पुत्र माधोलाल, 11. रजनी पुत्री ओमप्रकाश 12. कालूराम पुत्र राधेश्याम 13. राधा पुत्री ओमप्रकाश 14. राजेश पुत्र श्यामसुन्दर 15. शिमला पत्नी ओमप्रकाश समस्त जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम हरमाडा तहसील आमेर जिला जयपुर (राज.) ने

आपके विरूद्ध दावा बाबत तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 21/8/2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये सम्मन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या ना हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में संजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 28/7/23 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर

न्यायाधीश
उपखण्ड अधिकारी दक्षिण जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती अनोखी देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा उम्र 64 वर्ष निवासी 10, कुदकडया ढाणी, देवरी शेखपुरा, दौसा हाल 293, वर्धमान नगर बी, हीरापुरा, अजमेर रोड जयपुर (राज.) का पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शर्मा उर्फ राजू शर्मा पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप शर्मा उम्र 50 वर्ष, मेरी अभिभाष्या के कहने सुनने में नहीं है तथा इनके खराब व्यवहार के कारण आज दिनांक से मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र को अपनी समस्त प्रकार की चल अचल सम्पत्ति एवं परिवार से बेदखल कर दिया है तथा उक्त पुत्र से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई लेन देन व सम्पर्क करेगा तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी अभिभाष्या की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जयपुर (नेहा अग्रवाल) एडवोकेट
दिनांक- 28.07.2023 मो. 9314522669

Office of Block Development Officer Ps. Shrimahaveer ji
S.R. 2023-24/500 Date : 28.07.2023

Notice Inviting Bid

Bid for IGSY (Name(s) of subject matter(S) of Procurement are invited from 28 .07.2023 interested bidders upto 03-08-2023 time 05:00PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and Panchyat Sameti Office at Shri Mahaveerji.

UBN NO. ZKR2324SLOB00168
NIB NO. ZKR2324A0105

(GYAN SINGH)
Block Development Officer
Ps.Shrimahaveerji

**कार्यालय पंचायत समिति करौली, जिला करौली**

क्रंमाक:लेखा/2023-24/709 दिनांक-29.07.2023

**नोट अल्पकालीन ई-बोली सूचना संख्या 02/2023-24**

पंचायत समिति करौली के लिए "इन्दिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के अन्तर्गत सामग्री की आपर्ति एवं व्यवस्थाओ के लिए पंजीकृत इच्छुक बोलीदाताओ से 30 सितम्बर 2023 तक के लिए दर अनुबन्ध हेतु E-Procurement प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन बोलियाँ निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

बोली प्रपत्र एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN- ZKR2324WSRC00174

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, करौली

**कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ, जयपुर**

Email ID- bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025
क्रमांक-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2023/73 दिनांक-24.07.2023

**ई निविदा सूचना संख्या /2023-24**

पंचायत समिति गोविन्दगढ में वित्तिय वर्ष 2023-24 में कार्य संपादन हेतु 06 कम्प्यूटर ऑपरेटर (मैन विथ मशीन) जॉबवर्क, की सेवायें जॉब बेसिस पर लेने हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार करवाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विवरण sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN NO.- PFA2324SSOB00427, NIB NO.- PFA2324A0429

विकास अधिकारी
पंचायत समिति,
गोविन्दगढ, जयपुर

# बारिश से सीकर रोड तालाब में तब्दील, पानी में फंसे वाहनों को धक्का देकर निकालना पड़ा



शहर में तेज बारिश के बाद शनिवार सुबह सीकर रोड स्थित ढेहर के बालाजी मोड पर दोनों तरफ की सड़कें तालाब बन गई। सड़क पर करीब 3-4 फीट पानी भर गया, जिसमें कई दुपहिया-चौपहिया वाहन और बसें फंस गई, जिन्हें लोगों ने धक्का देकर बाहर निकाला।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में बीते 24 घंटे में 8 इंच से ज्यादा बारिश हुई। शुक्रवार रात से लेकर शनिवार शाम तक हुई मूसलाधार बारिश ने जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी।

परकोटे में बनी स्मार्ट सड़कों से लेकर एम.आई.रोड और शहर के अधिकांश इलाकों के मुख्य मार्ग पर करीब 3 फीट से ऊपर पानी बहा। सबसे ज्यादा भयावह स्थिति सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी और इसके आसपास के क्षेत्र में रही। यहां करीब दो किलोमीटर तक मुख्य मार्ग पर 3 से 4 फीट तक पानी भर गया। बारिश के पानी के तेज बहाव में कई दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिरे तो कई चौपहिया वाहन बंद पड़ गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और पार्षदों ने धक्का देकर बाहर निकाला। दोनों तरफ आवाजाही बंद होने के कारण काफी देर तक सीकर रोड पर ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी रही।

सबसे बुरा हाल शहर के बाहरी इलाकों की कॉलोनियों में देखने को मिला। पृथ्वीराज नगर की कॉलोनियों में तो मुख्य सड़कों पर पानी भरा हुआ है। जहां कई वाहन फंसे और फिर बंद हो गए। सिरसी रोड पर मड पम्प लगाकर पानी निकाला गया।

- **पानी की निकासी नहीं होने के कारण कालवाड़ और सिरसी रोड पर जगह-जगह रास्ता अवरूद्ध हुआ**
- **बारिश से शहर में अधिकांश सड़कें जर्जर हुई, भट्टा बस्ती में मकान और सड़क किनारे मिट्टी का कटाव हुआ**

बारिश के दौरान भट्टा बस्ती में मकान गिर गया। सुभाष चौक क्षेत्र में भी एक मकान गिरा। कंवर नगर निगम नव निर्मित खेल परिसर की दीवार ही गिर गई। ढेहर के बालाजी, सीकर रोड पर जलभराव होने से हरिओम जन सेवा समिति के कार्यकर्ताओं और पार्षद सुरेश जांगिड़ व दिनेश कांवट ने पानी में बैठकर प्रदर्शन किया। सीकर रोड पर पानी भरने से मिनी बस और एम्बुलेंस फंस गई। जिसे पार्षद दिनेश कांवट और उनके साथियों ने धक्का लगाकर बाहर निकलवाया।

कालवाड़ रोड और सिरसी रोड पर पानी की निकासी नहीं होने के कारण मुख्य मार्ग अवरूद्ध है। शहर के तमाम मार्गों पर जर्जर सड़कें हादसों का कारण बनी हुई है। इन गड्ढों में बारिश का पानी भरा हुआ है, जिनमें रोजाना कई राहगीर और दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है। खिरणी फाटक के पास पुलिया के नीचे पानी भरने से स्थानीय लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सबसे बुरा हाल पृथ्वीराज नगर के जगदम्बा नगर, रजनी विहार, विकास नगर, जानकी विहार, एकता नगर, निम्बार्क नगर, जगदीश पुरी, गणेश नगर, अयोध्या नगर, अरिहंत वाटिका, सुमन विहार, गजसिंह पुरा, अनुपम विहार, मां करणी नगर, गंगा सागर, अनुपम विहार, मां वैष्णो नगर में है। इन कॉलोनियों में घुटनों तक पानी भर गया। लोग घरों से बाहर ही नहीं निकल पाए।



सीकर रोड पर भरे पानी में बंद हुई एंबुलेंस को लोगों ने धक्का देकर निकाला।



शास्त्री नगर स्थित भट्टा बस्ती में तेज बारिश में सड़क किनारे मिट्टी का कटाव हो गया, जिसे स्थानीय प्रशासन ने तुरंत जेसीबी मशीन की मदद से दुरुस्त कराया। फोटो-राष्ट्रदूत

## एस.एम.एस. अस्पताल के आई.सी.यू. और वार्डों में घुसा बारिश का पानी

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में बारिश के दौरान हालात बेहद खराब है। इसके चलते शनिवार को हुई लगातार बारिश से ट्रोमा सेंटर में दूसरी मंजिल पर बने सेमी आईसीयू और तीसरी मंजिल पर बने न्यू पॉलीट्रोमा आईसीयू में भी छत से पानी टपकता रहा।

इसके अलावा कई वार्डों में भी बारिश का पानी भरने की वजह से मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉफ को भी इलाज करने में परेशानी हो रही है।

इससे पहले भी हुई बारिश में अस्पताल में बेंसमंट और आईसीयू के अंदर पानी आ गया था। इसके बाद से अस्पताल प्रशासन ने डक्टिंग बंद करवा दी थी। इससे आईसीयू में उमस और गर्मी होने से मरीज और वहां काम करने वाले स्टॉफ को आज तक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर आज तेज बारिश के चलते अस्पताल में न्यू सीटी वार्ड और गेट नम्बर छह से एक तक बारिश का पानी भर गया। इससे वहां मौजूद मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

एसएमएस अस्पताल में रख रखाव के नाम पर सालाना लाखों रुपए खर्च किए जाते है। लेकिन इसके बाद भी बारिश के दौरान रख रखाव के काम की पोल खुल जाती है। जर्जर हालात में छतों से पानी गिरता है। जिसकी मरम्मत के नाम पर अस्पताल प्रशासन की ओर से लाखों रुपए खर्च किए जाते है। इसके बाद भी हालात जस के तस नजर आते है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पडता है। वहीं दूसरी ओर तेज बारिश के कारण जयपुरिया हॉस्पिटल में व्यवस्थाएं बिगड़ गई। अधीक्षक के कमरे के ऊपर बने पिलर के पानी बहने से अधीक्षक के कमरे में पानी का रिसाव शुरू हो गया। हॉस्पिटल में सुबह 6 बजे से बिजली सप्लाई बंद हो गई, जो दो घंटे तक बंद रही। इस कारण मरीज और उनके परिजन गर्मी से परेशान रहे।

## बारिश में फंसे 150 परिवार शिफ्ट किए

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में तेज बारिश के चलते जेडीए के जोन-12 में सीकर रोड पर ग्राम पंचायत सरना चौड़ के ग्राम सांचोती में जहां 150 से अधिक विमुक्त घुमंतू व अद्धर्घुमंतु जाति के परिवार रह रहे थे, उस स्थान पर पानी भर गया। सुरक्षा की दृष्टि से जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जोन उपायुक्त प्रवीण कुमार व उनकी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य शुरू किया गया और परिवारों को स्थानीय सामुदायिक केंद्र में शिफ्ट किया गया और भोजन के पैकेट का वितरण भी किया गया।

## मलबे में दबे दंपत्ति और 5 बच्चों को सिविल डिफेंस ने बचाया

**जयपुर**। भट्टा बस्ती इलाके में शनिवार सुबह तेज बारिश के कारण एक मकान की दीवार ढह गई। इससे 5 बच्चे और उनके माता-पिता मलबे में दब गए। मकान की दीवार ढहने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। आस पास के लोगों ने मलबे में दबे हुए लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर भट्टा बस्ती पुलिस मौके पर पहुंची और सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

सिविल डिफेंस के डिफ्टी कंट्रोलर अमित शर्मा ने बताया कि हादसा शनिवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे का है। सिविल डिफेंस को सूचना मिली की भट्टा बस्ती में एक मकान ढह गया है। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। शर्मा ने बताया कि मकान की दीवार पक्की बनी हुई थी। मकान के उपर टीन शैड थे। दीवार गिरने की वजह से टीन शैड भी गिर गए थे। इस समय दंपति व उनके बच्चे नींद से जगकर अपनी दिनचर्या के कार्य में लगे हुए थे। जो अचानक मकान ढहने से उसके नीचे दब गए। बाद में टीम ने सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दबने वालो में तीन बालिकाएं, दो बालक और माता-पिता शामिल थे, जिन्हे बचाया गया। सभी लोगों को प्राथमिक उपचार कर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। इसके अलावा आमेर में हाथी स्टैंड से महल जाने वाले रोड की दीवार भी ढह गई। महल के पीछे से नीचे आने वाली सड़क और दीवार भी क्षतिग्रस्त हुई है। इसके अलावा वार्ड 71 में बाबा हरीशचंद्र मार्ग पर भी एक पुराना मकान धराशायी हो गया। उधर जयपुर कलेक्ट्रेट में सुबह 10 बजे तक करीब 50 शिकायतें आई है। सबसे ज्यादा शिकायतें सीकर रोड, रामगढ़ मोड़, ब्रह्मपुरी इलाकों से आ रही है।

## अस्पताल के कार्मिकों को पीटकर 11 लाख रु. लूटे

**जयपुर**। मानसरोवर थाना इलाके में स्थित धनवंतरी अस्पताल के दो कर्मचारियों से बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर 11 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को धनवंतरी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही इलाके में नाकाबंदी करवाई लेकिन बाइक सवार बदमाशों को कोई सुराग नहीं लग पाया।

इस संबंध में धनवंतरी अस्पताल कंट्रोलर की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि धनवंतरी अस्पताल मुख्य कंट्रोलर उदय सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि शुक्रवार रात धनवंतरी अस्पताल कर्मचारी चैन सिंह और प्रदीप मेहतर दिन भर का कैश करीब 11 लाख रुपए लेकर स्कूटी से अस्पताल मालिक आरपी सैनी को देने के लिए सुमेर नगर विस्तार जा रहे थे। सैनी के घर से कुछ ही दूरी पर बाइक से आए दो बदमाशों ने सरिए-लाठियां और धारदार हथियार से कर्मचारी चेन सिंह और प्रदीप मेहतर हमला कर दिया और बदमाश 11 लाख रुपए से भरा लिफाफा लेकर फरार हो गए।

## जयपुर एयरपोर्ट पर साढ़े 3 करोड़ रु. का सोना पकड़ा

**जयपुर**। सांगानेर एयरपोर्ट पर कस्टम टीम ने दुबई से आई फ्लाइट के एक पैसेंजर से 5 किलो 829 ग्राम सोना बरामद किया है। इसकी बाजार कीमत साढे 3 करोड़ रुपए बताई जा रही हैं। शुक्रवार को पकड़े गए यात्री को कस्टम विभाग ने कोर्ट के सामने पेश कर जेल भेज दिया है। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुबई से आने वाली फ्लाइट में सीकर का एक युवक गोल्ड की बड़ी खेप लेकर आ रहा हैं। इस पर की टीम ने पैसेंजर और उनकी सीटों की जानकारी निकाली। प्लेन में मौजूद 5 पैसेंजर सीकर के थे। इस पर टीम ने एयरपोर्ट पर ही पांचों को रोका। उन्हें अलग-अलग ले जाकर पूछताछ करना शुरू किया। सभी यात्रियों ने उनके पास किसी भी प्रकार का गोल्ड होने से इनकार किया। सभी के सामान की चैंकिंग की गई। इस दौरान एक यात्री के पास से को मिक्सी मिली। बाहर से देखने पर मिक्सी फुल पैकिंग में थी। उसे बाहर निकाला गया तो उसका वजन औसत से अधिक निकला। इस पर टीम ने मिक्सी की जांच की। इस दौरान मिक्सी में 5 किलो 829 ग्राम सोना ठोस फोम में मिला। आरोपी ने पहले गोल्ड होने की जानकारी से इनकार किया था। बाद में गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

- **दुबई से आया यात्री मिक्सी में छुपाकर लाया था 5.829 किलोग्राम सोना**

## केन्द्रीय सचिव ने जयपुर फुट की निर्माण विधि का अवलोकन किया

**जयपुर**, (का.सं.)। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और विकलांग कल्याणार्थ मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने जयपुर फुट निर्माण विधि का अवलोकन किया।

जयपुर फुट का निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.बी.एस.एस.) के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता और डॉ. दीपेन्द्र मेहता, कोषाध्यक्ष विमल चौपड़ा तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एस.बिस्सा और आर.के.अग्रवाल, राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव समित शर्मा और संयुक्त सचिव एच.गुड्डे का स्वागत किया। राज्य सरकार के यह दोनों अधिकारी अग्रवाल के साथ आए थे।

डी.आर.मेहता ने निर्माण विधि के बारे में जानकारी दी और साथ ही कहा कि भारत के अलावा 40 देशों में जयपुर फुट के पदचिन्ह देखें जा सकते हैं।

डी.आर.मेहता के साथ केन्द्रीय सचिव अग्रवाल की लम्बी मंत्रणा हुई, जिसमें अग्रवाल ने बी.एम.बी. एस. एस. के कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा की और केन्द्र सरकार की ओर से सभी सहयोग देने का आश्वासन दिया।

अग्रवाल ने देश के विभिन्न राज्यों से आए विकलांगों से बातचीत की और जयपुर फुट की गुणवत्ता के बारे में भी पूछा।

### सार-समाचार

## टाइगर फोटो एग्जीबिशन का आगाज

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर टाइगर फेस्टिवल (जेटीएफ) की ओर से इंटरनेशनल टाइगर डे पर आज से 1 अगस्त तक जयपुर के जवाहर कला केंद्र (जेकेके) की सुदर्शन गैलरी में टाइगर फोटोग्राफी एग्जिबिशन एवं कंपटीशन का आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्धघाटन, मुख्य अतिथि, राजस्थान खाद्य मंत्री, प्रताप सिंह खाचरियावास गेस्ट ऑफ ऑनर, चेयरमैन राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, पवन अरोडा,आईएएस द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल गेस्ट, पीसीसीएफ एवम मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक अरिंदम तोमर; चेयरमैन, एआरएल ग्रुप के प्रमोद जैन और वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर, एस. नल्ला मुथू। इसके अलावा जे.डी. माहेश्वरी, पवन गोयल उपस्थित थे। प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस मौके पर कहा कि टाइगर संग्रहक्षण के लिए इस तरह के प्रदर्शनी और कंपीटेशन का आयोजन होना चाहिए जिससे टाइगर प्रिजर्वेशन के लिए अवार्नेस बढाने में काफी मदद मिलेती है। प्रदेश सरकार टाइगर संरक्षण के लिए बेहतर कार्य कर रही है इसी का नतीजा है कि आज राजस्थान में टाइगर की संख्या 100 से अधिक हो गई है। जेटीएफ के सचिव, आशीष बैद ने बताया कि प्रदर्शनी में देश विदेश से वाइल्डलाइफ फोटोग्राफ्स द्वारा लगभग 500 एंट्रीज आई थी। सिलेक्शन कैमिटी के आई एफ एस, सुदर्शन शर्मा और रक्षा संस्था के फॉउंडर, रोहित गंगवाल ने इन एंट्रीज में से लगभग 100 फोटोग्राफस को चयनित किया जिनको प्रर्दशित किया गया है।

## 39 कंपनियों के घी के नमूने लिए

**जयपुर**। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जयपुर जिले में 2 दिन के सघन अभियान में प्रचलित 39 कंपनियों के घी के नमूने लिए है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण शिव प्रसाद नकाते ने निर्देशन में चलाये गये इस अभियान में सेंट्रल टीम, सीएमएचओ प्रथम व सैकेंड एरिया के एफएसओ शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि घी की प्रचलित 39 कंपनियों के 39 नमूने लिए गए हैं। उक्त नमूनों को प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## तीज पर आधे दिन का अवकाश

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर शहर स्थित राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों, उपक्रमों एवं शिक्षण संस्थानों में तीज मेले के प्रथम दिन (19 अगस्त) को आधे दिवस का अपरान्ह पश्चात् अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि इस बार 19 अगस्त को तीज मेले और 20 अगस्त को बूढ़ी तीज मेले का आयोजन होगा। गहलोत के इस निर्णय से जयपुर शहर में कार्यरत राजकीय अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन इस पुनीत मेले में शामिल हो सकेंगे।

## जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में 100 निरीक्षकों के तबादले

**जयपुर** (कासं)। पुलिस महकमें में चुनाव आयोग की गाइड लाइन की पालना में पिछले काफी समय से एक ही जगह पर जमे पुलिस अधिकारियों के तबादलों का दौर जारी है। इसके चलते हाल ही में बाहर से आए पुलिस निरीक्षकों सहित जयपुर कमिश्नरेट के 100 पुलिस निरीक्षकों के तबादले किये गए हैं। पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने शनिवार को एक आदेश जारी कर 64 पुलिस निरीक्षकों को थाने की कमान सौंपी है। वहीं बाकी निरीक्षकों को ट्रैफिक और कमिश्नरेट की अन्य शाखाओं में तैनात किया है।

आदेश के मुताबिक अनिल कुमार यादव को सीएसटी आयुक्तालय जयपुर, गुरु भूपेन्द्र सिंह को माणक चौक, सुरेश चन्द खटीक को सुभाष चौक, मुनीन्द्र सिंह को रामगंज, राजेश कुमार मीणा को गलता गेट, राजेश कुमार सिंह को ब्रह्मपुरी, उदयभान यादव को जयसिंहपुरा खोर, गजेन्द्र सिंह को कोतवाली, देवेन्द्र प्रताप वर्मा को नाहरगढ़, सुरेन्द्र सिंह को संजय सर्किल, अंतिम शर्मा को थानाधिकारी जालूपुरा, किशोर सिंह भदौरिया को शास्त्री नगर, राजेन्द्र खण्डेलवाल को भट्टा बस्ती, अजयकांत रतूडी को विद्याधर नगर, इन्दु शर्मा को महिला थाना उत्तर, राजवीर सिंह को अशोक नगर, सीताराम खोजा ज्योति नगर, अमर सिंह चारण को विधायकपुरी, राजकुमार मीणा को सोडाला, महेश कुमार को महेश नगर, मनीष गुप्ता को श्याम नगर, रान सिंह को मानसरोवर, गौतम डोटासरा को शिप्रापथ, दिलीप कुमार खदाव को मुहाना, कैलाश दान को चाकसू, श्रीनिवास जांगिड को कोटखावदा, दौलतराम को शिवदासपुरा, अंजू कुमारी महिला थाना जयपुर दक्षिण, मदनलाल कडवासरा को सांगानेर, सुरेश कुमार को मालपुरा गेट, जहीर अब्बास को प्रताप नगर, अरूण कुमार को रामनगरिया, पूनम कुमारी को मालवीय नगर, अरविन्द सिंह चारण को जवाहर सर्किल, गोविन्द लाल व्यास को एयरपोर्ट, जुल्फीकार को बजाज नगर, सुरेश कुमार को बस्सी, अजय सिंह को मीणा तूंगा, भगवान सहाय को कानोता, कैलाश कुमार विश्नोई को गांधी नगर, लाल सिंह यादव को मोतीडूंगरी, रविन्द्र सिंह नरूका को लालकोठी, कमल नयन मोयल को आदर्श नगर, राजू राम बामनिया को जवाहर नगर, हरीश चन्द सोलंकी को एसएमएस अस्पताल, धर्म सिंह मीणा को ट्रांसपोर्ट नगर, ममता मीणा को महिला थाना जयपुर पूर्व, महेश चन्द को बनीपार्क, अवतार सिंह को सिंधी कैंप, ईश्वर चन्द को वैशाली नगर, बलवीर सिंह कस्वा को चित्रकूट लगाया है।

- **जयपुर के 63 थाना अधिकारियों को भी को भी बदला गया**

इसी प्रकार भजन लाल बगरू, चैना राम नरादणिया को भांकरोटा, अशोक चौधरी को सेज, संजय पूनिया को बिन्दायका, अमित कुमार शर्मा को चौमूं, मनीष कुमार शर्मा को हरमाड़ा, हिम्मत सिंह को विश्वकर्मा, सवाई सिंह को झोटवाड़ा, राजीव यदुवंशी को मुरलीपुरा, अदय सिंह यादव को करधनी, धर्म सिंह को कालवाड, दलबीर सिंह को दौलतपुरा और रामेश्वरी को महिला थाना जयपुर पश्चिम लगाया गया है। इसके अलावा 36 निरीक्षकों को ट्रैफिक और अन्य शाखाओं में लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस मुख्यालय ने 37 निरीक्षकों के तबादले किए हैं। इसके अलावा 3 और 19 जुलाई को किए गए 11 निरीक्षकों के तबादलों को निरस्त किया है।



## Share a Hug Day

There's something amazing about a hug that just makes the day so much better. Maybe it's the warmth of someone you care about being close to you, maybe it's the feeling of security and solidarity that happens when you're surrounded by the arms of others, maybe it's the fact that you can't give one without getting one back. Whatever it is, there's never a bad time to share a hug. Share a Hug Day is your opportunity to politely offer someone else a hug when they look like they're feeling down!

#INSIGHT

# The Delicious History Of India's Kulfi

The favourite summer dessert goes back a long way, well before the arrival of the modern refrigerator.







Kulfi has been around long before the ice creams of today. The word 'kulfi' comes from the Persian qulfi meaning "covered cup". It is believed to have originated in Delhi during the 16th century, making it nearly 500 years old.

Did you ever wonder how they made it before the arrival of the modern refrigerator?

Kulfi is not like regular ice cream; it is denser and creamier. Sweetened and flavoured milk is cooked over a low flame and stirred continuously to prevent it from sticking to the utensil.

The slow cooking condenses and thickens the milk, caramelises the sugar and browns the milk proteins giving kulfi its unique taste and feel.

The Mughals added pistachios and saffron for flavour. But how did this heavenly mix turn into ice cream?

### Sourcing Ice

The ancients were fascinated by ice. Since some parts of their territories had glaciers and enjoyed snowfall, the Mughals had access to ice.

They established a system of human runners, horses, bullock carts, boats and other forms of transport to bring ice from the Himalayas to cities like Lahore and Delhi.

Blocks of ice were carefully cut out, wrapped in multiple layers of fine clean cotton and then jute cloth. Saltpetre, a form of salt that helps in refrigeration, was sprinkled.

Ain-i-Akbari, a detailed record of the Mughal emperor Akbar's administration, mentions the use of saltpetre for refrigeration as well as the transportation of Himalayan ice to warmer areas.

Stored in sealed wooden boxes within layers of fine wooden chips, the ice travelled well.

Once it reached the cities, it was storied in specially built and temperature controlled ice pits, which were deep underground chambers.

Initially limited to royals, this technology became available to the common man over a period of time.





Let's get back to the kulfi's connection with ice. The flavoured and cooked milk was cooled, poured into moulds (mud pots or kulhars) and sealed.

These were then submerged in a matka (clay pot), which was filled with ice slurry and salt that acted as a refrigerant.

The pot was sealed and the mixture froze with a soft smooth consistency, free of ice crystals. Called matkakulfi, this method is still very much in use.

Starting with traditional flavours such malai, rose, cardamom, and pistachio, kulfi has now found new flavours like strawberry, peanut, and even avocado.

The next time you meet your roadside kulfiwallah, observe his apparatus carefully and talk to him too. The ancient methods are still widely used.

# PIRU SINGH BROUGHT HOME THE PARAM VIR CHAKRA

From reconnaissance reports it appeared that enemy was strongly holding a high feature whose capture for further advance was essential. Further ahead was another feature held in strength by the enemy. 6 RAJPUTANA RIFLES were given the task of securing these two in Tithwal Valley over 1100 feet high. The Battalion was informed that the enemy did not have enough time to dig-in extensively and therefore could be easily dislodged. However, the information received was inaccurate and the Battalion did not have enough time to conduct proper reconnaissance of the enemy position. The attack for the capture of Darapari was to take place at 0130 hours on the night of 17/18 July 1948.






MAJ Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

WAR TALES

Seventy-five years ago, on the night of 17/18 July 1948 Company Havildar Major (CHM) Piru Singh laid down his life in the highest traditions of the Indian Army at Tithwal in Jammu and Kashmir. He had displayed undaunting valour and, in his sacrifice, had set an example that continues to inspire and motivate the future generations of soldiers. For his act of conspicuous gallantry, unyielding fighting spirit and exemplary leadership he was awarded the nation's highest gallantry award the Param Vir Chakra.

Piru Singh Shekhawat was born on 20 May 1918 in village Rampura Beri, District Churu, Rajasthan. His father was Lal Singh who was a farmer and his mother was Smt Tarawati Kanwar. The family consisted of three brothers and four sisters and he was the youngest among his siblings.

He was tall, fit and strong and had a desire to join the Army from his childhood. However, he was rejected twice for being underage and finally joined the Indian Army on 20 May 1936 at the age of 18 and underwent his basic training at Jhelum (now in Pakistan). He had initially served in 10/1 PUNJAB and 5/1 PUNJAB. He was a keen soldier and a good sportsman who represented his unit in Basketball and Hockey and participated in World War II.

Within a few years after joining the Army, he had passed the Indian Army First Class Certificate of Education and was promoted to the rank of Lance Naik on 07 August 1940. In September 1941, he was posted as an Instructor at the Punjab Regimental Centre as a Naik and was promoted to a Havildar in May 1945. He was sent to Japan as part of the British Commonwealth Occupation Force from where he returned in September 1947. Later when he returned from the War in September 1947, he was assigned to the 6 RAJPUTANA RIFLES as a result of the reorganization of the Indian Army post partition.



> He was tall, fit and strong and had a desire to join the Army from his childhood. However, he was rejected twice for being underage and finally joined the Indian Army on 20 May 1936 at the age of 18 and underwent his basic training at Jhelum (now in Pakistan). He had initially served in 10/1 PUNJAB and 5/1 PUNJAB. He was a keen soldier and a good sportsman who represented his unit in Basketball and Hockey and participated in World War II.

During the Indo-Pak War of 1947-1948, CHM Piru Singh participated in the Battle at Darapari in Tithwal in J&K with 6 RAJ RIF, where he fought gallantly and displayed exemplary leadership.

6 RAJ RIF along with 2/3 GORKHA RIFLES and Sawai Man Guards was initially part of 161 Infantry Brigade which had been tasked to carryout a Southern encircling move along the Pir Panjal Range and get behind the enemy at Chakothi and Bandi Forest area in order to facilitate the advance of 77 Para Brigade along the Uri – Domel Road in June 1948. After the successful operations by the Brigade in capturing Ledi Galiand Per Kanthi by 28 June, the battalions had reorganised themselves around the captured objectives.



A statue of Company Havildar Piru Singh has been installed in his village at Jhunjhunu, Rajasthan.



A bust of Company Havildar Major Piru Singh has been installed at the National War Memorial, New Delhi within the Param Yodha Sthal.

> In a daring act, he jumped on the MMG crew bayoneting them to death. CHM Singh realised that he was the sole survivor of the Section and the rest were either dead or wounded. The responsibility of clearing the enemy from the hill feature lay with him alone. Shortly thereafter, grenade thrown at him wounded him in the face. With blood dripping from his face wounds, he crawled out of the trench, hurling grenades at the next enemy position. He gave a loud battle cry, then jumped on the occupants of the next trench bayonetting two to death. As he came from the second trench to charge the third enemy bunker, he was shot in the head and chest by and was last seen falling into the enemy trench. There was an explosion in the trench, indicating that even while succumbing to his injuries he had hurled his grenade at the enemy and the grenades had done their job.

Thereafter the battalion was moved from Uri to Tithwal and placed under command 163 Infantry Brigade with the area of responsibility being in the Tithwal Sector where the situation was delicate.

From reconnaissance reports it appeared that enemy was strongly holding a high feature whose capture for further advance was essential. Further ahead was another feature held in strength by the enemy. 6 RAJPUTANA RIFLES were given the task of securing these two in Tithwal Valley over 1100 feet high. The Battalion was informed that the enemy did not have enough time to dig-in extensively and therefore could be easily dislodged. However, the information received was inaccurate and the Battalion did not have enough time to conduct proper reconnaissance of the enemy position. The attack for the capture of Darapari was to take place at 0130 hours on the night of 17/18 July 1948.

D Company, of which CHM Piru Singh was tasked to attack and capture the enemy-occupied hill feature South of Tithwal. The enemy had well dug in positions and sited a MMG to cover likely approaches. D Company was charged with the task of securing the first feature and C Company the second after D Company had carried out its task. D Company attacked the first feature at 0130 hours on 18 July. The path leading from the forward position to the first feature was about one meter wide with sheer falls on either side. D Company's offensive was therefore greeted with strong MMG fire from both flanks as it approached. The enemy lobbed grenades and brought down heavy fire at CHM Singh's Platoon from their bunkers. From the intense fire which pinned down D Company it was obvious that the hostiles had a MMG Post in one of these bunkers.

Within half an hour of their being held up, D Company suffered fifty one casualties. It was at this crisis that Piru Singh won immortal fame by the supreme heroism he displayed. He was with the leading Section.

CHM Piru Singh's Platoon was leading the assault. When Platoon Commander Subedar Bhika Singh was hit, CHM Singh took command and led his troops against the treacherous fire coming from the enemy deployed in well-dug trenches and bunkers on high ground.

Company Havildar Major Piru Singh was assigned to the Company's forward-most Section. He remained steadfast despite seeing more than half of the Section slain or wounded. He encouraged the remaining men with battle cries and moved forward with tremendous purpose onto the nearest enemy MMG position. With complete disregard to his personal safety, he continued to advance, despite a grenade injury with splinters shredding his garments. Taking over the MMG position he neutralised the enemy gun crew with his fire.

In a daring act, he jumped on the MMG crew bayoneting them to death. CHM Singh realised that he was the sole survivor of the Section and the rest were either dead or wounded.

The responsibility of clearing the enemy from the hill feature lay with him alone. Shortly thereafter, grenade thrown at him wounded him in the face. With blood dripping from his face wounds, he crawled out of the trench, hurling grenades at the next enemy position.

He gave a loud battle cry, then jumped on the occupants of the next trench bayonetting two to death. As he came from the second trench to charge the third enemy bunker, he was shot in the head and chest by and was last seen falling into the enemy trench. There was an explosion in the trench, indicating that even while succumbing to his injuries he had hurled his grenade at the enemy and the grenades had done their job. Though outnumbered and severely wounded he never gave up.

He had paid with his life for his singularly brave act, but he had left for the rest of his comrades an example of single-handed bravery and determined cold courage in the highest traditions of the Indian Army with his exemplary bravery and raw courage.

Company Havildar Major Piru Singh laid down his life leaving behind a legacy of exemplary leadership, conspicuous bravery and undeterred determination. He remains one of the twenty-one Param Vir Chakra awardees of which fourteen including him are Posthumous. On the Seventy fifth year of his gallant action, we Salute him for his singularly brave act.

rajeshsharma1049@gmail.com

#COVID-19

# Neurocognitive Issues

Scientists are just beginning to understand COVID-19's effect on the brain



Early in the COVID-19 pandemic, doctors started to notice something striking. For what was originally described as a respiratory virus, SARS-CoV-2 seemed to have a strong effect on the brain, causing everything from loss of taste and smell and brain fog to, in serious cases, stroke.

NYU Langone Health, a New York city research hospital, started collating those anecdotes in hopes of better understanding how the virus affects the brain and nervous system.


Years later, the project has morphed from focusing solely on acute symptoms to also tracking the long-term neurologic issues that some people with Long COVID experience, says program director Dr. Sharon Meropol.

The list of neurocognitive issues that Meropol's team and other researchers must track is extensive: cognitive decline, changes in brain size and structure, depression and suicidal thinking, tremors, seizures, memory loss, and new or worsened dementia have all been linked to previous SARS-CoV-2 infections. In some cases, these longer-term problems occur even in patients with relatively mild COVID-19.

The "Holy Grail" question now, Meropol says, is what's going on in the brains of COVID-19 patients—and how to reverse the damage.

### Gray Matters

If you were to look at the brain of someone infected by certain viruses, like rabies, you would see "virus teeming everywhere. It's black and white" that the brain is infected, says Dr.AvindraNath, clinical director of the National Institute of Neurological Disorders and Stroke (NINDS).



With SARS-CoV-2, there's more gray area. Early in the pandemic, Nath and his colleagues scanned and physically analyzed the brains of 13 people who died from COVID-19.

They didn't find the SARS-CoV-2 virus in those brains—but they did find significant damage to their blood vessels, which were coated with antibodies.

It looked to Nath like the body's immune system had gone haywire in response to the virus, causing it to attack its own blood vessels and setting off a cascade of effects that led to significant inflammation in the brain, potentially culminating in fatal damage to the part that controls breathing.

In people who survive COVID-19, brain inflammation may also explain years-long symptoms like brain fog and memory loss—though "we don't know for sure," Nath says.



Dr. Lara Jehi, who researches COVID-19 and the brain at the Cleveland Clinic, also points to inflammation as a possible trigger for COVID-19's neurologic symptoms.

She's found evidence of abnormal inflammation in people with chronic post-COVID headaches. And in a 2021 study, Jehi and her colleagues compared the brains of people with Long COVID and Alzheimer's disease.

"We found many areas of overlap between the two, and these areas of overlap centered on…inflammation in the brain and microscopic injuries to the blood vessels," she says.

Going into that study, Jehi says, her team wanted to determine whether the SARS-CoV-2 virus was entering the brain and causing damage directly, or triggering an immune response that led to brain changes. Their findings pointed to the latter—but researchers still haven't ruled out the possibility that the virus has direct effects on the brain.

### Virus In The Brain

Since Nath's brain-scanning project early in the pandemic, other researchers have found the virus in the brains of people who died from COVID-19.

Researchers analysed brain tissue of 11 people who had COVID-19 when they died. In all but one of those individuals, the researchers found the virus' genetic material in central-nervous-system tissue—which, they wrote, "prov[ed] definitively that SARS-CoV-2 is capable of infecting and replicating within the human brain."


To Nath, however, that's still an open question, and one worthy of more research. His team has continued to study the brains of COVID-19 patients and has yet to find concrete evidence of the SARS-CoV-2 virus in those organs.

Dr. Wes Ely, who researches brain disease at Vanderbilt University Medical Center, says he's convinced SARS-CoV-2 can attack the "support cells" of the brain, or those ensure neurons are able to keep the brain and body functioning normally.

Damaging these support cells, Ely says, can kick off a domino effect that leads to tissue death in the brain.

While there may not be a single solution, that doesn't mean there's no solution. Ely has found that "cognitive rehab," a process of rebuilding the brain's function through targeted mental exercises, can help people who develop similar cognitive decline after stays in the intensive-care unit.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अपहरण व हत्या के प्रयास के तीन आरोपी रिमांड पर, दो को जेल

## आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर 23 जुलाई रात्रि को मुकुंदगढ़ मार्ग से किया था अपहरण

■ युवक से सोने की चेन, चांदी का कड़ा और 20 हजार रुपए छीन कर भाग गए थे

**मंडावा,** (निसं)। अपहरण व हत्या के प्रयास मामले में गिरफ्तार 5 आरोपियों को शनिवार को पिलानी न्यायालय में पेश किया गया जहां से मजिस्ट्रेट ने तीन आरोपियों को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा और सहयोग करने वाले दो आरोपियों को जेल भेजने के आदेश किए। थाना अधिकारी सुरेश कुमार रोलन के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सत्येंद्र सिंह उर्फ सत्या, रघुवीर सिंह उर्फ आकाश, मोहित सिंह उर्फ मोंटी निवासी दीनवा लड़खानी सीकर को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है और इनका सहयोग करने वाले राजू सिंह उर्फ राजू निवासी हटवास, संदीप कुमार वर्मा उर्फ महाराज निवासी श्रीमाधोपुर सीकर को जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि मंडावा कस्बे के वार्ड 15 निवासी मोहम्मद इस्माइल उर्फ टाइगर उर्फ वाहिद अली का इन आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर 23 जुलाई रात्रि को मुकुंदगढ़ मार्ग से अपहरण कर लिया था और जबरदस्ती गाड़ी में डालकर रास्ते में जानलेवा मारपीट कर नवलगढ़ के पास पटक कर भाग गए तथा युवक से सोने की चेन, चांदी का कड़ा और 20 हजार रुपए छीन कर भाग गए थे। राजू सिंह उर्फ राजू, संदीप कुमार वर्मा उर्फ महाराज ने इन आरोपियों को भागने में सहयोग किया एवं इनको अन्य संसाधन जैसे सिम मोबाइल, पैसा आदि उपलब्ध कराया तथा अपनी आईडी देकर होटलों में रूम आदि दिलवाने में सहयोग किया था। पुलिस ने इन आरोपियों को 28 जुलाई को आगरा की स्वाट व भरतपुर डीएसटी टीम के सहयोग से आगरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया था। बदमाशों के खिलाफ अलग-अलग थानों में लूट, हत्या, अपहरण, मारपीट व अवैध शराब के 27 मामले दर्ज है तथा मुख्य सरगना सत्येंद्र सिंह उर्फ सत्या सीकर के फतेहपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है जिसके खिलाफ अलग-अलग थानों में 12 मामले दर्ज है।



मंडावा पुलिस गिरफ्त में अपहरण के आरोपी।

# निजी बीमा कंपनी की ओर से दायर दो याचिकाएं खारिज

■ बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने दो रिट याचिकाएं दायर कर कहा कि राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक ने उनके खिलाफ स्थाई लोक अदालत में जो प्रार्थना पत्र पेश किए हैं, उसकी सुनवाई का क्षेत्राधिकार स्थाई लोक अदालत को नहीं

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने निजी बीमा कंपनी की ओर से दायर दो रिट याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि स्थाई लोक अदालत जोधपुर महानगर ने उनके दो साल बाद दायर प्रारंभिक आपत्ति के प्रार्थना पत्र को खारिज कर कुछ भी गलत नहीं किया है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने दो रिट याचिकाएं दायर कर कहा कि राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक ने उनके खिलाफ स्थाई लोक अदालत में जो प्रार्थना पत्र पेश किए हैं, उसकी सुनवाई का क्षेत्राधिकार स्थाई लोक अदालत को नहीं है, क्योंकि समझौते में मध्यस्थ का प्रावधान है और यह एक व्यावसायिक संविदा और सेवा कर वसूली का मामला है और उनके प्रारंभिक आपत्ति प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाना अनुचित है क्योंकि सी पी सी के प्रावधानों के मुताबिक पहले प्रारंभिक आपत्ति तय की जानी चाहिए।

बैंक की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि त्वरित न्याय के उद्देश्य से 11 जून 2002 को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम में जन उपयोगी सेवा को जोड़ा गया और धारा 25 के तहत अन्य कानून के तहत मामला होने पर भी स्थाई लोक अदालत को सुनवाई का क्षेत्राधिकार दिया गया है और आर्बिट्रेशन का प्रावधान होने के बावजूद भी सुनवाई की जा सकती है।उन्होंने कहा कि बैंक ने जनवरी 2019 में अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किए,लेकिन दो साल बाद बीमा कंपनी ने प्रारंभिक आपत्ति का प्रार्थना पत्र पेश किया है और चार साल से अधिक समय हो जाने पर भी अभी तक मूल प्रार्थना पत्र का जवाब नहीं दिया है और इस अधिनियम में दिवानी प्रक्रिया संहिता के प्रावधान लागू नहीं होते है सो रिट याचिका खारिज की जाएं।

राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने दोनों रिट याचिका खारिज करते हुए कहा कि बीमा कंपनी की ओर से प्रारंभिक आपत्ति का प्रार्थना पत्र दो साल बाद दायर किया है तथा बैंक की ओर से वर्ष 2019 में दायर मूल प्रार्थना पत्र का जवाब अभी तक भी दाखिल नहीं किया गया है और स्थाई लोक अदालत ने याची के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए सभी आपत्तियों को जवाब में लेने की छूट दी है। इसके बावजूद भी याची की ओर से कई मौके लिए जाने के बावजूद भी अभी तक मूल प्रार्थना पत्र का जवाब नहीं दिया गया है सो याची बीमा कंपनी को कोई अनुतोष प्रदान नहीं किया जा सकता है।

# लाखों के ड्राई फ्रूटस नकबजनी का पर्दाफाश

## पोकरण पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण पुलिस ने पन्द्रह दिन बाद लाखो रुपये के ड्राई फ्रूटस नकबजनी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार संजय कुमार पुत्र राणीदान गांधी जाति माहेश्वरी पैशा दुकानदारी निवासी गुराणियो का वास पोकरण ने पुलिस थाना पोकरण में रिपोर्ट पेश की कि मेरी संजय टी कम्पनी के नाम ड्राई फ्रुट्स की दुकान है। 12 जुलाई को रात को मैं अपनी दुकान बन्द करके सारे ताले लगाकर अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह 9 बजे दुकान पर आया व देखा कि दुकान के पीछे के शटर के ताले व नट लगाया हुआ था जो टूटे हुए थे तथा दुकान में रखा सामान तीस कटटे बादाम, नब्बे कार्टून काजू, 25 कार्टून बादाम, चालीस किलो इलायची व अन्य छोटा बडा सामान व पच्चीस हजार रूपये रोकडी, सीसीटीवी का डीवीआर व अन्य सामान अज्ञात चोर चुराकर ले गये। उक्त पूरे सामान की कीमत करीबन अक्षरे बाईस लाख रूपये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन कर टीम द्वारा रूट के सीसीटीवी फुटेज चैक कर व तकनीकी सहयोग एवं आसूचना संकलन कर प्रकरण की वारदात का पर्दाफाश कर पुलिस थाना कालाडेरा जयपुर का हिस्ट्रीशीटर मुकेश डाबरियां रैगर निवासी जिला जयपुर हाल लक्ष्मीनारायणपुरा बगरु जिला जयपुर, पुलिस थाना नरैना जयपुर का हिस्ट्रीशीटर गोपाल निठारवाल जाट निवासी जिला जयपुर, रामफुल जाट निवासी जिला टोंक, अश्विन कुमावत उर्फ सोटु कुमावत निवासी जिला जयपुर व बजरंगलाल निवासी जयपुर द्वारा वारदात को अंजाम देना पाया गया। महेश्वरी समाज व व्यापार मंडल ने चोरी एवं लूट की वारदात का खुलासा करने को लेकर पुलिस अधीक्षक सहित संपूर्ण पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, महेश्वरी समाज के अध्यक्ष रतनलाल राठी, पूर्व पालिका अध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया, समाजसेवी एवं व्यवसाई जुगल किशोर गांधी, संजय गांधी सहित कई व्यवसाई ने पुलिस थाना पहुंचकर धन्यवाद दिया।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**ब्यावर** (निसं)। महिलाओं, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों के विरुद्ध बढ़ ते अत्याचार को रोकने में भाजपा की डबल इंजन सरकार की विफलताओं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मणिपुर की विभिन्न घटनाओं पर मौन धारण करने को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार सभी जिलों में भाजपा की महिला विरोधी केंद्र सरकार के विरोध में विरोध- प्रदर्शन किया गया।

विरोध स्वरूप पैदल मार्च का आयोजन करने के पश्चात केंद्र सरकार की अकर्मण्यता, महिलाओं, आदिवासियों, अल्पसंख्को के विरुद्ध हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहने पर तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। अजमेर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के पैदल मार्च में ब्यावर से कांग्रेस नेता मनोज चौहान के नेतृत्व मै सैकडो कार्यकर्ता चार पहिया वाहनों से अजमेर पहुंचकर मोदी सरकार के खिलाफ पैदल मार्च में भाग लिया।

चौहान ने सम्बोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार देश में हर क्षेत्र में विफल हो चुकी है और केन्द्र की भाजपा सरकार अपनी सरकार की गलत नीतियों को छुपाने और भटकाने के लिये दंगे फसाद, मंदिर मस्जिद,हिन्दु मुसलमान के नाम पर लडाने की साजिश करते है। चौहान ने आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा के फूल को जड सहित उखाड फैकने का संकल्प लेने के लिये कार्यकर्ताओं को कहा।

पैदल मार्च में अजमेर संभाग संगठन प्रभारी रामविलास चौधरी, ब्यावर विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र परसवाल, अजमेर नगर निगम पार्षद नोरत गुर्जर, सर्वेश पारीक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका पार्षद राजेश शर्मा, राजेंद्र तुनगरिया, भरत बाघमार, घनश्याम फुलवारी,मजीद कुरेशी, राकेश साहू, अजय स्वामी,सदस्य राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी शैलेश शर्मा, ब्यावर विधानसभा युवा कांठोस अध्यक्ष मनीष सांखला, जिला सचिव धर्म सिंह भाटी, महेन्द्र सिंह कालीकांकर, राम यादव, हनुमान सिंह रावत, सी पी शर्मा, मेघराज बोहरा, शाहिद खान, सुरेंद्र सेन, गणपत लाल बोहरा, नेमीचंद संवासिया, नारायण त्रिपाठी, शक्ति सिंह, आमीन काठात, नरेन्द्र सिंह,रोशन काठात, देवेन्द्र काठात, कमल गंगवाल, रघुनाथ गुर्जर, ब्लॉक सचिव इंदरमल, संदीप कुमार, ओमप्रकाश गुर्जर, चिम्मनलाल,लक्ष्मण सिंह,संजय सिंह कोटड़ा, प्रह्लाद सेन जसवंत सिंहसहित संगठन केपदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पार्षदो ने कार्यक्रम में सैकडों की संख्या में भाग लिया और मोदी सरकार की विफलताओं के खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने में उपस्थित रहे।

# नयी निविदा जारी करने की मांग

**अजमेर,** (कासं)। नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों के एक शिष्टमण्डल ने नगर निगम आयुक्त को पूर्व में दी गई निविदा को निरस्त करने व नई निविदा जारी करने बाबत् व निगम में व्याप्त भष्टाचार/कमीशन खोरी से अवगत कराया। पार्षद नरेश सत्यावना ने बताया कि नगर निगम अजमेर द्वारा निविदा सूचना संख्या 05/2023-24 क्रमांक एम.ई.डब्लू/2023-24/288 दिनांक 08 मई 2023 को जारी की गई जिसमें एकल निविदा "महालक्ष्मी एन्टरप्राईजेज" की डाली गई जिसकी दरे-1.86,-2.11,-10,-20.00 आई है जिससे नगर निगम अजमेर को लाखो रूपये राजस्व की हानी होगी।

# आर.पी.एस.सी. की सामान्य ज्ञान परीक्षा आज

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के ग्रुप-ए एवं ग्रुप-बी की सामान्य ज्ञान परीक्षा राज्य में रविवार को 28 जिलों में दो पारियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ग्रुप-ए की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे एवं ग्रुप-बी की परीक्षा दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। परीक्षा का आयोजन अजमेर, अलवर बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौडगढ़, चुरू, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, जयपुर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनू, जोधपुर, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़ , राजसमंद, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर, टोंक एवं उदयपुर जिले में होगा। यह पेपर पिछले साल दिसंबर में उदयपुर में लीक हुआ था।

# युवक टांके में डूबा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती बोरानाडा स्थित नारनाडी गांव में एक युवक मवेशियों के लिए टांके से पानी निकाल रहा था। तब पैर फिसलने से वह टांके में गिर गया और उसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना में बोरानाडा पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। नारनाड़ी निवासी ढलाराम पुत्र जेराराम जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि उसका रिश्तेदार सुरेश पुत्र भंवरलाल जाट घर पर बने टांके में से मवेशियों को पिलाने के लिये पानी निकाल रहा था। तब उसका पैर फिसलने से वह टांके में गिर गया।

# ओलंपिक साइज का स्विमिंग पूल तैयार, पूजन आज

■ नगर निगम ने निजी फर्म को सौंपा संचालन

**अजमेर,** (कासं)। अजमेरवासियों को बैडमिंटन कोर्ट लॉन टेनिस को टेबल टेनिस बास्केटबॉल कोर्ट के बाद अब स्विमिंग पूल की सौगात मिलने जा रही है। रविवार को इसका विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया जाएगा।

नगर निगम अजमेर द्वारा पिछले दिनों स्विमिंग पुल संचालन हेतु निविदा जारी की गई थी। 3 वर्ष के लिए एक फर्म को संचालन सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत ओलंपिक साइज का 25 गुना 50 मीटर का स्विमिंग पूल तैयार किया गया है। इसमें एक और साढ़े चार फीट एवं दूसरी और साढ़े छः फीट गहराई है। पानी का लगातार फिल्ट्रेशन करने हेतु 56.5 घन मीटर ( 56500 लीटर प्रति घंटा ) प्रति घंटे की क्षमता के तीन फिल्टर प्लांट लगाए गए हैं। इसके साथ साथ महिला पुरुष के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। स्विमिंग पूल पूरी तरह से कवर्ड करा गया है। एवं छत पर सोलर प्लांट भी लगाया गया है।

**फर्म रखेगी कोच एवं सुरक्षा इंतजाम :-** निविदा शर्तों के मुताबिक संबंधित फर्म को कोच रखना होगा और सुरक्षा इंतजाम करने होंगे । यहां आने वाले स्विमर्स को प्रशिक्षित कोच की सुविधा मिलेगी। यहां प्रशिक्षण लेने के पश्चात स्विमर्स राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकेंगे। स्विमिंग पूल में 10 लेन है। यहां पर वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे ।

**यह रहेगा समय :-** स्विमिंग पूल में महिलाओं एवं पुरुषों का अलग-अलग समय होगा यह दो पारियों सुबह 6:00 से 9:00 बजे और 4:30 से 8:00 बजे तक इसका संचालन होगा। सुबह 6:00 से 7:00 बजे पुरुष, सुबह 7:00 से 8:00 बजे महिलाएं और सुबह 8:00 से 9:00 बजे परिवार के लिए समय रहेगा इसी प्रकार शाम 4:00 से 5:00 बजे 15 वर्ष से छोटे बच्चे, 5:00 से 6:00 बजे परिवार, 6:00 से 7:00 बजे महिलाएं और 7:00 से 8:00 बजे पुरुषों के लिए समय रहेगा।

# फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

## देवगढ़ पुलिस प्रशासन ने युवक को डिटेन किया

**देवगढ़,** (निसं)। थाना क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर देवगढ़ निवासी एक युवक द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर फायरिंग करते हुए का वीडियो वायरल करने से चर्चा का माहौल गर्म हो गया। उक्त मामला जब मीडिया में प्रकाशित हो गया तो प्रशासन हरकत में आया और फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस प्रशासन ने डिटेन किया।

इस वीडियो में देवगढ़ के शोरगर मोहल्ला निवासी एक युवक अनीश खान पिता मुश्ताक मोहम्मद देवगढ़ रात के अंधेरे में हवा में फायरिंग करता हुआ दिखाई दे रहा है। तो वहीं वीडियो में उसके पीछे उसके अन्य साथी भी नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं फायरिंग करने का युवकों द्वारा वीडियो बनाया गया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया गया है। वीडियो अपलोड करने के दौरान वीडियो पर लिखा गया है कि मजबूर नहीं मजबूत बनें।

ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि यह युवक किस मजबूती की ओर इशारा कर रहा हैं। वायरल वीडियो देवगढ़ नगर के हीर बंगला के पास मोड़ पर मॉडल स्कूल रोड का दिखाई पड़ रहा है। कमलेंद्र सिंह सोलंकी पुलिस थाना अधिकारी देवगढ़ ने बताया कि वीडियो पुराना है फायरिंग के मामले में अनीश मोहम्मद को डिटेन किया गया है। पुलिस इस मामले में पूरी जांच कर रही है यह बंदूक पड़ोसी की बंदूक है और अनीश मोहम्मद के नाम पर कोई लाइसेंस नहीं है।

# न्यास कार्यालय परिसर में आग

**भीलवाड़ा,** (निसं)। न्यास कार्यालय परिसर में शनिवार को प्रात: पार्किंग स्थल के पीछे के भाग में आग लगने की घटना हुई है, जिसमें इलेक्ट्रिकल पाइप के 3 बण्डल एवं कुछ अनुपयोग सामग्री जलकर क्षितग्रस्त हो गए। न्यास सचिव अभिषेक खन्ना ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना पाया गया। चूंकि आग वाहन पार्किंग स्थल के पीछे के भाग में आग लगी है तथा आग से जानमाल का नुकसान नहीं हुआ एवं न्यास का रिकार्ड पूरी तरह सुरक्षित है। मुख्य कार्यालय परिसर में भी किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। सूचना मिलने पर न्यास के सुरक्षाकर्मी एवं कार्यालय तकनीकी स्टाफ मौके पर पहुंचे एवं दमकल को सूचित किया और आग पर काबू पाया गया।

# महिला कॉन्स्टेबल ने साथी कॉन्स्टेबल की एस.पी. से शिकायत की

■ भीलवाड़ा में महिला कांस्टेबल को अपने ही साथी कांस्टेबलों से जान और इज्जत का ख़तरा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाने में तैनात महिला कॉन्स्टेबल ने अपने साथी कॉन्स्टेबल की एसपी से शिकायत की है। उसका कहना है कि कपड़े बदलते हुए उसका वीडियो बनाकर वायरल करने और जान देने की बात से उसे धमकाया जा रहा है। मामला सामने आने पर कॉन्स्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला भीलवाड़ा के प्रताप नगर पुलिस थाने का है।

जानकारी अनुसार भीलवाड़ा पुलिस में तैनात एक महिला कॉन्स्टेबल ने एसपी आदर्श सिद्धू के सामने पेश होकर प्रताप नगर थाने में तैनात कॉन्स्टेबल सुनील विश्नोई के खिलाफ शिकायत की है। महिला कॉन्स्टेबल ने बताया कि 27 जून को उसकी रात 12 बजे से ड्यूटी थी। तबीयत खराब होने से वह रात को अपने क्वार्टर पर जाकर दवाई लेने के बाद ड्यूटी के लिए कपड़े बदल रही थी।

अचानक फोन की आवाज आई, खिड़की से देखा तो प्रताप नगर में तैनात कॉन्स्टेबल सुनील वहां खड़ा था। वह क्वार्टर के गेट पर आया और बाहर बुलाया। उसने मेरा वीडियो बना लेने की बात कही और कहा कि उसे अनब्लॉक कर बात करें। ऐसा नहीं करने पर वह मर जाएगा और वीडियो वायरल कर देगा। महिला कॉन्स्टेबल घबरा गई और क्वार्टर का दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद वह अपनी ड्यूटी पर आ गई।

कुछ देर बाद सुनील फिर से उसकी ड्यूटी वाली जगह पर आया और धमकाने लगा। इससे परेशान होकर उसने एएसपी से उसकी शिकायत कर दी। दूसरे दिन सुबह सुनील के साथी कॉन्स्टेबल उसके पास आए और कार्रवाई नहीं करने के लिए समझाने लगे। वीडियो भी डिलीट करवाने की बात कहने लगे।एसपी को दी शिकायत में महिला कॉन्स्टेबल ने जान का डर बताया है। एसपी के आदेश पर प्रताप नगर थाने में कॉन्स्टेबल सुनील विश्नोई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने कॉन्स्टेबल सुनील का तबादला प्रताप नगर थाने से रायपुर पुलिस थाने कर दिया है।

# पहाड़ों से गिरे पत्थर

## जोधपुर में खाली मकान की छत पर गिरने से जनहानि टली

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के नागोरी गेट क्षेत्र में पहाड़ों से मलबा गिरने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर नागोरी गेट थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को सावधान रहने के निर्देश दिए। शहर के नागौरी गेट क्षेत्र में नया तालाब के समीप पहाड़ों से शुक्रवार देर रात लैंडस्लाइडिंग हुई।

गायों की फाटक क्षेत्र में खाली पड़े दो मकानों की छत पर पहाड़ों से आकर पत्थर गिरे। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। शुक्रवार शाम शुरू हुए कहीं तेज तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश के बाद शहर के नागोरी गेट क्षेत्र में रेवासी बस्ती पर पहाड़ी से पत्थर आकर गिरने लगे। जिससे लोगों में दहशत फैल गई। रात करीब 12:00 बजे के बाद हुए इस हादसे में किसी के हताहत होने के समाचार नहीं है। सूचना पर नागोरी गेट थाने से थाना अधिकारी शेष करण चारण मौके पर पहुंचे और लोगों को सावधान रहने की चेतावनी दी। लेकिन देर रात को भी प्रशासन या नगर निगम से कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। इस घटना में जिन दो मकानों पर पहाड़ों का मलबा गिरा वहां फिलहाल कोई नहीं रहता है। लेकिन उसके आसपास के कई मकानों में रहवास है। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए आसपास के कुछ मकानों को भी देर रात को खाली करवाया।

जोधपुर शहर में पहाड़ों से पत्थर गिरने की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। कुछ साल पहले शिप हाउस के समीप हाथों से पत्थर गिरने के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। वही मसूरिया सत्र में भी मकान पर पत्थरों का मलबा गिरा था जिस से भी कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। उदय मंदिर आसन शेत्र में भी पहाड़ों से लैंडस्लाइड होने की घटनाएं हो चुकी है।

# कुवाड़ा खान में गिरे बालक का शव मिला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम खेलने के दौरान कुवाड़ा खान में गिरे 12 वर्षीय बालक का शव शनिवार सुबह मिला। शव को एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला।

सुभाषनगर थाना पुलिस ने बताया कि कुवाड़ा खान निवासी राजू बागरिया का 12 साल का बेटा प्रेम शुक्रवार शाम को स्कूल से पढ़ाई करने के बाद घर लौटा और, कुवाड़ा खान के पास खेलने चला गया, जो अचानक खदान में गिर पड़ा। एक अन्य बच्ची भी पास में मौजूद थी, जिसने हादसे की जानकारी प्रेम के परिजनों को दी। इसके बाद तहसीलदार, डीएसपी सदर व सुभाषनगर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और खदान में किशोर की तलाश करवाई, लेकिन देर रात तक किशोर का पता नहीं चला। ऐसे में तलाश बंद करवा दी गई थी।

शनिवार सुबह छह बजे एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस की टीम ने दुबारा बालक की तलाश शुरु की। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद प्रेम का शव मिला, जिसे खदान से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एमजी अस्पताल स्थित मोर्चरी भिजवा दिया गया। जहां पोस्टमार्टम की कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



शव को एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला।

# मंदिर में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

## जालोर जिले के बागरा थाना पुलिस ने चोरी के आरोपी पकड़े

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के बागरा पुलिस ने शनिवार को श्री धारेश्वर महादेव मंदिर ग्राम नून में हुई चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर दो आरोपियो को गिरफ्तार किया।

जालोर पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशानुसार जिले में चोरी की बढ़ती वारदातों की रोकथाम एवं पर्दाफाश कर आरोपीयों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बागरा थानाधिकारी मोहनलाल गर्ग के नैतृत्व में गठित टीम ने श्री धारेश्वर महादेव मंदिर गांव नून में 23 फरवरी 23 की मध्य रात्री मे मंदिर का ताला तोडकर मंदिर में से चांदी का नाग व झारी चोरी कर ले जाने की घटना का पर्दाफाश करते हुए लोकेश कुमार (27) पुत्र ओमप्रकाश जाति बैरवा व जितेन्द्र कुमार (23) पुत्र जयलाल जाति मीणा निवासीयान बैरोज पुलिस थाना टोडाभीम जिला करौली को 23 जून 2023 को गिरफ्तार किया जाकर पुछताछ की गई, तो चोरी करना स्वीकार किया गया जिसे न्यायालय में पेश कर पीसी रिमाण्ड प्राप्त कर मुलजिमानों से माल मसरूका चांदी बरामद की गई।

लोकेश कुमार (27) पुत्र ओमप्रकाश जाति बैरवा, निवासी बैरोज, पुलिस थाना टोडाभीम, जिला करौली के विरूद्ध जिला करौली, दौसा व सवाईमाधोपुर में चोरी के अलग-अलग 08 प्रकरण दर्ज है। वही जितेन्द्र कुमार (23) पुत्र जयलाल जाति मीणा, निवासी बैरोज, पुलिस थाना टोडाभीम, जिला करौली के विरूद्ध जिला करौली, दौसा में चोरी के अलग-अलग 06 प्रकरण दर्ज है।

# घग्घर नदी से बिंजोर गांव डूबने का खतरा टला

## प्रशासन अलर्ट मोड पर, गांव 36 एपीडी में बांध तुड़वाया

**अनूपगढ़,** (निसं)। क्षेत्र में घग्घर नदी का पानी आने के बाद बिंजोर गांव के लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया था क्योंकि बिंजोर के पास घग्घर नदी का पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा था और प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा बिंजोर गांव को डूबने से बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आज प्रशासन के द्वारा गांव 36 एपीडी के पास घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में बने बांध को तुड़वा दिया गया है जिससे पानी की निकासी भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा की तरफ होनी शुरू हो गई है। गांव 36एपीडी के पास बहाव क्षेत्र में बांध टूट जाने से गांव बिंजोर में पानी का स्तर कम होना शुरू हो गया है जिससे अब खतरा टलता हुआ नजर आ रहा है। घग्घर नदी के पानी का स्तर बढ़ने के कारण लोग गांव बिंजोर से पलायन करने लगे थे। ग्रामीणों का कहना था कि अगर घग्घर नदी का बांध टूट जाता है तो पूरा गांव डूब जाएगा। इसलिए समय रहते हैं वह अपने बच्चों के साथ सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह से जान माल का नुकसान न हो।

घग्घर नदी के पानी के बढ़ते स्तर को देख प्रशासन भी सक्रिय है। उपखंड अधिकारी प्रियंका तलानिया ने बताया कि प्रशासन के द्वारा लगातार बहाव क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। मौके पर अधिकारियों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी है। उपखण्ड अधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की है। एसडीम प्रियंका तलानिया ने बताया कि क्षेत्र में घग्घर नदी के पानी से किसी भी तरह का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा, प्रशासन का प्रयास है कि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधि के सहयोग से राहत कार्य किए जाए ताकि किसी भी गांव में जानमाल का नुकसान न हो।

# सादुलपुर उपखंड के भाकरां में मूसलाधार वर्षा



सादुलपुर में मूसलाधार वर्षा के चलते खेतों में भरा पानी।

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मानसून का दौर सक्रिय होने के चलते शनिवार को भाकरां के आसपास गाँवों में तेज मुसलाधार वर्षा हुई। शनिवार अलसुबह मौसम घनघोर घटाएं छाई रही, बादलों की आवाजाही के बिच उमस बनी रहने से आमजन परेशान नजर आए। इस बिच अचानक 1.30 बजे तेज मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ, जो हवा के झोंको के बिच पोने घन्टे अच्छी तेज वर्षा हुई।

इस दौरान खैरू बड़ी, खैरु छोटी, भाकरां, सुधिवास, राघा बडी, राघा छोटी आदि गाँवो में अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। गौरतलब है कि हरियाणा निकटवर्ती दर्जनों गाँवों में दो हफ्ते से बारिश का इंतजार था, आखिरकार इंद्रदेव ने सुनी पुकार तथा मुसलाधार वर्षा होने से अन्नदाता खुशहाल हो गया।

# श्रीमाधोपुर में 85 एम.एम. बरसात हुई



श्रीमाधोपुर में हुई मूसलाधार बारिश से निचले इलाकों व दुकानों में पानी भर गया।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे में 3 घंटे तक लगातार मूसलाधार बारिश सहित सुबह 8 बजे से लेकर 5 बजे तक साढ़े 3 इंच( 85 एमएम) वर्षा दर्ज हुई। श्रीमाधोपुर खंडेला बाजार में घना नाला बहने से आमजन रुक सा गया जो करीब 2 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। दुकानों व घरों में बरसात का पानी घुस गया।

श्रीमाधोपुर में शनिवार सुबह 5 बजे से ही बरसात शुरू हुई जो 8 बजे तक तेज बरसात हुई। इससे हर आम रास्ते मुख्य बाजार वह गलियों में पानी भर गया। जिससे आमजन रुक गया रिमझिम रिमझिम बरसात 4 बजे तक रही। कल सुबह से ही काले बादल मंडरा रहे थे, जो प्रातः 5 बजे बरसात शुरू हो गई कई जगहों भारी बारिश से खेतों में पानी भर गया। श्रीमाधोपुर शहर में 3 घंटे तक तेज मूसलाधार बारिश ने श्रीमाधोपुर शहर को तरबतर कर दिया।

# पुत्र को बचाने के चक्कर में मां ने भी गंवाई जान

## खेलते-खेलते चार वर्षीय तेजस गिर गया था पानी के कुंड में



कोमल



तेजस

■ लाखलाण बड़ी गांव में छाई शोक की लहर

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील राजगढ के निकटवर्ती गाँव लाखलाण बड़ी में शुक्रवार को एक माँ की अपने चार वर्षीय पुत्र को बचाने के लिए पानी के कुंड में गिरने से माँ व बेटे की मौत हो गई, जिसका शनिवार को मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनो को सौंपा गया है।

राजगढ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील पुलिस निरीक्षक ने बताया कि धीरज सिंह पुत्र सुजान सिंह राजपूत उम्र 32 साल निवासी लाखलाण बड़ी ने पुलिस थाना राजगढ में सौंपी रिपोर्ट में बताया है कि 28 जुलाई 2023 को समय दिन में करीबन 11.30-12 बजे के आसपास उसका पुत्र तेजस उम्र 4 साल उनके घर के पीछे बने पानी के कुण्ड के पास खेल रहा था तथा उसकी पत्नी पास में ही कपड़े धो रही थी। उसी दौरान खेलते-खेलते उसका पुत्र तेजस पानी के कुण्ड में गिर गया। तभी उसकी पत्नी कोमल यह देख कर उसे बचाने के लिए बचाओ-बचाओ का रोला किया और उसे बचाने के लिए कुण्ड में झुकी, इसी दौरान उसे बचाने के लिए कुण्ड में गिर गई। आवाज सुनकर आसपास के घरो के लोग आये तब तक उसकी पत्नी कोमल व पुत्र तेजस की पानी में डूबने से मौत हो गई।

धीरज सिंह ने बताया कि उक्त दुघर्टना में उसके पुत्र को बचाने के चक्कर में माँ व पुत्र की मौत हो गई। राजगढ थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है। गौरतलब है कि घटना के वक्त कोमल का पति धीरज सिंह सादुलपुर में दवा लेने के लिए आया हुआ था तथा धीरज निजी एजेंसी तारानगर में नौकरी करता है।

# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। 27 जुलाई को गांधी नगर निवासी पूरन चंद पुत्र अमर सिंह ने एलआईसी ऑफिस के बाहर से अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ उसकी उसकी बाइक चोरी कर ले जाने का मामला थाना मथुरा गेट पर दर्ज कराया था। जिस पर अनुसंधान कर आरोपी अजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# डीजे बंद करने को लेकर दो समुदायों में विवाद



मांडल थाना क्षेत्र में तनाव की स्थिति के दौरान बाजार बंद रहे।

■ मांडल में बंद रहे बाजार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र में भगवान की सवारी के दौरान डीजे साउंड बंद करने को लेकर दो समुदायों में विवाद हो गया और दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने हो गए, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने क़ानून व्यवस्था क़ायम रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

भीलवाड़ाके मांडल कस्बे में एकादश्मी से पूर्व दशमी को परंपरागत तरीके से शेषशहाय धाम बड़ा मंदिर से भगवान चारभुजा नाथ का बेवाण निकलता है, जो की भजन कीर्तन के साथ नियत मार्ग से होते हुए पुनः बड़ा मंदिर पहुंचता है। कस्बे में हसन हुसैन के ताजिया भी निकलने वाले थे। वहीं, दशमी पर भगवान चारभुजा का बेवाण भी निकाला जा रहा था। दोनों समुदाय अपने अपने धर्म के अनुसार, परंपरागत तौर तरीके से आयोजन कर रहे थे। इसी दौरान लखारा चोक में बेवाण के पहुंचने और वहां संगीतमय कीर्तन करने के लिए एक समुदाय के लोगो से साउंड बंद करने के लिए बोला लेकिन साउंड बंद नहीं किया गया, जिससे गहमागहमी हो गई और दोनों समुदाय आमने-सामने हो गये थे।

एक समुदाय का आरोप था कि ताजिया से पहले दो दिन पूर्व छडी निकालने का रिवाज है। इस दौरान दूसरे समाज द्वारा उसके रास्ते में तेलियो के मोहल्ले में भजन कीर्तन रख दिए और जब छडी उस स्थान के पास निकली तो तेज आवाज में कीर्तन करना प्रारंभ कर दिया था, जिससे छडी निकालने में दिक्कत आई थी। ये कार्य केवल मात्र सौहार्द बिगाड़ने के लिए किया गया था। उसी तर्ज पर लखारा चोक में भी जब बेवाण पहुंचा तो एक समुदाय के लोगों ने साउंड बंद नहीं किया, जिससे विवाद बढ गया और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. हंगामे की सूचना पर मौक़े पर पहुंचे पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी मशक्कत से समझाइश कर मामले को शांत करने का प्रयास किया गया।

## 13 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त

भरतपुर (निस)। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा आईपीएस के निर्देशन में जिला भरतपुर में अवैध व हथकढ़ शराब के विरूद्ध विषेश अभियान चलाया जाकर अलग-अलग स्थानों से 13 लीटर हथकढ़ शराब को जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना नगर के मोहनसिंह हैड कानिस्टेबल मय जाप्ता द्वारा गांव गहनकर के पास गस्त के दौरान अवैध शराब बेचते हुये पाये जाने पर आरोपी जयसिंह पुत्र रमेश जाति बलाई उम्र 24 साल निवासी मंगलश्वेर का बास थाना रामगढ जिला अलवर को 5 लीटर अवैध हथकढ़ शराब के गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया हैं। इसी प्रकार थाना सीकरी के योगेश कुमार हैड कानिस्टेबल मय जाप्ता द्वारा घमूडकी मोड के पास गस्त के दौरान अवैध शराब ले जाते हुये पाये जाने पर आरोपी गुरूचरनसिंह पुत्र मांगसिंह जाति रायसिक्ख उम्र 22 साल निवासी घमूडकी थाना सीकरी को 8 लीटर अवैध हथकढ़ शराब के गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया हैं।

# आरोपी को उसके अन्य दस साथियों सहित गिरफ्तार किया



राजगढ़ थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी कुलदीप।

■ अवैध हथियार के साथ बड़ी वारदात को अंजाम देने आये थे बदमाश

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले एक आरोपी को अवैध हथियार मय तीन राउण्ड एवं उसके साथ आये अन्य 10 साथी आरोपियों को वारदात से पूर्व गिरफ्तार किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना आईपीएस ने बताया कि थाना राजगढ टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए जिला स्पेशल टीम के रोशनलाल कास्टेबल की सूचना पर आरोपी कुलदीप निवासी सहूवाला पुलिस थाना हनुमानगढ के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल मय तीन राउण्ड जब्त किया जाकर आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया जाकर गहनता से पुछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि आरोपी कुलदीप राजगढ न्यायालय में बोलेरों कैम्पर व पीकअप व कार में अपने साथ 10-12 अन्य साथियों को साथ लेकर अपने दोस्त विकास उर्फ सरीफ रोडिया की तारीख पेशी पर आया था। दोनों पक्षो की पूर्व में रंजिश चल रही है। दोनों पक्ष न्यायालय राजगढ में उपस्थित थे, जहाँ पर कोई बड़ी वारदात करते हो सकती थी। जिसकी सूचना मिलने पर उच्चाधिकारियों के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना राजगढ व जिला स्पेशल टीम द्वारा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले ही आरोपी कुलदीप के अलावा अन्य 10 युवकों को गिरफ्तार किया गया था। मौके से आरोपी कुलदीप फरार हो गया था, जिसे तलाश कर मय हथियार के गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस ने दो बालिकाओं को संरक्षण में लिया

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने घर में घुसकर जेवरात चोरी करने के मामलें में विधि से संघर्षरत 2 बालिकाओं को संरक्षण में लिया है। 26 जुलाई 2023 को सूरजमल नगर थाना मथुरागेट निवासी ओमप्रकाश पुत्र बलवीर जाति जाट ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध सूरजमल नगर स्थित प्रार्थी के मकान में घुसकर 20 चॉदी के सिक्के, सोने के कुण्डल, सोने का मंगलसूत्र, सोने का नाक का फूल, कीमती साडिया, 10,000 रूपये चोरी कर ले जाने का एक मामला थाना मथुरागेट पर दर्ज करवाया था। जिस पर धर्मसिंह हैड कानिस्टेबल मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान उक्त मामले में विधि से संघर्षरत 2 बालिकाओं को संरक्षण में लेकर उनके कब्जे से 2 चॉदी के सिक्कों को बरामद किया गया है। एवं अन्य माल की बरामदगी के बारे में गहनता पूर्वक पूछताछ की जा जारी है।

# फेसबुक पर हुई पहचान के बाद युवती ने किया ब्लैकमेल

■ अजमेर का एक कांस्टेबल भी नामजद, अश्लील मैसेज से एक लाख की डिमाण्ड

■ सालावास नंदवान के एक ज्वैलर को धमका रही युवती

**जोधपुर,** (कासं)। सालावास नंदवान के एक ज्वैलर को युवती अश्लील मैसेज कर धमका रही है। वह एक लाख की डिमाण्ड करने के साथ मामला रफादफा का बोल रही है। आरोप है कि अजमेर जिले के शास्त्रीनगर थाने का एक कांस्टेबल भी इसमें शामिल है। फिलहाल पुलिस ने युवती सहित कांस्टेबल को नामजद कर तफ्तीश शुरू की है। सालावास नंदवान गांव निवासी सूरज करण सोनी पुत्र शिवलाल की तरफ से केस दर्ज करवाया गया।

इसमें बताया कि उसकी जान पहचान फेसबुक पर अजमेर की प्रिया कंवर से हो रखी है। एक दिन प्रिया कंवर ने अपनी ननद की शादी के लिए गहने बनाने की बात की और बाजूबंद, मंगलसूत्र एवं पुणच की फोटो वाटसअप पर मंगवाई। सुनार सूरज करण ने उसे फोटो भेज दिए। बाद में प्रिया कंवर ने उसे 300 ग्राम सोने के आर्डर देने की बात की। फेसबुक पर पहचान के साथ वह बाद में अश्लील मैसेज भेजने लगी। वाटसअप पर भी अश्लील मैसेज करने लगी।

इस पर परिवादी ने बाद में अपना फोन बंद करने के साथ उसके मैसेजेस का जवाब देना बंद कर दिया। तब प्रिया कंवर ने फेसबुक मैसेंजर पर मैसेज करने के साथ एक लाख की डिमाण्ड कर धमकाने लगी। पीड़ित का आरोप है कि उसे अजमेर के शास्त्रीनगर थाने के एक कांस्टेबल नागेंद सिंह ने भी धमकाया और ले देकर मामला निपटाने को कहा। घटना को लेकर सूरजकरण सोनी की तरफ से अब विवेक विहार थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# शराब ठेकेदार के मकान से लाखों की चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के माता का थान स्थित मंदिर के पीछे बोरडीवाला जाव में एक सूने मकान में मध्य रात दो नकबजनों ने शराब ठेकेदार के मकान से लाखो की चोरी कर ली। घर से 20 लाख की नगदी के साथ लाखों के आभूषण चोरी होना बताया जाता है। परिवार के लोग हरिद्वार गए हुए है। चोरी गए सोने चांदी के बारे में फिलहाल विस्तृत ब्यौरा नहीं मिल पाया। रिपोर्ट अभी नहीं दी गई है। सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी वहां पहुंचे।

एसीपी मंडोर पीयूष कविया ने बताया कि बोरडीवाला जाव में शराब ठेकेदार प्रीतम सिंह पुत्र कालूसिंह परिवार सहित रहता है। परिवार इन दिनों हरिद्वार गया हुआ है। प्रीतम सिंह को किसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर उसने अपने भाई को इस बारे में जानकारी दी। बाद में पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंची। माता का थान थानाधिकारी प्रेमदान के अनुसार फिलहाल घर से 20 लाख की नगदी चोरी होना सामने आ रहा है।

आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता लगता है कि रात एक से डेढ़ बजे के बीच में दो युवक मोपेड पर आए और एक युवक मोपेड से उतर कर लगिये से मैन गेट का ताला तोडक़र प्रवेश किया। दूसरा युवक मोपेड को घुमाकर वापिस कुछ दूर ले गया। चोरी की यह वारदात कुछ ही मिनटों में की गई है। दोनों नकबजन के चेहरे फुटेज में साफ तौर पर देखे जा सकते है। फिलहाल परिवार की तरफ से दी जाने वाली रिपोर्ट पर पुलिस की तरफ से अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। चोरी गए सामान का ब्यौरा फिलहाल नहीं मिल पाया है। अनुमानित तौर पर चोरी 50-60 लाख की हो सकती है।

# नाबालिग के साथ गैंगरेप के दो आरोपी तमिलनाडु और महाराष्ट्र से गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म के आरोपी।

■ गिरफ्तार आरोपी दो-तीन सालों से लगातार नाबालिग को डरा धमका कर अलग-अलग तथा सामूहिक रूप से कर रहे थे रेप

**नागौर,** (निसं)। नाबालिग के साथ गैंग रेप मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सीओ डीडवाना व खूनखुना थाना पुलिस की टीम ने प्रभावी कार्रवाई कर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना खुनखुना क्षेत्र निवासी आरोपी संग्राम राम चोयल जाट को तमिलनाडु के सेल्लम से तथा आरोपी तेजाराम जाट को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि 18 जुलाई को पीड़ित नाबालिग बालिका की मां ने आरोपी शिवराज, प्रदीप, सुरेश कुमार, नरेंद्र भींचर, अशोक मुवाल, संग्राम राम, तेजाराम व अन्य के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दी कि वे पिछले दो-तीन साल से उसकी बेटी के साथ अलग-अलग व सामूहिक रूप से दुष्कर्म कर रहे हैं। उन्होंने उसकी बेटी के अश्लील फोटो खींच रखे है। रिपोर्ट पर आईपीसी की संबंधित धाराओं, पोक्सो व आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच सीओ डीडवाना गोमाराम द्वारा प्रारंभ की गई। एसपी जोशी ने बताया कि नाबालिग से लगातार रेप-गैंगरेप होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेंद्र फौजदार के सुपरविजन और डीडवाना गोमाराम के नेतृत्व में एसएचओ खुनखुना बनवारी लाल मय टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर पूर्व में 5 नामजद आरोपियों शिवराज मुकेश, प्रदीप, नरेंद्र व अशोक को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को गठित टीम द्वारा नामजद आरोपी संग्राम राम चोयल को तमिलनाडु के सेल्लम तथा तेजाराम जाट को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया। नाबालिग से गैंगरेप के इस मामले में अब तक पुलिस द्वारा सात नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।


**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति बयाना ( भरतपुर )**

क्रंमाक:लेखा/2023-24/550-553 दिनांक-28.07.2023

**निविदा सूचना**

पंचायत समिति बयाना में "इन्दिरा गांधी स्मार्ट फोन योजनान्तर्गत" पात्र लाभार्थियों को स्मार्ट फोन उपलब्ध करवाने हेतु आयोजित किये जाने वाले शिविर के लिए आधारभूत सुविधाऐं यथा टेबल, कुर्सी, टेन्ट, लेपटॉप मय ऑपरेटर, प्रिन्टर, स्केनर, पंखे, कूलर, स्टेशनरी एवं पेयजल इत्यादि दिनांक 07.08.2023 से 10.10.2023 तक उपलब्ध कराने हेतु निविदा सूचना जारी की जाती है। निविदा की अन्तिम तिथि 04.08.2023 सायं 5.00 बजे तक है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

NIB-ZBH2324A0093, UBN- ZBH2324SLRC00176 **विकास अधिकारी पंचायत समिति, बयाना**

## संक्षिप्त

### सद्भावना संगोष्ठी आयोजित

**फागी, (निसं)।** कस्बे में आयोजित सामाजिक सद्भावना संगाष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता टोंक जिला संघचालक पुरूषोत्तम ने समाज विकास के लिए सद्भावना जरूरी होने की बात कही। कस्बे के लक्ष्मी विद्या मन्दिर में आयोजित फागी खण्ड की विचार गोष्ठी में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आये समाज के प्रबुद्धजनों ने अपने अपने समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा समाज विकास के लिए सभी समाजों को एक साथ मिलकर सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए काम करना होगा। सांगानेर जिला संघचालक एडवोकेट कृश्ण कुमार लखेरा ने समाज में व्याप्त कुरूतियों की ओर इशारा करते हुए समूल नष्ट हेतु सतत प्रयास होने की बात दोहराई। विभिन्न समाज के समाज प्रमुखों ने सामाजिक सदभावना के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होने के लिए कहा।

### खाटूश्याम के दरबार में अर्जी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर जिला बनाओ कोर कमेटी के बैनर तले चल रहे आंदोलन में शामिल शहरवासियों ने शनिवार को बाबा खाटूश्याम के दरबार मे अर्जी लगाई। मालपुरा से खाटुश्याम दर्शना के लिए निकले श्याम भक्तों के दल को कोर कमेटी की ओर से बाबा श्याम के नाम प्रार्थना पत्र लिख बाबा के समक्ष मालपुरा को जिला बनाने की अर्जी लगाई है। शनिवार को शहर के व्यास सर्किल पर 13०वें दिन भी जारी रहा धरना।

### शिल्पा महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी

**फागी, (निसं)।** क्षेत्र के चकवाडा ग्राम निवासी शिल्पा शर्मा को अखिल भारतीय च्वनगौड ब्राह्मण समाज महासभा समिति ने महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया है। समिति के राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम शर्मा ने बताया कि समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम शर्मा की अनुशंसा पर समाज में महिला उत्थान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिल्पा शर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया है। इस मनोनयन पर समाज के सैंकडों लोगों एवं प्रबुद्धजनों ने शिल्पा को बधाई देते हुए समाज विकास के लिए कार्य करने की आशा प्रकट की।

# सांभर में सरसों का ताजिया बना हिंदू-मुस्लिम सौहार्द का प्रतीक

**सांभरझील, (निसं)।** सांभर में इमाम हुसैन की शहादत पर मुस्लिम भाइयों ने शनिवार को यहां के प्रमुख स्थानों से ढोल ताशों की मातमी धुन के साथ ताजिए निकाले। अलमपुरा, बरडोटी, सुधाबाड़ी, पांच पीरों का मोहल्ला, खारडा मोहल्ला व बंजारों की मस्जिद से अलग-अलग ताजिए निकाले गए। ताजियों के साथ भारी संख्या में मुस्लिम भाइयों के अलावा सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

> ■ मुस्लिम भाइयों ने मातमी धुन के साथ निकाले ताजिए

कानून व्यवस्था के मद्देनजर जगह जगह पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए कयाल परिवार की ओर से सरसों का ताजिया बनवाया गया। सरसों का ताजिया बनाने के लिए प्रक्रिया करीब दस रोज पहले से ही शुरू की जाती है। बास बांस की खपच्चियों से ढांचा तैयार कर इसके ऊपर रुई लपेटी जाती है और उसमें सरसों के दाने भी लगा दिये जाते है, इसकी सिंचाई की जाती है, धीरे-धीरे इसमें सरसों के दाने अंकुरित होने लग जाते हैं और उसके पश्चात ताजिए के एक दिन पहले यह पूरा हरा भरा सरसों का ताजिया लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र भी रहता है। यह सरसों का ताजिया सांभर में विगत कई दशकों से हिंदू-मुस्लिम सौहार्द की एकता का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात इमाम चौक पर आकर रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित कर्बला लेकर जाते हैं जहां सभी ताजियों को कर्बला में दफनाया गया।



मोहर्रम पर कयाल परिवार की ओर से सरसों का ताजिया बनवाया गया।

## शांति व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर पुखराज सेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों, उपखंड अधिकारियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना की तैयारियों एवं जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द को कायम रखने हेतु पुलिस एवं संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल रखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध व्यक्तियों से समन्वय रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें तथा प्राप्त सूचना का फीडबैक जिला प्रशासन को देवें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना व दुर्घटना होने की स्थिति में तुरंत सूचना का संप्रेषण जिला मुख्यालय पर किया जावे इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। उन्होंने इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की तैयारियों की समीक्षा कर उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 अगस्त से प्रदेश भर में यह योजना शुरू होगी जिसकी जिले में पूर्ण तैयारी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

## सार-समाचार

### नर्सिंग कर्मचारी धरने में शामिल



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नर्सेज एसोसिएशन की ओर से अपनी मांगों को मनवाने के लिए सीकर के श्री कल्याण अस्पताल परिसर में दिए जा रहे धरने में 29 जुलाई शनिवार को श्रीमाधोपुर ब्लॉक के नर्सेज कर्मचारी धरने में शामिल हुए।इसी दिन नर्सेज ने सर्वसम्मति से संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसमे श्रीमाधोपुर संघर्ष समिति का संयोजक महिपाल चोधरी को नियुक्त किया गया और रतन सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया । शनिवार को सीकर धरने में श्रीमाधोपुर ब्लॉक की तरफ से स्योदान सिंह,हरि ओम शर्मा,विक्रम सैनी, ओमप्रकाश मीणा, यतीम सिंह, रतन सिंह ,सुभाष धायल, सुरेंद्र सिंह, सांवलराम ,सागरमल, विनीता, शर्मिला, उमराव सिंह, महावीर प्रसाद ,सरोज चौधरी ,बाबूलाल मीणा, मोतीराम, हंसा लूनिया, जितेंद्र, हुक्मा राम, अशोक सैनी , ओमप्रकाश गोदारा, संतोष आदि ने भाग लिया।

### बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई

**टोंक, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक राजर्षिराज वर्मा के निर्देश पर दूनी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर मय ट्रोली जप्त किया। साथ ही राजवीर चौधरी पुत्र सीताराम उम्र 19 साल निवासी घाड को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार टोडारायसिंह थाना क्षेत्र में पुलिस ने दौराने गस्त साललियावास से बोटूण्डा मार्ग के चन्दनपुरा मोड के पास अवैध पत्थर का खनन करते एक ट्रेक्टर मय ट्रोली एवं चालक मुकेश पुत्र जगदीश मीणा उम्र 32 साल निवासी भेरूपुरा को गिरफ्तार किया गया। जिसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में रखने के आदेश पेश किये गये।

### महिला ने पुलिसकर्मियों और सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज कराया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** मांढण थाना क्षेत्र के गांव महतावास में 19 जुलाई की रात्रि करीब 2 बजे शराब पीकर घर में घुसे सरपंच व पुलिसकर्मियों के खिलाफ महिला द्वारा छेड़छाड़ करते शोर मचाकर आवाज लगाने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया। गौरतलब है कि करीब 10 दिन से चले आ रहे उक्त मामले में महतावास गांव की महिला मोना पत्नी कपिल नाई का मांढण थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं करने पर महिला ने 26 जुलाई को जिला पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी कार्यालय में रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। वहीं 10 दिन से मांढण थाने के चक्कर लगा रही महिला का आखिर उसी थाने के पुलिसकर्मियों व गांव के सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज करना पड़ा। उक्त मामले में थाना अधिकारी हनुमान ने बताया कि मामले में अनुसंधान कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### अल्का को पुनः राष्ट्रीय सचिव बनाया

**निवाई, (निसं)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यकारणी में राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर को पुनः राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया है जिससे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान पूर्व शहर अध्यक्ष रामअवतार घाटी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, प्रधान रामअवतार लांगडी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा, भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर, मनोज पाटनी, शिवदयाल हरभांवता, शंकर पडियार, राजाराम गुर्जर, मंडल अध्यक्ष दयाराम जाट, गिर्राज जाट, नाथू किराड, राजेन्द्र जैन, प्रहलाद सैनी, किशनलाल चौधरी, मदनलाल सैनी, अंकुर सालोदिया, मुरारी शर्मा सहित कई भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का आभार व्यक्त किया।

### मोहर्रम पर जुलूस निकला

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में मातमी धुनों के साथ मोहर्रम की दसवीं तारीख को शहीद-ए-आजम हजरत सैयदना इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद करते ताजिया जुलूस निकाला गया। जाकीर कुरेशी ने बताया कि शुक्रवार रात को ताजियों को इमाम बाड़ों से निकाला गया। शनिवार दोपहर ढोल ताशे की मातमी धुनों के सात ताजिये का जलसा कर्बला से रवाना होकर चौपड़ बाजार पहुंचा जहां पहलवानों ने करतब दिखाए। वहां से जुलूस कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ जहां, शहीदाने कर्बला को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के बाद ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया। थानाधिकारी मुकेश कुमार पुलिस जाप्ते के साथ मौजूद थे। इस मौके पर इमामुद्दीन तेली, याकूब कुरैशी, हनीस कुरेशी, फखरुद्दीन कुरेशी, इमरान कुरैशी समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम पर शरबत पिलाया

**टोंक, (निसं)।** मोहर्रम को पैगंबर हजरत मोहम्मद स. के नवासे इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत पर ग्राम पोस्ट हमीरपुर तहसील टोडारायसिंह में मुस्लिम नौजवान भाइयों ने एक शरबत की छबील लगाई और गरीब मिस्कीन बेवा मजदूर व पदयात्री व हमीरपुर वासियों व अन्य ग्रामीणों को शरबत पिलाया गया। ग्राम पंचायत हमीरपुर के सरपंच गीता देवी जाट जनप्रतिनिधि गोवर्धन लाल जाट ने बताया कि मोहर्रम के मौके पर हमीरपुर के मुस्लिम भाइयों ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया । इस शरबत पिलाने में बाबू शाह कालू खा शब्बीर इस्लाम दिलदार व नवाब अरबाज शाहरुख फारुख आसिफ हुसैन अमन फिरोज इमरान मोहिन आदि भाई मौजूद रहे।

## 7 ताजिये मातमी धुनों के बीच निकाले

**चाकसू, (निसं)।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में कस्बे में शनिवार को मातमी धुनों के साथ गमी माहौल में ताजिये निकाले गए जो देर शाम को कर्बला में सुपुर्द ए खाक किये गए।

नोजवान वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आमीन मोहम्मद व सचिव इरफान खत्री ने बताया कि पाक मोहर्रम माह की दसवीं तारीख पर चाकसू में मोहल्ला करार खनियांन, देशवलियांन, कुरैशियान, दलालों का, नागोरियान, लुहारों का सहित 7 ताजिए निकाले गए। इससे पहले मुस्लिम धर्मावलंबिओं ने सोमवार की रात्री को परम्परानुसार कत्ल की रात मनाई। वहीं मंगलवार को विभिन्न इलाकों की मस्जिद व इमामबडों से ढोलताशों की मातमी धुनों के बीच निकले सभी ताजिए तहसील चैराहा पर पहुंचे। जहां मुस्लिम बन्धुओं ने अपने-अपने शारीरिक करतब एवं तलवार और पट्टेबाजी का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया। वहीं अकीदतमंदों ने ताजियों की जियारत कर मन्नतें मांगी।

# किशनगढ़ बास नगरपालिका की सरकारी भूमि आज तक पंचायत के नाम दर्ज

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** नवगठित खैरथल जिले के किशनगढ़ बास में राजस्व अधिकारी सरकार की अधिक से अधिक लोगों को पट्टे जारी करने की मंशा पर पानी है फेरे हुए हैं। 2010 में जारी की गई अधिसूचना के बाद भी आज तक किशनगढ़ बास नगर पालिका के नाम राजकीय भूमि राजस्व विभाग की ओर से हस्तांतरित नहीं की गई है।

प्रशासन शहरों के संग अभियान के दो चरण पूरे हो चुके हैं और करीब 1 दर्जन से अधिक ऐसे भूमि खसरा नंबर हैं जहां लोगों को पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। प्रशासन शहरों के संग चलाए गए अभियान में सरकार की मनसा थी कि शिविर के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पट्टे मिले। लेकिन विडंबना की बात है कि 8 साल पहले बनी किशनगढ़ बास नगरपालिका के नाम नगरीय पेरा फैरी क्षेत्र की राजकीय भूमि राजस्व अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते आज तक हस्तांतरित नहीं हो सकी है।

> ■ नगर पालिका ने तहसीलदार को सरकारी भूमि स्थानांतरण के लिए लिखे पत्र, फिर भी नगरपालिका के नाम नहीं चढ़ी भूमि

नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर ने बताया कि 8 दिसंबर 2010 को सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अंतर्गत नगरीय निकाय पेरा फेरी क्षेत्र में स्थित समस्त राजकीय भूमि को नगरीय निकायों को हस्तांतरण करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। किशनगढ़ बास में करीब 8 साल से नगर पालिका कार्य कर रही है और राजकीय भूमि अभी भी ग्राम पंचायत के नाम पर दर्ज है। ऐसी स्थिति में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने की संभावना बढ़ी हुई है । ईओ ने कहा, किशनगढ़ बास नगरीय निकाय के पेरा फेरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी राजकीय भूमि सिवायचक, चारागाह, गैर मुमकिन, आबादी आदि को लेकर तहसीलदार किशनगढ़ बास को 30 मई 2023 को पत्र लिखा गया है। इसके 1 माह बाद 7 जून को फिर से एक पत्र लिखा जा चुका है। लेकिन अभी तक नगरपालिका के नाम राजकीय भूमि को राजस्व विभाग ने हस्तांतरित नहीं किया है।

2021 में प्रशासन शहरों के संग अभियान की शुरुआत की गई। दो चरण अभियान के पूरे हो चुके हैं। प्रशासन शहरों के संग अभियान से पहले स्वायत शासन विभाग की ओर से 24 अगस्त 2021 को नगरीय निकाय पैरा फेरी क्षेत्र मैं स्थित समस्त राजकीय भूमि हस्तांतरण बाबत जिला कलेक्टर अलवर को भेजा गया। लेकिन अभी तक पैरा फेरी क्षेत्र की सरकारी भूमि को नगरीय निकाय के नाम हस्तांतरण नहीं हो सकी है। 10 जुलाई 2013 में जारी अधिसूचना को अधिक्रमित करते हुए उप नगर नियोजक अलवर को किशनगढ़ बास के नगरीय क्षेत्र जिसमें तहसील किशनगढ़ बास के निम्नलिखित 18 गांव सम्मिलित किए गए। जिनका सिविक सर्वेक्षण करने एवं मास्टर प्लान 2041 बनाने हेतु नियुक्त किए जाने के आदेश 19 अगस्त 2021 को नगरीय विकास विभाग जयपुर ने जारी किए हैं। यह है गांव के नाम जिन्हें नगरीय क्षेत्र में जोड़ा गया। कुलताजपुर, छतरपुर, झिरडिया, तहनोली, बंबोरा, बाघोर खेडला, इस्माइलपुर में खैरथल इस्माइलपुर किशनगढ़ रोड के उत्तर का क्षेत्र। रानोली टहटडा टाकाहेडी नूरनगर बास कृपाल नगर किशनगढ़ बास गंज दयालपुर ओदरा जाटका है।

# मातमी धुनों के बीच ताजिए का जुलूस निकाला

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा कस्बा में पैगबर हजरत मोहमद साहब के नवासे इमाम हुसैन एवं उनके बहत्तर हमराहियों की शहादत पर कस्बा में शनिवार को शाही जामा मस्जिद से मुख्य बाजार होते हुए ढोल-ताशों की मातमी धुनों के बीच ताजिए का जुलूस निकाला गया।

वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसुरी, नायब सदर अयूब लुहार समेत कमेटी सदस्यों द्वारा क्षेत्रीय विधायक इन्द्रराज सिंह गुर्जर, बिजली विभाग एईन कपिल शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाईस चैयरमेन अशोक सैनी, पूर्व उपसरपंच कैलाश सैनी, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हाडिया समेत आगंतुक गणमान्य लोगों को भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक इन्द्रराज सिंह गुर्जर ने कहा कि आसपास के जिलों में प्रागपुरा कस्बा का मोहर्रम ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध है जिसे जयपुर, दिल्ली, यूपी, पंजाब, एमपी समेत आसपास के क्षेत्र से सैकडों लोग देखने व जुलूस में शरीक होने आते है। साथ ही यह पर्व ग्रामवासियों में हिंदू-मुस्लिमों का सौहार्द का प्रतिक रहा है। मुहर्रम मेले में प्रशासन द्वारा पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। एएसपी विधाप्रकाश, कोटपुतली डीएसपी मदन लाल जैफ, प्रागपुरा थानाधिकारी सवाई सिंह सहित पुलिस का पर्याप्त जाप्ता मेले में अलर्ट मोड में रहा। मेला कमेटी द्वारा प्रागपुरा कस्बे के सुभाष चौक पर मीठे पानी की छबील, गोगा मंदिर के सामने आगंतुक व ग्रामवासियों के लिए भोजन की सुसज्जित माकुल व्यवस्था की गई। वहीं मेले के अखाडे में नौजवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। शाम को मगरिब की नमाज के ठीक पहले ताजिए को गांव स्थित कर्बला में दफना दिया गया। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजय सैनी ने बताया कि इस बार मेला में समुदाय के लोगों ने पहले से भी ज्यादा मेले को ऐतिहासिक बनाने की पूर्ण तैयारी समय से पहले ही कर ली थी लेकिन ऐन वक्त पर बारिश के मौसम ने मेले का मिजाज बिगाड दिया।

> ■ बारिश ने बिगाड़ा मेले का मिजाज, सुरक्षा में तैनात रहा भारी पुलिस जाब्ता

## दो सड़कों का शिलान्यास किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बालेंदू सिंह शेखावत ने अजीतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में करीब 92 लाख की लागत से बनने वाली दो सड़कों का शिलान्यास किया एवं लोगों की जनसुनवाई की।

शेखावत अजीतगढ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिहोडी के त्रिलोकपुरा सालावाली रोड से भाटिया जोहड़ा तक करीब एक किलोमीटर लंबी व 30 लाख की लागत एवं रायपुर जागीर से रामूवाली ढाणी तक 2.5 किलोमीटर लंबी व 62 लाख 35 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवो व ढाणियों में सड़कों का जाल बिछा दिया एवं अपने इस कार्यकाल में 200 करोड़ से ज्यादा राशि सड़कों के लिए खर्च की।

# हुसैन के नारों संग अक़ीदत से निकला ताजिया

**फुलेरा, (निसं)।** हक व बातिल की जंग में अपना सब कुछ कुर्बान करने वाले हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम का पर्व शनिवार को परम्परानुसार देशभर के साथ फुलेरा क्षेत्र में भी मनाया गया। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने जगह-जगह सेहरे चढ़ाए। वहीं छबील, शर्बत पिलाया गया। शाम को बड़े एहतराम साथ शहादतनामा पढ़ा गया। कर्बला शरीफ में सुन्नते अदा कर ताजिये को दफनाया गया।

मोहर्रम की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कत्ल की रात अकीदत के साथ मनाई गई। लोगों ने शुक्रवार व शनिवार को रोजे रखकर क्षेत्र के साथ देश में अमन, चैन व खुशहाली की दुआ की। इस दौरान इंतिजामिया ताजिया कमेटी इमाम चौक जामा मस्जिद फुलेरा के तत्वाधान में इमाम चौक से होते हुए मुख्य बाजार गांधी चौक, राज बाजार, न्यू कॉलोनी स्थित अण्डरपास से रेलवे कॉलोनी होकर कर्बला पहुंचा जहां पहुंचकर दफनाया गया।

इस मौके पर राज्य स्तरीय सतर्कता समिति खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सदस्य मोहम्मद अयूब खान, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व फुलेरा विधानसभा के कांग्रेस प्रतिनिधि विद्याधर सिंह चौधरी, नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर चन्द सैनी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि राजेश रांवका, अब्दुल लतीफ कुरैशी, रहीश मंसूरी व पुलिस और प्रशासनिक जाप्ता मौजूद रहा।

## 26 छात्र-छात्रा इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित

**रींगस, (निसं)।** कस्बे की सी. सी. ए. शिक्षण संस्थान समूह के कक्षा 12 विज्ञान संकाय के 2023 में उत्तीर्ण 26 छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित किया गया है।

संस्थान निदेशक डॉ. अजय सक्सेना व सह निदेशक कविता सक्सेना ने बताया कि वर्ष 2023 में विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण 26 छात्र छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। चयनित छात्र छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर व भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उच्च अध्ययन के लिए प्रतिवर्ष 80 हजार रुपए पांच वर्ष तक दिये जायेंगे। संस्थान के छात्रों को एक करोड़ चार लाख रुपये की छात्रवृति मिलेगी। एक साथ 26 विद्यार्थियों का चयन होने पर संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई। रींगस परिक्षेत्र में इंस्पायर अवार्ड के लिए अब तक का सर्वाधिक चयन सी सी ए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा दिया गया है। चयनित विद्यार्थियों को संस्थान संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना, बनवारी लाल धायल, रघुवीर सिंह तंवर, कृष्ण कुमार छीपा, झाबर निठारवाल, रामेश्वर बावलिया सहित स्टाफ सदस्यों ने बधाई प्रेषित की व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जनसुनवाई में ग्रामीणों ने सांसद से सड़कें बनाने की मांग की

**निवाई, (निसं)।** सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया ने ग्राम पंचायत बहड, बस्सी में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व समस्या का निस्तारण किया।

सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने गांव व किसान के विकास में कोई कसर नहीं छोडी है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को प्रत्येक किसान के खाते में 2 हजार रूपये की 14 वीं किसान समान निधि योजना में किश्त डाली है। जिसका किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व में भारत देश का नाम रोशन किया है। इस दौरान सांसद जोनापुरिया ने जामडोली में मुख्य बाजार में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। बहड में पंचायत मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यत्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सांसद सुखबीरसिंह जौनापुरिया को बताई जिस पर सांसद ने जनसमस्या पर जल्द निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत बस्सी में अटल सेवा केंद्र में जनसुनवाई कार्यक्रम में सरपंच सांवरमल मीणा ने सांसद जौनपुरिया स्वागत किया। सरपंच सांवरमल मीणा व ग्रामीणों ने सांसद जोनापुरिया को बस्सी से बारेडा, बस्सी से बहड, खेडीमानपुर से पीपल्या व अटल सेवा केन्द्र से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी तक सडक बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि गांवों में विद्युत लाइन बहुत पुरानी है जो दो-चार दिन में फाल्ट होती रहती है जिसके कारण ग्रामीणों को बडी समस्या हो रहे हैं।

इस पर सांसद ने अधिक्षक अभियंता टोंक से फोन पर बात करके जल्द ही नई विद्युत लाइन खिंचवाने की आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने बस्सी में पुस्तकालय बनवाने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बघेरे का आंतक बना हुआ है जिसे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। उन्होंने बघेरा को पकडवाने की मांग की है। इस पर सांसद ने वन विभाग के अधिकारियों से मोबाइल पर बात है। इस अवसर पर प्रधान रामअवतार लांगडी, उप प्रधान दयाराम जाट, अंकुर सालोदिया, राजाराम कसाणा, लादूराम हांकला, मोती चेलरवाल, मनराज पोसवाल, आशाराम डोई, मुरारी मेम्बर, कानजी बन्ना, हनुमान पोसवाल, हंसराज हरसाणा, रामराज, हरकेश व मुकेश कसाणा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

> ■ मोदी सरकार ने गांव व किसान के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी : जौनापुरिया




सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया ने ग्राम पंचायत बहड, बस्सी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

## तीनों ताजिए सुपुर्द-ए खाक

**मनोहरपुर, (निसं)।** मनोहरपुर कस्बे में हजरत मोहम्मद (स.अ.व.स.) के लाडले नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में बनाए गए कस्बे के तीनों ताजिए मातमी धुनों के बीच में माधोवेणी नदी में सुपुर्द-ए खाक हुए। इससे पूर्व में शुक्रवार की रात्रि को कत्ल की रात मनाई गई।

शुक्रवार की सांयकाल 7 बजे मेहंदी की रस्म की अदायगी हुई इसमे अकीदतमंद अपने अपने घर से इमामबाड़ों तक गाजे बाजे के साथ में आए और मेहंदी चढ़ाकर व चुरमा दाल बाटी पर फातेहा लगावाए।

शनिवार को सुबह 10 बजे बाद में मोहल्ला सारवान,मोहल्ला लुहारमण्डी व मोहल्ला तोपचिवाड़ा के तीनों ताजिए अपने अपने इमामबाड़ों से चले, कई स्थानों पर बैठकें देते हुए गांधी चोक में आए जहा पर मेला लगा। मन्नोति मांगने वाले अकीदतमंदों व बीमार लोगों को ताजियों के नीचे से निकलते हुए देखा गया।

इसके बाद में अखाड़ेबाजी का कार्यक्रम शुरू हुआ जो कि दोपहर 3 बजे तक चला व यहा पर मेले का आयोजन भी हुआ।

सांयकाल 6 बजे बाद में तीनों ताजिए माधोवेणी नदी की तरफ़ चले गए जहां पर विधिवत रस्म ओ रिवाज के तीनों ताजियों को सुपुर्द -ए- खाक किया गया।

# पानी की टंकी सही स्थान पर बनाने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा के ग्राम करवास में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनाई जा रही टंकी के गलत स्थान चयन को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर सरपंच देवकरण मान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम सूर्यकान्त शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने एसडीएम को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए कानूनी तरीके से सही स्थान पर टंकी निर्माण करवाने की मांग की। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री, जयपुर ग्रामीण सांसद, जलदाय मंत्री, जिला कलेक्टर व अधिशाषी अभियंता को भी भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम करवास में 02 बोरिंग स्वीकृत हुई थी। जलदाय विभाग के जेईएन ने मनमानी करते हुए एक बोरिंग को निजी खातेदार की जमीन में करवा दी जो कि नियम विरूद्ध है। वहीं जलदाय विभाग के अधिकारी गांव के एक दो लोगों से सांठगांठ कर दूसरी बोरिंग व टंकी निर्माण अब्दुल रहमान की भूमि में करना चाहते हैं। जबकि नियमानुसार उस भूमि में किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता है। सरपंच देवकरण मान ने बताया कि उक्त टंकी निर्माण के लिए भामाशाह कबूल, रूपचन्द व सूरज्ञान पुत्रान सुल्तान जाट ने अपनी निजी खातेदारी भूमि खसरा नं. 548 में से 4 एयर भूमि ग्राम पंचायत को दान दे दी है। यह जगह पूरे गांव के लिए सबसे उपयुक्त है लेकिन जलदाय विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायत की अभिशंषा व ग्रामीणों की सहमति के बावजूद भी अब्दुल रहमान की जमीन में टंकी बनाना चाहते है जो कि गैर कानूनी है। समाजसेवी ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि जहाँ ये टंकी निर्माण करना चाह रहे है उससे लगता हुआ जोहड़ है जो सदैव पानी से भरा रहता है जिससे कभी भी टंकी को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि जलदाय विभाग के अधिकारी यहीं बनाने पर आमादा है तो इससे अच्छा है कि यह टंकी स्कूल के मैदान में बना दी जाये जिससे बालकों सहित ग्रामीणों को भी सहूलियत रहेगी। इस दौरान मूलचन्द सुबेदार, अमरसिंह राठौड़, शीशराम जाट, बलवीर मीना, श्रीचन्द मास्टर, डिप्टी चौधरी, हरदान दौराता, भागीरथ, प्रमेश व राहुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

> ■ ग्राम करवास में जल जीवन मिशन योजना के तहत किया जा रहा टंकी का निर्माण



हम यह जानते है कि पिछला सप्ताह हमारा सर्वश्रेष्ठ नहीं था। हालांकि हमने एशेज को बरकरार रखा। परंतु हमें यह महसूस होता है कि अभी हमारा काम पूरा नहीं हुआ है।

- पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, अंतिम एशेज टेस्ट से पहले।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## विराट कोहली



कोहली एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दहलीज पर हैं। कोहली को एक शतकीय पारी की जरूरत है, जिसके बाद वह वनडे क्रिकेट में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का बडा रिकॉर्ड ध्वस्त कर देंगे। बता दें कि कोहली ने अब तक 274 वनडे खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 265 पारियों में 12898 रन जोडे। कोहली को वनडे में 13 हजार रन कंप्लीट करने के लिए 102 रन की जरूरत है। कोहली अगर आगामी सीरीज में यह रन बनाने में सफल रहते हैं तो वह सबसे तेज (पारी के मामले) 13 हजार वनडे रन बनाने वाले खिलाडी बन जाएंगे। यह रिकॉर्ड फिलहाल सचिन के नाम दर्ज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

# दूसरे वनडे में भारतीय टीम 181 रनों पर सिमटी

**बारबाडोस।** भारत-वेस्टइंडीज वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला बारबाडोस के केनिंगटन ओवल मैदान पर खेला। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 23 ओवर में तीन विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। संजू सैमसन और कप्तान हार्दिक पंड्या क्रीज पर हैं।

अक्षर पटेल 1 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रोमारियो शेफर्ड ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच कराया। यह शेफर्ड का दूसरा विकेट है। उन्होंने ईशान किशन (55 रन) को भी आउट किया। एलीक एथनाज ने उनका शानदार कैच पकडा।

गिल 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गुडाकेश मोती ने अल्जारी जोसेफ के हाथों कैच कराया।

किशन ने जमाया 5वां अर्धशतक

ओपन करने उतरे विकेटकीपर बैटर ईशान किशन ने करियर का 5वां अर्धशतक जमाया। वे 55 बॉल पर 55 रन बनाकर आउट हुए। किशन ने लगातार दूसरे वनडे में अर्धशतक जमाया।

**ईशान-गिल ने 90 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप :** पिछले मुकाबले में इकलौता अर्धशतक जमाने वाले ईशान किशन और शुभमन गिल ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 90 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को गुडाकेश मोती ने तोड़ा। यहां गिल 34 रन बनाकर आउट हुए।

**रोहित-कोहली को आराम, सैमसन-अक्षर को मौका:** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या टॉस कराने पहुंचे। रोहित शर्मा और विराट कोहली इस मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं। इन दोनों की जगह संजू सैमसन और अक्षर पटेल को मौका मिला है।




**वेस्टइंडीज:** ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, एलिक एथनाज, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, केसी कार्टी, रोमारियो शेफर्ड, यानिक कारिया, गुडाकेश मोती, जेडन सील्स और अल्जारी जोसेफ।

**भारत:** हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, उमरान मलिक और मुकेश कुमार।

**बारबाडोस में बारिश की आशंका:** बारबाडोस के मौसम विभाग के अनुसार, बारबाडोस में आज बारिश होने की 50 आशंका है। आज मैच के दौरान बारिश हो सकती है। हालांकि बारिश 2-3 घंटे के अंतराल में 10-15 मिनट तक ही रहेगी। बादल पूरे दिन छाए रहेंगे और दिन का मैक्सिमम टेम्परेचर 30 डिग्री तक रह सकता है।

**भारत ने जीत से शुरुआत की :** भारत ने जीत के साथ सीरीज की शुरुआत की। भारत के लिए ईशान किशन और शुभमन गिल ने ओपनिंग की। विकेटकीपर ईशान किशन ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और 46 बॉल में 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। फील्डिंग में विराट कोहली, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक पंड्या ने कई बॉउंड्री रोकीं। साथ ही कोहली और जडेजा ने शानदार कैच लपक कर टीम को मैच में मजबूत बनाए रखा। गेंदबाजी में स्पिनर्स का बोलबाला रहा। कुलदीप यादव ने 4 और रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट झटके।

## एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये भारत पहुंची मलेशियाई टीम

**चेन्नई, 29 जुलाई।** मलेशिया पुरुष हॉकी टीम यहां होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में हिस्सा लेने के लिये शनिवार को भारत पहुंची।

टूर्नामेंट का आयोजन तीन से 12 अगस्त के बीच मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में होना है। मलेशिया इस आयोजन में पांच बार तीसरे स्थान पर रहा है और इस बार सेमीफाइनल की बाधा को पार कर खिताब जीतना चाहेगा।

बीते कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन करती आयी मलेशियाई टीम ने 2018 एशियाई खेलों में रजत जीता था, जबकि पिछले साल के एशिया कप में भी यह टीम दूसरे स्थान पर रही थी। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में मलेशिया का मुकाबला जापान, कोरिया, पाकिस्तान, चीन और मेज़बान भारत से होगा। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार, लीग चरण में सभी टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी और शीर्ष चार टीमों को सेमीफाइनल का टिकट मिलेगा। मलेशियाई पुरुष अपने अभियान की शुरुआत तीन अगस्त को पाकिस्तान के विरुद्ध करेंगे।

मलेशिया के कप्तान मरहान जलील ने भारत में आगमन पर कहा, "मैं भारत लौटकर बेहद खुश और रोमांचित हूं। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये हमारी तैयारियां सही रास्ते पर हैं और हम इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने की कोशिश करेंगे। मैं मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम को पूरी तरह भरा हुआ देखने की उम्मीद कर रहा हूं। मलेशिया के कोच अरुल एंथनी ने कहा, हमने खेल का नया ढांचा तैयार किया और बीते कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मरहान की अगुवाई में खिलाड़ी नयी योजनाओं में अच्छी तरह ढले हैं।

# लेफ्ट आर्म पेसर्स जिम नहीं नेट्स में ज्यादा प्रैक्टिस करें



**दिल्ली।** आरपी सिंह ने कहा कि युवा बॉलरों, खास तौर से लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर्स, को मोहम्मद सिराज से सीख लेनी चाहिए। पूर्व तेज गेंदबाज भारत और वेस्टइंडीज के बीच चल रहे वनडे सीरीज में जियो सिनेमा के लिए कॉमेंट्री कर रहे हैं। आरपी ने भास्कर के सवाल पर कहा कि लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर टीम इंडिया में आए लेकिन अपने प्रदर्शन को कंटीन्यू नहीं रख पाए। इसीलिए टीम में वह अपनी जगह बरकरार नहीं रख पाए।

**सिराज टीम से ड्रॉप हुए, लेकिन तेजी से इम्प्रूव भी किया :** पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, लेफ्ट आर्म पेसर्स को युवा राइट आर्म फास्ट बॉलर मोहम्मद सिराज से सीख लेनी चाहिए। सिराज टीम से ड्रॉप भी हुए, लेकिन उन्होंने लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार किया और अब टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। युवा लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर अर्शदीप सिंह लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह टीम में अपना स्थान पक्का कर लेंगे। वनडे वर्ल्ड कप में रोहित और गिल ही ओपनिंग करेंगे आरपी सिंह का मानना है कि वनडे वर्ल्ड कप में शुभमन गिल और रोहित शर्मा ही ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में शुभमन गिल और ईशान किशन ने ओपनिंग की थी। सिंह ने कहा कि रोहित ने ईशान को खुलकर खेलने का मौका देने के लिए ओपनिंग कराई। यह टीम की अच्छी रणनीति है। लेकिन वनडे में रोहित ही गिल के साथ ओपनिंग करेंगे। आरपी सिंह ने वनडे वर्ल्ड कप में नंबर-4 की पोजिशन पर सूर्यकुमार यादव का समर्थन किया। उन्होंने कहा, अगर श्रेयस अय्यर टाइम पर फिट नहीं हो पाते हैं तो टीम इंडिया को चौथे नंबर पर सूर्युकमार के साथ ही जाना चाहिए। सूर्यकुमार के विकल्प को खारिज करना मूर्खतापूर्ण होगा।

उन्होंने कहा, श्रेयस के साथ सूर्यकुमार यादव नंबर-चार के लिए एक अच्छा विकल्प हैं, बशर्ते वह फिट हों। अगर आप सूर्यकुमार को एक विकल्प के रूप में भी देख रहे हैं तो उनका आने वाले मैचों में इस्तेमाल महत्वपूर्ण होगा। सूर्यकुमार ने अभी तक वनडे क्रिकेट में अपनी छाप नहीं छोड़ी है, लेकिन जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे हैं और जिस तरह के बल्लेबाज वह हैं।

## वर्ल्ड कप...वेन्यू की निरीक्षण करने भारत पहुंची टीम

**दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में खेला जाना है। वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले 10 शहरों में खेले जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की सिक्योरिटी, इवेंट्स, और ब्रॉडकास्ट एक्सपर्ट्स वाली एक टीम वर्तमान में मैचों की मेजबानी करने वाले स्टेडियमों का दौरा कर रही है। यह टीम 25 जुलाई को मुंबई पहुंची थी और उसने वानखेड़े स्टेडियम की तैयारियों पर संतुष्टि जताई है। की टीम मेजबानी करने वाले सभी 10 वेन्यू सहित वार्म-अप मैच वाले 2 वेन्यू का भी दौरा करेगी। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अमोल काले ने बताया कि टीम 25 जुलाई को मुंबई में थी। उसने वानखेड़े की तैयारियों पर संतुष्टि जताई है।

# मेजर लीग फाइनल में जगह बनाई, 31 अगस्त को सीटल ओरकास से खिताबी जंग

**किंग्स**। को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस के मालिकाना हक वाली ने मेजर लीग के फाइनल में जगह बना ली। अब टीम 31 अगस्त को सीटल ओरकास के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेगी। रिलायंस ग्रुप की फ्रेंचाइजी है, जिसके पास में मुंबई इंडियंस का मालिकाना हक है। वहीं, ओरकास टीम का मालिकाना हक ठुप के पास है, जिसके पास में दिल्ली कैपिटल्स की टीम है।

**सुपर किंग्स ने 34 रन पर 3 विकेट गंवाए:** अमेरिका के डालास में क्वालिफायर-2 खेला गया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सुपर किंग्स टीम की शुरुआत खराब रही, टीम ने 34 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। फाफ डु प्लेसिस 6, मिचेल सैंटनर 6 और कोडी चेट्टी 14 रन बनाकर आउट हो गए।

# भारत हॉकी टीम ने इंग्लैंड को 1-1 की बराबरी पर रोका

**बार्सिलोना।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने तीसरे मैच में दमदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

सैम वार्ड ने पांचवें मिनट में इंग्लैंड के लिए शुरुआती गोल किया, वहीं भारत ने 29वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह के गोल से वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। शुरुआती झटके के बावजूद भारत ने अगले मिनटों में शानदार वापसी की और लगातार दो पेनाल्टी कार्नर बचाए।

इस बीच, भारतीय फॉरवर्ड लाइन ने अपना आक्रमण जारी रखा,नतीजन उसे 12वें मिनट में एक पेनाल्टी कार्नर मिला मगर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह के खतरनाक खेल के कारण अंपायर ने उनके गोल को अस्वीकार कर दिया।

मैच के दूसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में भारत ने एक और शक्तिशाली हमला किया जब उप कप्तान हार्दिक सिंह ने अपने स्टिक वर्क ने भारतीय प्रशंसकों को गोल की उम्मीद जगा दी मगर यहां भी भारतीयों की कोशिश नाकाम साबित हुयी। भारत को इंग्लैंड की रक्षापंक्ति में सेंध लगाने में काफी मेहनत करनी पड़ी और आखिरकार 29वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करने में सफलता हासिल की। तीसरे क्वार्टर में श्रीजेश की जगह लेने वाले भारत के युवा गोलकीपर पवन ने 35वें मिनट में इंग्लैंड के एक पेनाल्टी कार्नर का खूबसूरती से बचाव किया। भारत को भी अगले मिनटों में कुछ मौके मिले लेकिन वे इसे भुना नहीं सके। स्कोर 1-1 होने के कारण अंतिम क्वार्टर भारत के लिए तनावपूर्ण रहा। भारत को अंतिम मिनटों में गोल करने का सुनहरा मौका मिला मगर यहां भी उसे निराशा हाथ लगी। मैच के ड्रा होने के साथ बार्सिलोना के टेरासा में फाइनल में पहुंचने की भारत की उम्मीद खत्म हो गई। टीम घर वापस जाने से पहले अगला लीग मैच स्पेन बनाम नीदरलैंड की हारने वाली टीम के खिलाफ खेलेगी।

## लक्ष्य की हार के साथ जापान ओपन में भारतीय अभियान खत्म

**टोक्यो, 29 जुलाई।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन शनिवार को जापान ओपन 2023 के सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जॉनथन क्रिस्टी से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। विश्व नंबर नौ क्रिस्टी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में लक्ष्य को 21-15, 13-21, 21-16 से मात दी। दो सप्ताह पहले अमेरिकी ओपन के शीर्ष-चार में हारने वाले लक्ष्य लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में हारे हैं।

पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों ने तेज़ रैलियों का आदान प्रदान किया, हालांकि लक्ष्य पहले ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने में कामयाब रहे। ब्रेक के बाद पांचवीं सीड क्रिस्टी ने वापसी की और 13-12 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने लक्ष्य को आगे आने का मौका नहीं दिया और पहला गेम 21-15 से जीत गये। दूसरे गेम में लक्ष्य ने अधिक धैर्य दिखाया और क्रिस्टी को लंबी रैलियों में उलझाए रखा। लक्ष्य अपने इंडोनेशियाई खिलाड़ी से गलती करवाने में सफल रहे और उन्होंने 6-4 से आगे निकलने के बाद पलटकर नहीं देखा। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन क्रिस्टी 8-6 की बढ़त लेने के बाद लक्ष्य पर दबाव बनाने में सफल रहे।

# लालरेमसियामी ने स्पेन में दिलाई भारत को पहली जीत

**टेरासा,** 29 जुलाई । लालरेमसियामी की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को स्पेन हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन इंग्लैंड पर 3-0 की जीत दर्ज की। लालरेमसियामी ने 13वें, 17वें और 56वें मिनट में भारत के गोल किये। इंग्लैंड (1-1) और स्पेन (2-2) के खिलाफ एक-एक ड्रॉ खेलने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की पहली जीत थी।

भारत ने इस जीत के साथ तीन मैचों में पांच अंक अर्जित कर लिये हैं और वह तालिका में शीर्ष स्थान पर है। इंग्लैंड चार मैचों में चार अंकों के साथ तीसरे जबकि मेजबान स्पेन चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और रविवार को फाइनल में भारत का सामना करेगा।भारत अगर स्पेन को ड्रॉ पर रोक लेता है तो वह 100वीं वर्षगांठ स्पैनिश हॉकी फेडरेशन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का विजेता बन जायेगा। मैच की शुरुआत में भारतीय टीम इंग्लैंड के अर्द्ध में मौके बनाती रही। इंग्लैंड ने भले ही गेंद पर ज्यादा समय कब्ज़ा रखा, लेकिन भारतीय टीम की आक्रामकता काम आयी और लालरेमसियामी ने 13वें मिनट में फील्ड गोल जमाकर भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी और 17वें मिनट में लालरेमसियामी के गोल से बढ़त दोगुनी कर ली। दो गोल के अंतर से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने अपनी आक्रामकता में बढ़ोतरी की। भारतीय डिफेंस हालांकि उसके लिये अभेद्य साबित हुआ और भारत हाफ टाइम तक 2-0 से आगे रहा। सुरक्षित बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम ने गेंद को अपने कब्जे में रखने की योजना बनायी। भारत की यह योजना कारगर साबित हुई और गोलरहित तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड को वापसी करने का मौका नहीं मिला। इंग्लैंड के मिडफील्डरों ने कई बार भारतीय रक्षण को भेदकर गोल तक रास्ता भी बनाया, हालांकि इंग्लिश टीम के फॉरवर्ड खिलाडी इन मौकों का फायदा उठाकर गेंद को नेट तक नहीं पहुंचा सके। इंग्लैंड ने चौथे क्वार्टर में गोल की तलाश में फॉरवर्ड पंक्ति पर अधिक ध्यान दिया और भारत ने इसका फायदा उठाकर अपनी बढ़त तिगुनी कर ली। मैच खत्म होने में जब सिर्फ चार मिनट बचे थे तब लालरेमसियामी ने अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 3-0 की जीत दिलाई।

## स्मिथ के रनआउट डिसिजन पर कंट्रोवर्सी

**दिल्ली।** ऐशेज के पांचवें मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के रन आउट को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है। यह मामला टेस्ट में दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 78वें ओवर के दौरान हुआ। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 78वें ओवर में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स बॉलिंग कर रहे थे। स्मिथ के साथ क्रीज पर कप्तान पैट कमिंस थे। ओवर की तीसरी बॉल पर स्मिथ ने मिडविकेट की तरफ शॉट खेला और 2 रन लेने के लिए दौड़ पडे। इतने में सब्स्टिट्यूट फील्डर जॉर्ज एल्हम ने बॉल को विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो की ओर थ्रो किया। स्मिथ उस समय 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इस जीवनदान के बाद उन्होंने 71 रन की पारी खेली। बेयरस्टो ने बॉल को कलेक्ट करते ही स्टंप्स में मार दिया। थर्ड अम्पायर रिप्ले देखने लगे, जो ग्राउंड में बनी स्क्रीन पर भी दिख रहा था। स्मिथ रिप्ले में खुद को आउट समझकर पवेलियन की तरफ बढ़ने लगे। लेकिन थर्ड अंपायर नितिन मेनन ने कई फ्रेम देखने के बाद बैटर को नॉट आउट करार दे दिया।

## यूनिवर्सिटी खेलों के पहले दिन भारत ने जीते तीन स्वर्ण

**चेंगदु ( चीन ), 29 जुलाई।** भारत ने ग्रीष्मकालीन विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के पहले दिन शनिवार को तीन स्वर्ण पदकों के साथ अपने अभियान का आगाज़ किया।

मनु भाकर, यशस्विनी देसवाल और अभिदन्या पाटिल की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चीन और ईरान को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

इसके बाद भाकर ने महिलाओं की एकल 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता। हंगरी की फैबियन सारा ने रजत पदक जीता जबकि चीनी ताइपे की यू-जू चेन ने कांस्य पदक अर्जित किया।

एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर एयर राइफल में 252.5 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिये तीसरा स्वर्ण जीता। इसके लिये उन्होंने अमेरिका की मैरी टकर को मात्र 2.1 अंकों से पछाड़ा। भारत वर्तमान में स्वर्ण पदक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि चीन दो स्वर्ण और कुल मिलाकर पांच पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। इस बीच, प्रगति और अमन सैनी ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश करके विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारत के लिये एक और तीरंदाजी पदक सुनिश्चित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली।

# जैक क्रॉले का अर्धशतक, इंग्लैंड का स्कोर 130/1

**मुंबई।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया पर ऐशेज सीरीज के 5वें टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में लंच तक एक विकेट के नुकसान पर 130 रन बना लिए हैं। इसके साथ ही अंग्रेजी टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर लंच तक 118 रन की बढ़त बना ली है। ओपनर जैक क्रॉले ने अपना टेस्ट का 10वां अर्धशतक लगाया।

**बेन डकेट 42 रन बनाकर आउट:** तीसरे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम को पहला झटका 79 रन पर लगा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने ओपनर बेन डकेट को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। बेन डकेट 55 गेंदों पर 42 रन बनाकर आउट हुए।

**क्रॉले-स्टोक्स क्रीज पर:** उसके बाद जैक क्रॉले और कैप्टन बेन स्टोक्स ने इंग्लैंड की पारी को लंच तक 130 रन पहुंचा दिया। क्रॉले 73 गेंदों पर 71 रन बनाकर नाबाद हैं। जबकि स्टोक्स 12 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

**दूसरे दिन के खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया की 12 रन की बढ़त:** वही शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कंगारू टीम अपनी पहली पारी में 295 रनों पर ऑलआउट हो गई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड की पहली पारी के आधार पर 12 रन की बढ़त बना लिए थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्मिथ ने 71 रनों की पारी खेली, जबकि ओपनर उस्मान ख्वाजा 47 रन पर आउट हुए। निचले क्रम पर कप्तान पैट कमिंस ने 36 और टॉड मर्फी ने 34 रन का योगदान दिया। वहीं लंदन के द ओवल की



पिच पर इंग्लिश पेसर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। यहां 10 में से 8 विकेट पेसर्स ने चटकाए। दो विकेट पार्ट टाइम स्पिनर जो रूट को मिले। मुकाबले के पहले दिन इंग्लैंड की पहली पारी 283 रन पर सिमट गई। हैरी ब्रूक ने अर्धशतक जमाया। बेन डकेट ने 41 रन, जैक क्रॉले 22 रन और जो रूट ने 5 रन बनाए। मोईन अली ने 34 रन बनाए और हैरी ब्रूक के साथ 111 रन की साझेदारी की। कप्तान बेन स्टोक्स 3 रन ही बना सके। दूसरे छोर पर हैरी ब्रूक डटे रहे और 85 रन की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो 4 रन ही बना सके। बॉलिंग ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने 36 रन स्कोर किए।

## ब्राजील को हराकर ग्रुप-एफ के शीर्ष पर फ्रांस

**ब्रिसबेन, 29 जुलाई।** फ्रांस ने फीफा महिला विश्व कप 2023 में शनिवार को ब्राजील खिलाफ 2-1 की रोमांचक जीत हासिल कर ग्रुप-एफ के शीर्ष में अपनी जगह पक्की कर ली।

सनकोर्प स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में यूजीन ली सॉमर ने 17वें मिनट में गोल जमाकर फ्रांस को बढ़त दिलाई, लेकिन डेबरा क्रिस्टीना डी ओलिवियेरा ने 58वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। इस गलाकाट प्रतियोगिता में वेंडी रेनार्ड (83वां मिनट) का गोल निर्णायक रहा जिसके दम पर फ्रांस ने जीत दर्ज की। पनामा पर अपने शुरुआती मैच में शानदार जीत के बाद ब्राजील आत्मविश्वास से भरा हुआ था, जबकि पिछले मैच में जमैका के साथ ड्रॉ खेलने के बाद फ्रांस को जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद फ्रांस मुकाबले की शुरुआत से ही ब्राज़ील पर हावी रहा।

ली सॉमर ब्राजील की बैकलाइन के लिये लगातार खतरा बनी हुई थीं। कैडिडियाटौ डायनी ने मैच के 17वें मिनट में हेडर मारा जिसे ली सॉमर ने गोल में बदल दिया। पहले हाफ में भले ही फ्रांसीसी महिलाएं हावी रहीं, लेकिन दूसरा हाफ में ब्राजील ने जोरदार वापसी की। डेबरा ने दक्षिण अमेरिकी टीम के आक्रामक खेल को भुनाते हुए 58वें मिनट में अपना पहला महिला विश्व कप गोल दागकर ब्राजील के लिये स्कोर बराबर कर दिया।

# टी20 विश्व कप 2024 हो सकता है जून में आयोजित

**लॉडरहिल, 29 जुलाई।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन अगले साल चार से 30 जून के बीच हो सकता है।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एक टीम ने अमेरिका में कुछ आयोजन-स्थलों की सूची तैयार की है। इस सूची में फ्लोरिडा के शहर लॉडरहिल का नाम भी शामिल है जो इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेज़बानी कर चुका है। अगले महीने यह शहर भारत और वेस्ट इंडीज के बीच दो टी20 मैचों की मेज़बानी भी करेगा।

इसके अलावा आईसीसी की टीम ने बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लिये मॉरिसविल, डैलस और न्यूयॉर्क में भी मैदानों का जायज़ा लिया है। मॉरिसविल और डैलस वर्तमान में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के पहले सीज़न की मेज़बानी कर रहे हैं। मॉरिसविल, डैलस और न्यूयॉर्क में स्थित मैदानों को अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का दर्जा नहीं मिला है, जो आईसीसी के नियमों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने के लिये अनिवार्य है। आईसीसी अगले कुछ महीनों में क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) और अमेरिका क्रिकेट (यूएसएसी) के साथ मिलकर इन तीनों शहरों पर अंतिम निर्णय ले सकता है। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह आयरलैंड, स्कॉटलैंड और पापुआ न्यू गिनी ने आईसीसी द्वारा निर्धारित क्षेत्रीय क्वालीफायर के माध्यम से 20 टीमों के टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया। पीएनजी जहां पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर में शीर्ष पर रहा, वहीं आयरलैंड और स्कॉटलैंड यूरोप क्षेत्र क्वालीफायर में शीर्ष दो स्थानों पर रहे। अमेरिका, अफ्रीका और एशिया से क्वालीफायर आने वाले महीनों में निर्धारित किये जाएंगे। क्षेत्रीय क्वालीफायर से पहले ही 12 टीमें टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई कर चुकी थीं, जिनमें मेजबान वेस्टइंडीज और अमेरिका के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 2022 टी20 विश्व कप की शीर्ष आठ टीमें शामिल थीं। अफगानिस्तान और बंगलादेश ने टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपने स्थानों के आधार पर क्वालीफाई किया। टी20 विश्व कप 2024 आईसीसी के 2024-31 के अगले चक्र में पुरुषों के आठ वैश्विक आयोजनों में से पहला टूर्नामेंट है। अमेरिका को सह-मेजबान के रूप में नियुक्त करने का निर्णय आईसीसी के दोहरे लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।



करीब दो दशक बाद जयपुर के कानोता बांध पर पानी की चादर चली।

# एन.डी.ए. को 318 सीटों के साथ बहुमत के आसार बताये जा रहे हैं

नई दिल्ली, 29 जुलाई। अगर देश भर में अभी लोकसभा चुनाव कराए गए, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. गठबंधन को 318 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिल सकता है। इंडिया टीवी-सीएनएक्स ओपिनियन पोल के नतीजे आज शाम इंडिया टीवी चैनल पर प्रसारित किए गए। ओपिनियन पोल के अनुमान के मुताबिक, कुल 543 लोकसभा सीटों में से एनडीए को 318 और विपक्ष के गबबंधन "इण्डिया" को 175 और अन्य को 50 सीटें मिल सकती हैं। अन्य में कई क्षेत्रीय पार्टियां और निर्दलीय शामिल हैं।

ओपिनियन पोल के आकलन में बताया गया है कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा की सीटें लोकसभा में 303 से घट कर 290 तक आ सकती हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की सीटें 52 से बढकर 66 तक पहुंच सकती हैं। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की सीटें 22 से बढ़कर 29 तक पहुंच सकती है और यह सदन में तीसरी बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है। दूसरी तरफ, आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ वाई.एस.आर. कांग्रेस की सीटें 22 से घट कर 18 तक आ सकती हैं।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पास इस वक्त 6 सीटें हैं, जो बढ़कर 11 तक पहुंच सकती हैं, जबकि अरविन्द केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सीटें एक से बढ़कर दस तक पहुंच सकती है। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल की सीटों की संख्या 12 से बढ़कर 13 तक पहुंच सकती है, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे की शिवसेना की सीट संख्या 12 से घटकर दो पर आ सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे बड़ी जीत उत्तर प्रदेश में मिल सकती है। यहां कुल 80 लोकसभा सीटों में से 73 सीटों पर एनडीए की जीत हो सकती है, जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन को बाकी सात सीटें मिल सकती है।

## राजधानी में बीते...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

क्षमता वाले इस बांध में 13.78 क्यूसैक पानी की मात्रा उपलब्ध है। ढूंढ नदी में लगातार पानी की आवक से बस्सी और चाकसू इलाके के लगभग एक दर्जन गांवों को फायदा होगा। मौसम विभाग ने जयपुर में ऑरैन्ज अलर्ट जारी करते हुए भारी बारिश की संभावना जताई है। जबकि अजमेर, उदयपुर, जालौर, बाड़मेर, सीकर, चूरू, पाली और राजसमंद में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों, जैसे भरतपुर व जयपुर कोटा संभाग के कुछ भागों में मानसून सक्रिय रहने और बारिश जारी रहने की संभावना है। जयपुर कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम 5 बजे से शनिवार सुबह 8 बजे तक 158 मि.मी. बारिश दर्ज की गई। इसके बाद शनिवार शाम 5 बजे तक 45 मि.मी. और दर्ज की गई। ऐसे में शुक्रवार शाम 5 बजे से शनिवार शाम 5 बजे तक जयपुर शहर में करीब (203 मि.मी.) यानि की 8 इंच बारिश दर्ज हुई।

## वसुंधरा राजे भाजपा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किए। इनमें से कई निवर्तमान में पदाधिकारी हैं। उपाध्यक्ष्ज्ञ पद पर नियुक्त होने वालों में हैं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, छत्तीसगढ़ से सांसद सरोज पाण्डे और लता उसेन्दी, उत्तर प्रदेश से सांसद रेखा वर्मा, लक्ष्मीकांत बाजपेयी और विधान परिषद के सदस्य तारिक़ मंसूर, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, मध्य प्रदेश से सौदान सिंह, झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास, ओडिशा के पूर्व सांसद बैजयंत पांडा और तेलंगाना से डी.के. अरूणा। अरूण सिंह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय के प्रभारी पद पर बने हुए हैं। मध्य प्रदेश के कैलाश विजयवर्गीय, दिल्ली के दुष्यंत कुमार गौतम, पंजाब के तरूण चुग, राजस्थान के सुनील बंसल, महाराष्ट्र के विनोद तावडे, उत्तर प्रदेश के सांसद राधामोहन अग्रवाल और तेलंगाना से सांसद संजय बांदी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए हैं।

## 'इण्डिया का इक्कीस....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की सुष्मिता देव ने कहा, "सरकार असफल रही है, इसलिए हम वहाँ जाकर यह देखना चाहते हैं कि स्थिति का क्या समाधान हो सकता है। आर.जे.डी. के मनोज झा ने कहा, "मणिपुर की कहानी, सुनी जानी चाहिए" तथा प्रतिनिधिमंडल "मणिपुर के लोगों की बात सुनने तथा उनकी स्थिति को समझने की कोशिश कर रहा है।"

इस महीने जब से संसद का मानसून सत्र शुरु हुआ है, मणिपुर मुद्दे को लेकर संसद ठप हो गई है। विपक्षी सांसद माँग कर रहे हैं कि इस मुद्दे पर लम्बी चर्चा हो तथा प्रधानमंत्री संसद में बयान दें। लेकिन केन्द्र इस बात पर अड़ा हुआ है कि विपक्ष को जवाब देने का काम गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। सरकार, कांग्रेस द्वारा संसद में पेश किये गये अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने के पूरी तरह तैयार है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस प्रस्ताव को स्वीकार तो कर लिया है लेकिन इसकी तारीख तय अभी नहीं हुई है।

विपक्षी प्रतिनिधिमंडल के मणिपुर के इस दौर से ठीक एक महीने पहले 29-30 जून को कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य के दौरे पर गये थे। उनके दौरे के पहले दिन उनका काफिला रोक दिया गया था तथा वे राज्य की राजधानी इम्फाल से हेलिकॉप्टर के जरिये हिंसा-पीड़ित जिले चुरचाँदपुर गये थे। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, जिन्होंने अपने इस्तीफे की माँग के आगे झुकने से साफ इंकार कर दिया है, की सरकार ने इस माह के अंत में या अगस्त के आरंभ में विधानसभा का सत्र आहूत करने का निर्णय लिया है। 3 मई जिस दिन हिंसा शुरु हुई थी, से लेकर अब तक कम से कम 200 लोग मारे जा चुके हैं। तथा करीब 60,00 लोग विस्थापित कर दिये हैं।

## भाजपा ने मुस्लिम कार्ड खेला: अलीगढ़ मुस्लिम...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शहज़ादे दाराशिकोह की शांतिपूर्ण हिन्दू-मुस्लिम सह अस्तित्व संबंधी उपदेशों को आगे बढ़ाया जाना था। दाशिकोह की शांतिपूर्ण हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व की सोच, उनके भाई मुगल बादशाह औरंजेब की कार्यशैली के ठीक उलट थी। यह नियुक्ति उस दिन हुई है, जिस दिन गृह मंत्री अमित शाह पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पर लिखी गई एक पुस्तक का विमोचन करने के लिए तमिलनाडु के रामेश्वरम नगर में हैं। अब्दुल कलाम पार्टी की पसंमदा पहुँच के प्रशंसकों में से एक थे।

आर.एस.एस. की अनुशंसा पर, भाजपा ने मुस्लिम समुदाय को अभिजात्य मुस्लिम वर्ग तथा कमजोर मुस्लिम वर्ग में विभाजित करने का निर्णय लिया है। कमजोर मुस्लिम वर्ग को मुस्लिम समुदाय की पसमन्दा श्रेणी के रूप में जाना जाता है।

संघ की सिफारिशों की पालना करते हुये, भाजपा अपने "अल्पसंख्यक मोर्चा" की मीटिंगों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के पसमन्दा वर्ग तक अपनी पहुँच बनाने में लगी है। ये मीटिंग पसमन्दा मुस्लिमों पर केन्द्रित होती है। इस वर्ग में दलित तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के मुस्लिम शामिल हैं। मंसूर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिये चुन लिये गये थे। वे ऐसे चौथे मुस्लिम हैं जो पिछले कुछ वर्षों में इस पद के लिये चयनित किये गये हैं।

तारिक मंसूर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में मुस्लिमों की आबादी 19 प्रतिशत है तथा कम से कम 30 लोकसभा सीटों, जिनमें से 15-20 सीटों के नतीजे तय करने में उनकी प्रमुख भूमिका होती है, पर उनकी अच्छी-खासी मौजूदगी है।

आर.एस.एस. के एक पदाधिकारी के अनुसार, मसूर ने दाराशिकोह पर अपने कार्य के द्वारा संघ-नेतृत्व को काफी प्रभावित किया। उन्होंने ए.एम.यू. के फारसी विभाग का प्रभावी उपयोग करते हुये, अन्तधार्मिक संवाद से संबंधित दाराशिकोह के कई ग्रंथों को का अनुवाद कराया था तथा शिकोह को मुस्लिमों के आदर्श के रूप में प्रोजैक्ट किया था। उन्होंने दाराशिकोह तथा उनकी पुस्तकों पर सेमीनार एवं कॉन्फ्रैंस भी आयोजित की थीं।

मंसूर, जो वस्तुतः एक सर्जन हैं, ए.एम.यू. से 1970 के दशक से ही जुड़े हुये हैं, जब उन्होंने यूनिवर्सिटी के जे.एन. मैडिकल कॉलेज से एम.बी.बी.एस. किया था। इसके बाद, उन्होंने इसी कॉलेज से 1982 में मास्टर ऑफ सर्जरी (एम.एस.) की डिग्री ली थी। पसमन्दा मुस्लिमों पर भाजपा के फोकस, जो प्रभाव के रूप में काफी महत्वपूर्ण है, आर.एस.एस. विशेष रूप से शिक्षा से जुड़े मुस्लिमों से सम्पर्क बना रही है। आर.एस.एस. अल्पसंख्यक चर्चा में अंतर लाने के लिए, चिकित्सा कानून तथा प्रशासन के क्षेत्र में काम कर रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों तक अपनी पहुँच बना रही है।

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि मंसूर "राष्ट्रवादी मुस्लिम" हैं तथा उन्होंने सदैव ही "पहले राष्ट्र" के आदर्श को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा "मुस्लिम समुदाय की खामियों की उनकी समझ उतनी ही गहरी है, जितना उनका देश एवं इतिहास का ज्ञान। ए.एम.यू. के विद्यार्थियों को सही रास्ते पर ले गये हैं तथा उन्हें गुमराह होने से रोका है। उनकी नियुक्ति पार्टी क विस्तार में मदद मिलेगी।"

2017 के बाद, वे मुस्लिम समुदाय के ऐसे चौथे व्यक्ति हैं, जिन्हें पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भेजा है। उनके अलावा बुक्कल नवाब, मोहसिन रज़ा तथा दानिश आज़ाद अंसारी विधान परिषद सदस्य बनाये थे। जब ए.एम.यू. में सिटिजनशिप अमेंडमैन्ट एक्ट (सी.ए.ए.) का विरोध हुआ था तथा उन्होंने 2020 में नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स (एन.आर.सी.) प्रस्तावित किया था। जब पुलिस कथित रूप से विश्वविद्यालय में जबरदस्ती घुस गई थी तो उनकी आलोचना करते हुये कहा गया था कि वे "विद्यार्थियों के साथ नहीं खड़े हैं" तथा उनका रूख दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिक के वाइस चांसलर के ठीक विपरीत है, जो विद्यार्थियों के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। किन्तु मंसूर ने सदैव यही कहा है कि उन्होंने सदैव अपना सर्वोत्तम देने की कोशिश की है तथा पहचान के मुद्दे पर सामाजिक-आर्थिक न्याय एवं कल्याण की महत्ता के बारे में ही बात की है। यू.पी. के. एक भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि "मंसूर मुस्लिम राजनीति के गढ़ अलीगढ़ से हैं और एक शिक्षित मध्यम वर्गीय परिवार के हैं। उनके परिवार के कुछ लोग डॉक्टर व वकील हैं। हम देश को आगे ले जाने के लिए इस प्रकार के मुस्लिमों के साथ काम करना चाहते हैं। खालिद अनीस अंसारी अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर है। वह पिछले कई वर्षों से अपने समुदाय के मुद्दों को सक्रिय रूप से उठाते रहे हैं। उन्होंने अक्सर यह उल्लेख किया है कि भारतीय मुस्लिम भी जातिगत ऊंच-नीच के शिकार हैं और तीन मुख्य वर्गों व कई सौ बिरादियों में विभाजित हैं।

"अशरफ़" मुस्लिम या धर्म परिवर्तित ऊंची जाति के लोग शीर्ष पर हैं, जैसे कि सैयद, शेख, मुगल, पठान आदि। सैयद बिरादरी सर्वाधिक आदर प्राप्त है। अशरफ़ मुस्लिम्स के प्रभुत्व के खिलाफ नीचे दर्जे के मुस्लिम्स-अजलाफ (पिछड़े) व अर्ज़ाल (दलित) के नेतृत्व में आंदोलन चले हैं। इन्हें पसमन्दा के नाम से जाना जाता है।

भाजपा इसी समुदाय को रिझाने की कोशिश करती रही है। देश में मुस्लिमों की कुल आबादी का 15 प्रतिशत ही ऊंची जातियों से है, जबकि शेष प्रायः पसमन्दा मुस्लिम हैं। भाजपा ने पसमन्दा मुस्लिमों तक अपनी पहुंच बनाने को लेकर आगामी दिनों में एक विशाल स्नेह यात्रा निकालने की योजना बनाई है। हालांकि, मुस्लिम बुद्धिजीवियों और विपक्षी पार्टियों ने कहा कि भाजपा का प्रयास मुस्लिम समुदाय में विभाजन पैदा करना है और हेट क्राइन्स या आर्थिक बहिष्कार के पीड़ित मुस्लिम पसमन्द ही हैं।

## शिव काशी पटाखा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**


की जान चली गई। इस घटना ने उस सदैव मौजूद चुनौती को उजागर कर दिया है, जो दक्षिण-तमिलनाडु के विरूधुनगर जिले के हर गली-नुक्कड़ पर लाइसैंस के बिना चल रहे पटाखा कारखानों से मिल रही है।

शनिवार दोपहर एक पटाखा फैक्ट्री में तब आग लग गई जब वाहन से पटाखे उतारे जा रहे थे। इसमें आठ जनों की मौत हो गई। मृतकों में कुछ रोगी शामिल हैं, जो पास ही स्थित एक पैथ लैब में अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे, क्योंकि इस सैन्टर भी आग की चपेट में आ गया था। जिला कलैक्टर ए. सिवागणनम ने घटना स्थल की प्राथमिक जांच और अपने स्वयं के आकलन के आधार पर बताया कि मौतें अत्यधिक धुंआ की वजह से दम घुटने से हुईं, ना कि किसी विस्फोट के कारण।

घटना का कारण पटाखे उतार रहे मजदूरों द्वारा पटाखों के साथ छेड़छाड़ करना हो सकता है। बताया जाता है कि यह एक लॉयसैंस प्राप्त पटाखा फैक्ट्री है, जहां सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाते हैं। कुछ हफ्ते पहले ही शिवकाशी के निकट एक पटाखा फैक्ट्री में दो महिलाकर्मी एक अग्निकाण्ड में मर गई थीं। माना जाता है कि उस अग्निकाण्ड का कारण कैमिकल्स के साथ काम करने के दौरान रगड़ लगना था।

## केन्द्रीय मंत्रालय के 4 वरिष्ठ अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

नई दिल्ली, 29 जुलाई। सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने शनिवार को तीन लाख रुपये की रिश्वत के मामले में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (सैन्ट्रल मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स/ एम.ओ.सी.ए.) के तीन अधिकारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 60 लाख रुपये कैश बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमओसीए) में महानिदेशक के कार्यालय में तैनात दो अधिकारी, नई दिल्ली में मंत्रालय कार्यालय में संयुक्त निदेशक और वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर तैनात हैं। इनके साथ ही एम.ओ.सी.ए. के एक अन्य संयुक्त निदेशक, जो वर्तमान में चेन्नई में कॉर्पोरेट भवन में आधिकारिक परिसमापक के रूप में तैनात हैं, को भी मुंबई स्थित निजी कंपनी, आलोक इंडस्ट्रीज के एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया गया था। आरोपों से पता चलता है कि ये लोक सेवक भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों में लिप्त थे और एक केस में एक शख्स से रिश्वत ले रहे थे। रिश्वतखोरी एक निजी कंपनी की अवैध और अनैतिक व्यापार प्रथाओं में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा चल रही जांच से संबंधित फाइलों से संबंधित थी। आरोपी अधिकारियों के खिलाफ 28 जुलाई को दायर एक शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने जाल बिछाया और संयुक्त निदेशक को रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908